राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 223
लखनऊ, गुरुवार 16 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सांसद व डीएम ने 149 अभ्यर्थियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र 10

अधिनियम समता, समानता व नारी के सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण : जयवीर 03


### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,500/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,42,550/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,660/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,70,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### पंजीकरण शुरू होते ही उमड़ी भीड़, बाबा बर्फानी के दर्शन को उत्सुक श्रद्धालु



**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण बुधवार से शुरू हो गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां लगाए गए काउंटर्स पर उमड़ पड़े। अग्रिम पंजीकरण ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा रहा है। यह 57 दिनों तक चलने वाली यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और रक्षाबंधन के दिन 28 अगस्त को समाप्त होगी। यह यात्रा दो मार्गों से संचालित होगी, जिसमें अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर का छोटा लेकिन कठिन बालटाल मार्ग शामिल हैं।

### वेदांता पावर प्लांट में मृतकों की संख्या हुई 17

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिला स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए भीषण हादसे में मरने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर 17 हो गयी है। प्रशासन ने सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र के सिंघीतराई स्थित पावर प्लांट में मंगलवार को बॉयलर में हुए विस्फोट में मारे गये लोगों की पहचान कर उनकी सूची जारी कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में पांच पश्चिम बंगाल, तीन झारखंड, दो बिहार, दो उत्तर प्रदेश, और पांच छत्तीसगढ़ (तीन सक्ती, एक जांजगीर और एक रायगढ़ जिले) के निवासी हैं। मृतकों के नाम रितेश कुमार, अमृत लाल पटेल, ठंडाराम लहरे, तरुण कुमार ओझा, अक़ीब खान, सुशांता जाना, अब्दुल करीम, उदब सिंह यादव, शेख सैफुदिन, पप्पू कुमार, अशोक परहिया, मानस गिरी, बृजेश कुमार, रामेश्वर महिलांगे, कार्तिक महतो, नदीम मन्सारी ,और शिबनाथ मुर्बु हैं।

### राघव चड्ढा को केंद्र ने दी जेड श्रेणी सुरक्षा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सूत्रों के अनुसार खुफिया ब्यूरो (आईबी) की खतरे की आशंका को लेकर दी गई रिपोर्ट के आधार पर राघव चड्ढा को यह सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्हें दिल्ली और पंजाब में अर्धसैनिक बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा पर संसद में पंजाब से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में विफल रहने का आरोप लगाया था। आप ने कहा था कि उनकी निष्क्रियता पार्टी के सिद्धांतों के विरुद्ध है।

# फैक्ट्रियों में बाहरी तत्वों का दखल बर्दाश्त नहीं : योगी

- मुख्यमंत्री ने लखनऊ में टाटा मोटर्स के 34 साल के सफर को गौरवपूर्ण यात्रा बताया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फैक्ट्रियों के कामकाज में किसी भी बाहरी तत्व को दखल देने की अनुमति नहीं देने की सलाह देते हुए बुधवार को कहा कि इस तरह के हस्तक्षेप से शांति और प्रगति में बाधा आ सकती है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लखनऊ स्थित टाटा मोटर्स के संयंत्र से 10 लाखवीं गाड़ी को हरी झंडी दिखाने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी नोएडा में वेतन वृद्धि को लेकर बड़े पैमाने पर हुई हिंसा और आगजनी के दो दिन बाद की है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में टाटा मोटर्स के 34 साल के सफर एक गौरवपूर्ण यात्रा बताया। उन्होंने कंपनी के शीर्ष अधिकारियों और कर्मचारियों तथा दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी परिस्थिति में हमारी फैक्ट्रियों या समूहों के आंतरिक मामलों में किसी भी बाहरी तत्व को दखल देने की इजाजत न मिले। बिगाड़ने वाले बहुत आएंगे, बनाने वाले कम मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर राज्य और समाज आगे बढ़ना चाहते हैं, तो लोगों में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें उन संस्थानों और संगठनों का आभारी रहना चाहिए जो रोजगार के अवसर, बच्चों की शिक्षा और युवाओं के विकास के मौके मुहैया कराते हैं और ऐसा करके वे लोगों की जिंदगी संवारने और युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। टाटा समूह के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि इस कम्पनी ने हजारों परिवारों को रोजी-रोटी कमाने में मदद की है और उनके बच्चों की शिक्षा और प्रगति में सहयोग दिया है। आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसे संस्थानों की वजह से ही युवा अपना करियर बना पाते हैं, समाज में सम्मान पाते हैं और अपनी पहचान बनाए रख पाते हैं। उन्होंने कहा कि कृतज्ञता का यह भाव इसलिए जरूरी है क्योंकि यह व्यक्तियों और समाज, दोनों को मजबूत बनाता है और लंबे समय तक चलने वाले विकास और भरोसे को बनाए रखने में मदद करता है।

### मजदूरों-कर्मचारियों के लिए गठित होगा नया वेज बोर्ड

योगी सरकार ने अगले माह प्रदेश में नए वेज बोर्ड के गठन का ऐलान किया है। यह फैसला नोएडा की फैक्ट्रियों में हुए बवाल के बाद भेजी गई हाईपावर कमेटी की सिफारिश पर किया गया है। वेज बोर्ड ही न्यूनतम मजदूरी की मूल दरों का निर्धारण करता है। बोर्ड का गठन न होने के कारण 2014 से मूल वेतन पर केवल महंगाई भत्ता ही बढ़ता रहा है। प्रदेश सरकार ने नये वेज कोड को ध्यान में रखकर ही प्रदेश में बढ़ी हुई अंतरिम मजदूरी की घोषणा की है। प्रदेश में 12 साल बाद वेज बोर्ड के गठन से कामगारों को बड़ी राहत मिलेगी।

### श्रमिक आंदोलन भड़काने में मजदूर बिगुल दस्ता का हाथ, संगठन का मुखिया गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में श्रमिकों के आंदोलन को हिंसक बनाने में 'मजदूर बिगुल दस्ता' नाम के एक संगठन का हाथ सामने आया है। नोएडा पुलिस ने केस दर्ज कर संगठन के मुखिया रूपेश राय और कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बुधवार की शाम को बताया कि नोएडा के श्रमिकों के आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को भड़काने और माहौल खराब करने में नोएडा पुलिस ने 'मजदूर बिगुल दस्ता' नामक संगठन के मुखिया रूपेश राय और कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। संगठन से जुड़े कई अन्य लोगों को भी पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अब तक 17 वॉट्सएप ग्रुप्स की पहचान भी की है, जिनके जरिए आंदोलन को हिंसक बनाने के लिए भड़काया गया। इससे पहले मंगलवार को पुलिस कमिश्नर ने मीडिया को बताया था कि कुछ वॉट्सएप ग्रुप और क्यूआर कोड के जरिए इसमें लोगों को जोड़कर उन्हें भड़काया गया। पुलिस इन ग्रुप्स को क्रिएट करने वालों और श्रमिकों को भड़काने वालों के खिलाफ एक्शन तेज कर दिया है। हिंसा में शामिल रहे लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने 300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

# पीएम मोदी ने विकसित भारत 2047 के लिए पेश किये नौ संकल्प

**बेंगलुरु, समृद्धि न्यूज़।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विकसित भारत के लिए नौ संकल्प लेने का अनुरोध किया और कहा कि यदि हम सभी इन नौ संकल्पों पर ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो हम विकसित भारत 2047 बनाने की यात्रा में तेजी ला सकते हैं। प्रधानमंत्री ने मांड्या जिले के आदिचुंचनगिरि मठ में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्रीय सीमाओं से परे है और सामूहिक भागीदारी एवं जीवनशैली में बदलाव के लिए राष्ट्रव्यापी आह्वान का प्रतिनिधित्व करती है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों की व्यक्तिगत आदतें और दैनिक विकल्प देश के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा, यदि हम सभी इन नौ संकल्पों पर ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो हम विकसित कर्नाटक और विकसित भारत की ओर प्रगति को तेज कर सकते हैं। विकास को केवल सरकार संचालित प्रयास के बजाय जन-आंदोलन के रूप में प्रस्तुत करते हुए प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि परिवर्तन की शुरुआत रोजमर्रा के व्यवहार के स्तर से होनी चाहिए।

उन्होंने नदी प्रणालियों पर निर्भर क्षेत्रों में जल संरक्षण को प्रमुख प्राथमिकता बताया, और नागरिकों से सामूहिक प्रतिज्ञा लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आइए हम सब जल संरक्षण और इसके बेहतर प्रबंधन का संकल्प लें। पर्यावरण स्थिरता पर प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण का आह्वान किया। उन्होंने कहा, आइए हम अपनी माताओं के सम्मान में पेड़ लगाएं और धरती मां की रक्षा करें। स्वच्छता को नागरिक कर्तव्य बताते हुए उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों, गांवों और शहरों में साफ-सफाई बनाये रखना साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, चाहे वह धार्मिक स्थल हो, सार्वजनिक स्थान हो, गांव हो या शहर, स्वच्छता बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आर्थिक आत्मनिर्भरता के संबंध में, प्रधानमंत्री ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और भारतीय उद्योगों को समर्थन देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने वोकल फॉर लोकल दृष्टिकोण को आर्थिक सशक्तीकरण के आधार बताते हुए कहा, आइए हम भारतीय उत्पादों को अपनाएं और अपने उद्योगों को मजबूत करें। उन्होंने राष्ट्रीय जागरूकता और सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देते हुए नागरिकों से देश भर में यात्रा करने और इसकी विविधता को जानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आइए हम पूरे भारत की यात्रा करें और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दें। उन्होंने आगे कहा कि लोगों के बीच बेहतर जुड़ाव राष्ट्रीय एकता को मजबूत करेगा और सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को गति देगा।

### नागरिकों से तेल की खपत में 10 फीसदी की कमी का आग्रह

प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य और पोषण पर मोटे अनाज को अपने आहार में शामिल करने पर जोर देते इस बात पर चिंता व्यक्त की कि बढ़ता मोटापा बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बन गयी है। इसके साथ ही नागरिकों से तेल की खपत में 10 फीसदी की कमी का आग्रह किया। कृषि को लेकर उन्होंने किसानों से कहा कि आइए हम रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें। उन्होंने शारीरिक फिटनेस पर और जोर देते हुए कहा, योग, खेल और फिटनेस हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल को राष्ट्रीय प्राथमिकता में स्थापित किये जाने की बात कही। इस मौके पर उन्होंने जनसेवा की मजबूत भावना का आह्वान करते हुए कहा, जरूरतमंदों की सेवा समाज को मजबूत करती है और जीवन को बड़ा उद्देश्य देती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नौ संकल्प एक व्यापक जन-भागीदारी वाले शासन मॉडल का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां नागरिक स्तर पर व्यवहारिक परिवर्तन सामूहिक रूप से राष्ट्रीय परिवर्तन ला सकता है।

# सम्राट चौधरी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

- बिहार में सम्राट युग शुरू
- जेडीयू के दो नेताओं को मिला डिप्टी सीएम का पद

**एजेंसी, पटना।**



बिहार की सियासी पिच पर बड़ा बदलाव आ गया है। बुधवार 15 अप्रैल 2026 को भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस तरह सम्राट चौधरी बिहार में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से दो नेताओं को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। बिजेंद्र यादव और विजय कुमार चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सम्राट चौधरी को मंगलवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। इसके बाद उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। शपथ लेने से पहले उन्होंने पटना के पंचरूप हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर लोक भवन पहुंचकर औपचारिक रूप से पदभार संभाला। कार्यक्रम में भाजपा और जदयू समेत पूरे एनडीए के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से बधाई का सिलसिला शुरू हो गया है।

नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने बिहार की जनता के लिए लंबे समय तक काम किया है और अब नई सरकार को पूरा सहयोग और मार्गदर्शन देंगे। बिहार विधानसभा में राजग गठबंधन के कुल 202 सदस्य हैं। सम्राट चौधरी की इस नियुक्ति को बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है।

### मोदी-नीतीश मॉडल पर ही चलेगा बिहार : सम्राट चौधरी

बिहार के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि राज्य का शासन मोदी-नीतीश मॉडल पर ही आगे भी चलता रहेगा। चौधरी ने कहा, मैं तुरंत राज्य की समृद्धि के लिए काम शुरू करूंगा। यह स्पष्ट रहना चाहिए कि बिहार मोदी-नीतीश मॉडल पर ही शासित होता रहेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने विश्वास जताया कि राज्य तेजी से प्रगति करेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान देगा। राज्यसभा सांसद बन चुके नीतीश कुमार ने एक्स पर चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास करेगा और देश के सबसे विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

### एआई जागरूकता पर गिनीज बुक में दर्ज हुआ गोरखपुर का नाम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई जागरूकता पर गोरखपुर का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में तैयार किए गए 'एआई फॉर ऑल' अवेयरनेस प्रोग्राम ने एक सप्ताह की समय सीमा में 764187 ऑनलाइन पंजीकरण का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। एमपीआईटी महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी ने टीसीएस टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेजऔर अन्य संस्थानों के सहयोग से इस प्रोग्राम को शुरू किया है। बुधवार को गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ऋषि नाथ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को इस प्रोग्राम के तहत पंजीकरण का विश्व कीर्तिमान रचे जाने का प्रमाण पत्र सौंपा। यह प्रमाण पत्र एमपीआईटी में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लोकार्पण समारोह के मंच पर सौंपा गया।

# ईरान के साथ युद्ध समाप्त होने के करीब : ट्रंप

**एजेंसी, वाशिंगटन।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि ईरान के साथ संघर्ष समाप्त होने के करीब है। उन्होंने एक संभावित कूटनीतिक सफलता का संकेत भी दिया है।

श्री ट्रंप ने संकेत दिया कि रुकी हुई बातचीत पाकिस्तान में कुछ ही दिनों में फिर से शुरू हो सकती है, जिससे युद्धविराम समाप्त होने से पहले किसी समझौते की उम्मीद जगी है। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था पर अपनी पकड़ काफी सख्त कर दी है। सेना ने पुष्टि की है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से घेराबंदी लागू करते हुए ईरानी समुद्री व्यापार को प्रभावी ढंग से बंद कर दिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के प्रमुख ब्रैड कूपर ने कहा कि इस अभियान ने 36 घंटों से भी कम समय में ईरान की व्यापारिक जीवन रेखा को पंगु बना दिया है। ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी पूरी तरह से लागू कर दी गई है। ईरान की लगभग 90 प्रतिशत अर्थव्यवस्था समुद्री व्यापार पर निर्भर है, जो अब प्रभावी रूप से ठप हो गई है। शक्ति प्रदर्शन के बावजूद मुख्य गतिरोध अभी भी बने हुए हैं। अमेरिका ईरान के यूरेनियम संवर्धन को तत्काल रोकने और प्रमुख परमाणु केंद्रों को नष्ट करने की मांग कर रहा है। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की भी मांग कर रहा है। हालांकि, दोनों पक्षों द्वारा समझौते पर सहमति नहीं बन पाने के कारण 10 अप्रैल को हुई पहले दौर की बातचीत के बाद मुख्य मुद्दे अनसुलझे रह गए हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दोनों पक्षों के बीच गहरी अविश्वास की भावना को स्वीकार किया लेकिन एक सतर्क आशावादी रुख भी अपनाया। उन्होंने कहा, आप इस समस्या को रातों-रात हल नहीं करने जा रहे हैं। श्री वेंस ने हालांकि यह भी जोड़ा कि ईरानी वार्ताकार समझौता करने के इच्छुक दिख रहे हैं।

### कक्षा 10 की दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए 20 अप्रैल तक जमा करना होगा एलओसी : सीबीएसई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए छात्रों की सूची (एलओसी) जमा करने और परीक्षा शुल्क भुगतान का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। बोर्ड ने इस संबंध में सभी संबद्ध स्कूलों के प्राचार्यों एवं प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड के अनुसार परीक्षा शुल्क भुगतान का पहला चरण 16 से 20 अप्रैल तक रहेगा। इसी अवधि में छात्रों की सूची जमा करने और शुल्क भुगतान का दूसरा चरण भी आयोजित किया जाएगा। विलंब शुल्क के साथ तीसरे चरण में एलओसी जमा करने और शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 21 से 22 अप्रैल निर्धारित की गई है।

# गुरुग्राम जमीन घोटाले में बढ़ी रॉबर्ट वाड्रा की मुश्किलें

- कोर्ट ने 9 आरोपियों को भेजा समन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



गुरुग्राम स्थित शिकोहपुर जमीन घोटाले मामले में मनी लॉन्ड्रिंग केस में रॉबर्ट वाड्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने रॉबर्ट वाड्रा सहित 9 अन्य लोगों के खिलाफ दायर चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए उन्हें समन जारी किया है। 16 मई को वाड्रा समेत 9 आरोपियों को कोर्ट मे पेश होने का आदेश मिला है।

जमीन घोटाले मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में वाड्रा के वकील ने कोर्ट से कहा था कि ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान नही लेना चाहिए। उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है। ईडी ने 17 जुलाई 2025 को रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ हरियाणा के शिकोहपुर भूमि से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति वाड्रा के खिलाफ पिछले साल जुलाई में चार्जशीट दाखिल की थी। यह पहली बार था जब किसी जांच एजेंसी ने 57 वर्षीय वाड्रा के खिलाफ किसी आपराधिक मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इससे पहले अप्रैल 2025 में ईडी ने वाड्रा से लगातार तीन दिनों तक पूछताछ की थी। वाड्रा के खिलाफ यह जांच हरियाणा के गुरुग्राम जिले के मानेसर-शिकोहपुर (अब सेक्टर 83) में एक जमीन सौदे से जुड़ी है। यह सौदा फरवरी 2008 में स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक कंपनी द्वारा किया गया था, जिसमें वाड्रा पहले निदेशक थे। इस सौदे के तहत, कंपनी ने शिकोहपुर में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 3.5 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी थी। उस समय हरियाणा में भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार थी।

# धनंजय सिंह पर फायरिंग केस में एमएलए अभय सिंह बरी, 24 साल बाद आया फैसला

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज़।**



24 साल पुराने टकसाल सिनेमा कांड में कोर्ट ने आज अपना फैसला सुना दिया है, जिसमें बाहुबली धनंजय सिंह को बड़ा झटका लगा है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने अभय सिंह, मिर्जापुर के एमएलसी विनीत सिंह समेत सभी 6 आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने आरोप साबित न होने पर संदेह का लाभ देते हुए आरोपित विधायक अभय सिंह, एमएलसी विनीत सिंह, संजय सिंह रघुवंशी, सतेंद्र ऊर्फबबलू सिंह, संदीप सिंह उर्फपप्पू और विनोद को दोष मुक्त कर दिया है। दरअसल, पूरा मामला साल 2002 का है। अभियोजन पक्ष के आरोपों की मानें तो जौनपुर के पूर्व सांसद और तत्कालीन विधायक धनंजय सिंह साल 2002 में चार अक्टूबर के दिन सफारी गाड़ी से जौनपुर वापस लौट रहे थे। इस दौरान उनके साथ उनके कुछ साथी भी थे, लेकिन जैसे ही उनकी गाड़ी वाराणसी स्थित टकसाल सिनेमा के पास पहुंचती है, उन पर हमला हो जाता है। सफारी और बोलेरो गाड़ी से आये आरोपितों की अंधाधुंध फायरिंग से तत्कालीन विधायक धनंजय सिंह उनके गनर व ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। जिसके बाद धनंजय सिंह ने अभय सिंह समेत अन्य लोगों पर नामजद एफआईआर कराई थी। धनंजय सिंह पर जब यह हमला हुआ था, उस समय वह रारी विधानसभा से विधायक हुआ करते थे। पुलिस ने इस मामले में उसी साल जांच पूरी कर आरोपपत्र दाखिल कर दिया था, जिसका फैसला आज आया है, जिसमें अभय सिंह समेत 6 लोग बरी हुये हैं।

### आईआईटी इंजीनियर अभिनव वर्मा का शव नदी से बरामद



**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत अधिकारी के लापता बेटे आईआईटी इंजीनियर अभिनव वर्मा का तीसरे दिन नदी में शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की उसके भाई अंशुमान वर्मा ने कोड़ों से भाई के रूप में शिनाख्त की। रात में ही शव नदी से बाहर निकाला गया। समाचार भेजे जाने तक पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। नगर के मोहल्ला हिंदूपट्टी निवासी राकेश वर्मा जो कलान ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर तैनात हैं ने बताया कि सोमवार सुबह वह और उनकी पत्नी मीनाक्षी जो जूनियर हाई स्कूल विद्यालय शेरगढ़ में शिक्षिका हैं। रोज की तरह सोमवार को अपनी-अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। घर पर उनका पुत्र अभिनव वर्मा मौजूद था, जो आईआईटी से इंजीनियरिंग की बॉम्बे पढ़ाई पूरी कर चुका था। और सिविल सर्विस की ऑन लाइन तैयारी कर रहा था।

**स्पष्टता** | केंद्र सरकार ने परिसीमन के मुद्दे पर विपक्षी दलों की आलोचना के बीच स्पष्ट की स्थिति

# हर राज्य की मौजूदा लोकसभा सीट संख्या में 50 फीसदी तक होगा इजाफा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने परिसीमन के मुद्दे पर विपक्षी दलों की आलोचना के बीच स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि राज्यों में लोकसभा सीटों का इजाफा वर्तमान का 50 प्रतिशत होगा।

विपक्षी दलों का कहना है कि जनसंख्या वृद्धि असमान होने के कारण राज्यों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिशत घट सकता है। खासकर दक्षिण भारतीय राज्यों ने इसपर आपत्ति जतायी है जहां विपक्षी पार्टियों की सरकार है। इनके मुख्यमंत्रियों ने सोशल मीडिया पर अपना विरोध दर्ज कराया है।

महिला आरक्षण लागू करने और लोकसभा की मौजूदा सदस्य संख्या को बढ़ाने को लेकर सरकार कल से संसद की विशेष बैठक में विधेयक लाने जा रही है। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार नवीनतम जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार परिसीमन होगा।



सूत्रों ने बताया कि सरकार का कहना है कि राज्यों को लोकसभा की सीट अनुपात पर आवंटित की जाएगी। हर राज्य की वर्तमान सीट संख्या में 50 प्रतिशत तक इजाफा होगा। इससे किसी राज्य के साथ अन्याय नहीं होगा। इस संबंध में प्रस्तावित विधेयक में भी इस बात को लेकर स्थिति स्पष्ट की गई है। किसी को गलत अर्थ नहीं निकलना चाहिए और पूरी स्थिति संसद के पटल पर सुस्पष्ट कर दी जाएगी। पूरे विरोध के केंद्र में दक्षिण भारत के राज्य हैं जिनका कहना है कि हमारी नीतियों के कारण हमारे राज्यों की जनसंख्या में उत्तर भारतीय राज्यों के मुकाबले कम वृद्धि हुई है। इस कारण से 2011 की जनसंख्या पर आधारित परिसीमन की प्रक्रिया में दक्षिण भारतीय राज्यों के सीटों में कटौती होगी और उनके राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व काम हो जाएगा। भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी अमित मालवीय ने अखिलेश मिश्रा का सोशल मीडिया पोस्ट रिट्वीट किया है। इसमें आंकड़ों के साथ जानकारी दी गई है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा इन सब का मिलाकर 150 सीटें वर्तमान में लोकसभा में हैं। इनमें इजाफा कर इन्हें 224 किया जाएगा। इससे अनुपातिक तौर पर वर्तमान की राष्ट्रीय स्तर पर इन राज्यों से सीटें 28 प्रतिशत के ही बराबर रहेंगी।

उदाहरण के लिए तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें हैं जिनमें 20 का इजाफा कर इसे 59 बनाया जाएगा। केरल में वर्तमान में 20 हैं और यह बढ़कर 30 हो जाएंगी। कर्नाटक में 28 हैं जो 42 हो जाएंगी। आंध्र प्रदेश में 25 हैं जो बढ़कर 37 हो जाएंगी। तेलंगाना में 17 हैं जो बढ़कर 25 होंगी। ओडिशा में 21 सीटें हैं जो बढ़कर 31 होंगी।

# तीन माह में ही उखड़ने लगी मानक विहीन इंटरलॉकिंग

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिले की विकासखंड मुजेहना ग्राम पंचायत रैगाँव के अलादीन पुरवा में तीन माह पूर्व मानक के विपरीत बन रही सड़क की शिकायत कर खंड विकास अधिकारी से मानक के विपरीत बन र ही सड़क की जानकारी भी ली थी,उस समय खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सड़क का काम रोक दिया गया है और जांच की जा रही है, लेकिन ग्राम प्रधान ने मुंबई में बैठकर सचिव से मिलकर भ्रष्टाचार की इबारत लिख दी है,मानक के विपरीत इंटरलॉकिंग से बनी सड़क तीन माह बीतने के बाद भुगतान से पहले ही धंसने लगी है, कई समाजसेवी अधिकारियों से इस विकास कार्य को श्रमदान घो षित करने की मांग कर रहे है।



- मानक विहीन कार्य के भुगतान की लगाई गई फाइल
- मुंबई में रहकर प्रधान जी संभाल रहे रैगांव की प्रधानी

अलादीन पुरवा में हामिद अली के घर से बसीर के घर तक करीब दो सौ मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण करीब छह लाख रुपये से हुआ है। यह काम मनरेगा मद से होना था लेकिन मुंबई में बैठकर ग्राम प्रधान ने सिर्फ दो तीन दिन के लिए नाम मात्र मनरेगा के मजदूरों से काम करवाया गया था। सूत्रों के अनुसार ग्राम प्रधान व सचिव ने मार्ग का निर्माण खुद न कराकर इसे ठेके पर देकर ठेकेदारों से निर्माण करवाया है। निर्माण के दौरान पहले से लगे खड़ंजे को खोदवा कर उस पर मिट्टी पटान कर पीले ईंट बजड़ी और बालू डाल कर ही इंटरलॉकिंग लगवा दी गई।सूत्र बता रहे है कि मार्ग के दोनों ओर बालू में नाम मात्र सीमेंट मिलकर ईंटों से एजिंग का निर्माण कराया गया। इसके कुछ दिन बाद मार्ग की एमबी करवाक र फाइल को भुगतान की प्रक्रिया में लगा दिया गया है, मार्ग जगह-जगह से टूटकर धंस गया, ग्रामीणों ने मानक विहीन मार्ग का भुगतान रोकने व इस कार्य को श्रमदान घोषित करने की मांग की है, तीन माह पहले मानक के विपरीत बन रही सड़क को वीडियो ने बताया कि मानक विहीन निर्माण की शिकायत मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन वीडियो के ढुलमुल रवैया के कारण सड़क मानक के विपरीत बनकर तैयार हो गई और अब भुगतान की प्रक्रिया में फाइल लगा दी गई है।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांच : मंडलायुक्त

मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में जब देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दा श्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## संजय सेतु की मरम्मत से बढ़ जाएगा वाहनों का किराया

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा में सरयू नदी पर बने 44 साल पुराने जर्जर संजय सेतु की मरम्मत 16 अप्रैल से शुरू हो रही है। इसके चलते करीब 2 महीने तक इस पुल से वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा।

छोटे वाहन पांटून पुल से गुजरेंगे। बसों और भारी वाहनों को अब अयोध्या होकर जाना होगा, इसका सीधा असर दूरी 114 किमी से बढ़कर लगभग 191 किमी यानी 77 किमी ज्यादा सफर करना पड़ेगा।

साधारण बस किराया : रु. 162 - रु. 294, एसी बस किराया रु. 206- रु. 431 हो जायेगा। इस बदलाव से रोजाना सफर करने वाले नौकरीपेशा लोग, छात्र और व्यापारी सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे, जिससे आम जनता की परेशानी बढ़ना तय है।

# नगवा बाजार में बाबा साहेब की जयंती पर भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपद के नगवा बाजार में की जयंती बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवम् उर्फ कबीर भैया उपस्थित रहे। उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में उन्होंने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा संगठित समाज के निर्माण पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम का संचालन हरिओम खिलाड़ी एवं नरसिंह प्रसाद ने किया। इस दौरान प्रख्यात लेखक शीतला प्रसाद निराला ने 'भीम स्तुति' एवं प्रेरक कर्म गीतों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया और बाबा साहेब के विचारों के प्रति जागरूक किया।



इस भव्य आयोजन के संयोजक हरीश आर्य एवं विजय भारती रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मित्र मंडल के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया गया। पूरे क्षेत्र में इस आयोजन की व्यापक चर्चा रही और लोगों ने बाबा साहेब के जयकारों के साथ सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

## खबरें एक नजर में

### कार्यालय जा रहे अनुदेशक की पिटाई, बचाने पहुंचे शिक्षक को भी ग्रामीणों ने पीटा



- कार्रवाई न होने पर जनगणना कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक अनुदेशक को ग्रामीणों ने पीट दिया। खंड शिक्षा कार्यालय जा रहे अनुदेशक को बचाने आए एक अन्य शिक्षक पर भी हमला किया गया। घटना सुबह करीब 9 बजे बनजारन टांडा के पास हुई। अनुदेशक सत्येंद्र यादव अपनी मोटरसाइकिल से बरदहा कलां स्थित बीआरसी भवन जा रहे थे। तभी सड़क पर एक बकरी आने से उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई और वे गिर गए। इसके बाद गांव के 3-4 लोग वहां पहुंचे और लाठी-डंडों से सत्येंद्र यादव को पीटना शुरू कर दिया। वे गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। इसी दौरान, एक अन्य शिक्षक अमरजीत सिंह मौके पर पहुंचे और सत्येंद्र को बचाने का प्रयास किया, जिस पर ग्रामीणों ने उन्हें भी पीटा।घटना के बाद दोनों शिक्षक नानपारा कोतवाली पहुंचे और लिखित तहरीर दी। उन्होंने बताया कि हमला करने वालों में असगर पुत्र रज्जब और रज्जब पुत्र सरहदी शामिल थे, जबकि दो अन्य अज्ञात थे। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि अनुदेशक की तहरीर पर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शिक्षकों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनगणना कार्य का बहिष्कार करेंगे।

### जरवल के हरचन्दा मोड़ पर गूंजा खिलाड़ियों का दम टी.के. स्पोर्टिंग ने जीती वॉलीबॉल ट्रॉफी



जरवल, बहराइच समृद्धि न्यूज। जरवल कस्बा के हरचन्दा मोड़ पर आयोजित एक दिवसीय डे-नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट-2026 का भव्य समापन मंगलवार देर रात हुआ है। फाइनल मुकाबले में ताबिश की कप्तानी वाली टी.के. स्पोर्टिंग जरवल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चांद भाई की टीम न्यू स्टार जरवल को शिकस्त देकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। फाइनल मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई। अंततः टी.के. स्पोर्टिंग ने अपने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल के दम पर न्यू स्टार जरवल को हराकर टूर्नामेंट अपने नाम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैसरगंज विधायक प्रतिनिधि अभिषेक यादव उर्फ देवा जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जरवल चेयरमैन प्रतिनिधि इंतजार अहमद उर्फ मिथुन, डॉ. अनुज चौधरी, डॉ. उस्मान आरिफ, शादाब पहलवान और शादाब हाशमी शामिल हुए । इस दौरान अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया है।टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कमेटी संरक्षक कमाल अहमद, अध्यक्ष रिजवान इदरीसी, कोषाध्यक्ष डॉ. अजीत चौधरी, उपाध्यक्ष आदिल हाशमी,उपकोषाध्यक्ष नदरुज्जमा गुड्डू, सचिव बब्लू अंसारी,महामंत्री रजी अंसारी,व्यवस्थापक अरशद छोटू की विशेष भूमिका रही है। समापन के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही, जिन्होंने खिलाड़ियों का जमकर उत्साह बढ़ाया। वही खेल प्रेमियों ने ऐसे आयोजनों को स्थानीय प्रतिभाओं के लिए एक बेहतरीन मंच बताया है।

### पशुओं को क्रूरतापूर्वक ले जा रहे सात अभियुक्त गिरफ्तार, दो पिकअप व 12 मवेशी बरामद



उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। कोतवाली उतरौला पुलिस ने पशुओं को क्रूरतापूर्वक ले जा रहे सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से दो पिकअप समेत 04 भैंस, 04 पड़वा व 04 पड़िया बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। दिनांक 14/15.04.2026 की रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बनगवा कांटा चौराहा से लगभग 500 मीटर आगे पेहर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान दो बोलेरो पिकअप UP47AT8972 व UP47T9007 को रोका। पिकअप में क्षमता से अधिक 04 भैंस, 04 पड़वा व 04 पड़िया रस्सी से क्रूरतापूर्वक बांधकर ले जाई जा रही थीं। पुलिस ने मौके से अली हुसैन पुत्र लल्लन निवासी महरानीगंज घुसियाना थाना कोतवाली नगर गोण्डा,के साथ ४ अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

# अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

- कब्जे व निशानदेही से चोरी की बोलेरो, ट्रैक्टर व ट्राली बरामद



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए एक अन्तरजनपदीय वाहन चोर गिरोह के 03 सदस्यों-01. रामतेज यादव उर्फ रिंकू पुत्र अमर सिंह यादव, 02. अमन कुमार पुत्र दिनेश कुमार, 03. फुरकान पुत्र जलालुद्दीन को कोल्ड स्टोर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही से 01 अदद चोरी की बोलेरो, 01 अदद महिन्द्रा ट्रैक्टर व 01 अदद ट्राली बरामद की गयी।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-** दिनांक 14.04.2026 को थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा कोल्ड स्टोर चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान एक सफेद बोलेरो वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, जिसमें सवार व्यक्तियों द्वारा भागने का प्रयास किया गया। नवाबगंज पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए वाहन को घेरकर उसमें सवार तीन अभियुक्तों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उक्त बोलेरो वाहन को जनपद सीतापुर के थाना रेऊसा क्षेत्र से दिनांक 12/13.04.2026 की रात्रि में चोरी किया गया था। साथ ही उन्होंने पूर्व में एक महिन्द्रा ट्रैक्टर मय ट्रॉली चोरी कर थाना क्षेत्र नवाबगंज के ग्राम रेहली के पास एक बाग में छिपाकर रखने की बात बताई।

अभियुक्तों की निशानदेही पर बताए गए स्थान से एक महिन्द्रा ट्रैक्टर 265 डीआई (लाल रंग) मय ट्रॉली बरामद किया गया। जांच में दोनों वाहन चोरी के पाए गए, जिनके सम्बन्ध में जनपद सीतापुर के थाना रेऊसा व थाना रामपुर मथुरा में पूर्व से अभियोग पंजीकृत थे। थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

01. रामतेज यादव उर्फ रिंकू पुत्र अमर सिंह यादव निवासी ग्राम सुरिया मऊ नया पुरवा थाना गौसाईगंज जनपद लखनऊ।
02. अमन कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम कल्लू पुरवा थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी।
03. फुरकान पुत्र जलालुद्दीन निवासी ग्राम बसहा थाना गुडम्बा कुर्सी रोड जनपद लखनऊ।

# कैंसर पर वार : विशेश्वरगंज से निकला एचपीवी जागरूकता रथ

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता का माहौल उस वक्त जोश और उत्साह से भर उठा, जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशेश्वरगंज से बुधवार को एचपीवी टीकाकरण जागरूकता रथ को अधीक्षक डॉ. कुणाल मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कैंसर से सुरक्षा का संदेश लेकर निकला यह रथ गांव-गांव दस्तक देगा और लोगों को सतर्क करेगा। रथ पर लगे आकर्षक बैनर और संदेशों ने हर किसी का ध्यान खींचा— एचपीवी वैक्सीन के साथ सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा!। स्वास्थ्य विभाग ने साफ कहा कि अब लापरवाही नहीं, बल्कि समय पर टीकाकरण ही बेटियों के सुरक्षित भविष्य की कुंजी है। खास तौर पर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को यह टीका लगवाना बेहद जरूरी बताया गया। कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने जोर देकर कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को अब जागरूकता और टीकाकरण के जरिए मात दी जा सकती है। आज एक कदम, कल सुरक्षित जीवन —इसी संदेश के साथ टीम ने लोगों से आगे आने की अपील की। इस मौके पर चीफ फार्मासिस्ट शैलेंद्र दूबे, बीपीएम ममता मिश्रा, डॉ. कुष्माकर पांडेय, बीसीपीएम धर्मेंद्र मिश्रा समेत पूरा स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा। सभी ने एक सुर में कहा—हर बेटी सुरक्षित, तभी समाज सशक्त।



## पयागपुर प्रीमियर लीग का विजेता बना किंग्स स्पोर्ट्स

- विकास मैन ऑफ द मैच व टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी रहे गोविंद शुक्ला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जूनियर हाई स्कूल ग्राउंड पर खेली जा रही पयागपुर प्रीमियर लीग का आज फाइनल मुकाबला किंग्स स्पोर्ट्स क्लब व सत्या इलेवन के मध्य खेला गया ।

फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय व एसडीएम पयागपुर अश्वनी पांडे रहे ।विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार अंबिका चौधरी व अनुज कुमार सिंह ,शुभम सिंह,व सर्वेश पांडेय मौजूद रहे। किंग्स स्पोर्ट्स के कप्तान अखिल सिंह ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 14 ओवरों में टीम ने विकास के नाबाद 106 रन व अखिल सिंह के 50 रनों की बदौलत 206 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पीछा करने उतरी सत्या इलेवन के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और पूरी टीम 11 ओवरों में ही 86 रनों पर आलआउट हो गयी। इस तरह किंग्स स्पोर्ट्स ने 120 रनों से फाइनल मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन करने पर विकास को मैन ऑफ द मैच वह पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर गोविंद शुक्ला को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका में विपिन शर्मा व मुकेश रहे । आंखों देखा हाल रामपाल गुप्ता व देवा ने सुनाया। इस दौरान आशीष सिंह किंग्स स्पोर्ट्स के ऑनर अंकुर सिंह, सुरज सिंह,नितिन दुबे,विनीत दुबे,निशांत,गोलू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मोतीपुर सीएचसी 'इलाज का केंद्र' नहीं, जेबकतरों का खुला अड्डा

- महिला गैंग का आतंक, मरीजों की जेब पर दिनदहाड़े डाका-प्रशासन बेखबर या मिलीभगत

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।



जिले का मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अब इलाज की जगह लूट का अड्डा बन चुका है, जहां मरीज बीमारी से कम और जेबकतरों से ज्यादा त्रस्त हैं।

हालात इतने बेकाबू हो चुके हैं कि अस्पताल परिसर में सक्रिय महिलाओं का संगठित गिरोह खुलेआम मरीजों की जेब काट रहा है, और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। बड़खरिया निवासी कय्यूम अपनी पत्नी का इलाज कराने अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन इलाज के नाम पर उन्हें मिला सिर्फ दर्द और लूट।

कय्यूम के मुताबिक, उनके पास रखे 21,600 रुपये महिला गैंग ने भीड़ का फायदा उठाकर साफ कर दिए। यह कोई चोरी नहीं, बल्कि सीधे-सीधे दिनदहाड़े लूट है। इसी कड़ी में कल्लू गौढ़ी निवासी अमरेश भी इस गिरोह का शिकार बने। उनकी जेब से 2,500 रुपये उड़ा लिए गए। पीड़ितों का कहना है कि यह गैंग इतनी बेखौफ हो चुकी है कि रोजाना वारदात को अंजाम दे रही है, और किसी को कोई डर नहीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सैकड़ों मरीज और तीमारदार इस संगठित गिरोह के शिकार हो चुके हैं, लेकिन अब तक एक भी आरोपी पकड़ा नहीं गया। यह सवाल खड़ा करता है-क्या प्रशासन पूरी तरह नाकाम है या फिर कहीं न कहीं मिलीभगत की बू आ रही है? सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे केवल दिखावे के लिए टंगे हैं, मानो भ्रष्ट सिस्टम की हंसी उड़ा रहे हों। अगर ये कैमरे चालू होते, तो शायद आज तक कई चेहरों से नकाब हट चुका होता।

मरीज इलाज कराने जाएं या अपनी जमा पूंजी बचाने की चिंता करें। क्या प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। यदि जल्द ही इस महिला गैंग पर लगाम नहीं कसी गई, तो यह स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह अपराधियों के कब्जे में चला जाएगा। अब वक्त आ गया है कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अपनी कुर्सी से उठकर कड़ी कार्रवाई करे, वरना जनता का गुस्सा किसी भी वक्त सड़कों पर फूट सकता है।

# डॉक्टरों की लापरवाही ने छीनी सात दिन के मासूम की सांसें

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।

- स्वास्थ्य तंत्र की शर्मनाक नाकामी
- सिस्टम बना 'मौत का सौदागर'

मिहींपुरवा से आई यह खबर न सिर्फ दिल दहला देने वाली है, बल्कि पूरे स्वास्थ्य महकमे की संवेदनहीनता को नंगा कर देने वाली है। एक 7 दिन का नवजात, जिसने अभी दुनिया को ठीक से देखा भी नहीं था, कथित लापरवाही और गैरजिम्मेदारी की भेंट चढ़ गया।

टीकाकरण के बहाने बुलाया, मौत के मुंह में धकेला। सर्रा कला के मजरा फुलवरिया निवासी वीरेंद्र कुमार के मासूम बच्चे को बीसीजी टीका लगाने के लिए सीएचसी मिहींपुरवा बुलाया गया था। लेकिन परिजनों का आरोप है कि वहां मौजूद डॉक्टरों ने न सिर्फ अपने कर्तव्य से मुंह मोड़ा, बल्कि हैरान कर देने वाली बेरुखी दिखाई। डॉक्टर ने देखा तक नहीं, सीधे भगा दिया परिवार का आरोप है कि सीएचसी में डॉक्टर ने बच्चे को छूना तक जरूरी नहीं समझा और बिना किसी प्राथमिक जांच या इलाज के उसे सीधे प्राइवेट अस्पताल 'आर.ए.एस. मेडसिटी' भेज दिया। सवाल उठता है - क्या सरकारी अस्पताल अब सिर्फ रेफर करने की दुकान बनकर रह गए हैं? प्राइवेट अस्पताल में 'इलाज' या प्रयोग? घबराए परिजन बच्चे को लेकर प्राइवेट अस्पताल पहुंचे, जहां ऑक्सीजन और इंजेक्शन दिया गया। लेकिन कुछ ही मिनटों में मासूम की सांसें थम गईं। क्या यह इलाज था या लापरवाही की एक और कड़ी? बाप का कलेजा फट पड़ा - मेरे बच्चे को सिस्टम ने मार डाला। मृतक के पिता वीरेंद्र कुमार का दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उनका सीधा आरोप है कि अगर सीएचसी में डॉक्टर अपना फर्ज निभाते, तो उनका बच्चा आज जिंदा होता। सिस्टम पर बड़ा सवाल - इलाज या सिर्फ दिखावा? यह घटना बताती है कि कैसे जिम्मेदार कुर्सियों पर बैठे लोग अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। क्या गरीब का बच्चा इसलिए मरने के लिए छोड़ दिया जाता है क्योंकि उसके पास पैसे नहीं हैं?

### जनता में उबाल- कार्रवाई नहीं तो आंदोलन तय

घटना के बाद इलाके में गुस्सा उबल रहा है। लोग दोषी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अगर जल्द न्याय नहीं मिला, तो बड़ा आंदोलन खड़ा हो सकता है।

### अब सवाल सिर्फ एक- आखिर कब सुधरेगा सिस्टम

क्या हर बार एक मासूम की जान जाने के बाद ही जांच बैठाई जाएगी? या इस बार सच में जिम्मेदारों पर गाज गिरेगी।

## एबीवीपी छात्रों का प्रदर्शन

# सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी, कार्रवाई की उठी मांग

- 8 सूत्रीय ज्ञापन सीडीओ को सौंपा, मांग न पूरी होने पर दी आन्दोलन की चेतावनी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के पास विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के अनुपस्थित रहने पर जब अपर जिलाधिकारी ज्ञापन लेने पहुंचे, तो छात्रों ने उपेक्षा का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दी। इस दौरान पुलिसकर्मियों के साथ उनकी हल्की नोकझोंक भी हुई, जिसके बाद छात्रों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एबीवीपी के बैनर तले बड़ी संख्या में छात्र जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पाटेश्वरी विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा पैटर्न में अचानक किए गए बदलाव पर आपत्ति जताई, जबकि परीक्षाएं मई के पहले सप्ताह में प्रस्तावित हैं। छात्रों ने इस बदलाव में सुधार की मांग की। इसके अतिरिक्त, निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों के साथ की जा रही आर्थिक मनमानी और बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने तथा ऐसे विद्यालयों पर कठोर कार्रवाई की भी मांग की गई। प्रदर्शन के बाद, छात्र जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को ज्ञापन देने पहुंचे, लेकिन वे कार्यालय में मौजूद नहीं थे। अपर जिलाधिकारी द्वारा ज्ञापन लेने के दौरान छात्रों ने उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बहराइच-लखनऊ मार्ग को जाम कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख, सीओ सिटी नारायण दत्त मिश्रा और सीओ भुनेश्वर सिंह ने मोर्चा संभाला। उनके समझाने के बाद छात्रों ने सड़क खाली कर दी। और मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा। इस दौरान जिला संयोजक देवाशीष सिंह ने कहा कि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक स्तर पर बहुविकल्पीय परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय छात्रों के हित में नहीं है और इसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाना चाहिए। प्रांत जनजातीय कार्य संयोजक आदर्श शुक्ला ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार गिरावट आ रही है, जिसे सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रांत खेलो भारत संयोजक नित्य पाठक ने जिले के प्रत्येक विकासखंड में खेल मैदान बनाए जाने की मांग रखी, ताकि युवाओं को खेल के बेहतर अवसर मिल सकें। पूर्व जिला सह संयोजक आशुतोष मिश्रा ने कहा कि सरकारी एवं एडेड विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, विशेष रूप से पेयजल जैसी आवश्यक व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने जिले में शिक्षा व्यवस्था के शुद्धिकरण एवं सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया और पूर्व संगठन मंत्री आराध्य मौजूद रहे। अंत में परिषद ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस मौके पर देवाशीष सिंह जिला संयोजक, आदर्श शुक्ला प्रांत जनजातीय सह-संयोजक, नित्य पाठक प्रांत खेलो भारत संयोजक, आशुतोष मिश्रा पूर्व जिला सह-संयोजक, देवेंद्र प्रताप सिंह प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बारिश से पूर्व सभी कटान निरोधक कार्य समय से पूर्ण किए जाएं : डीएम

- डीएम ने राप्ती नदी के बाएं तट पर स्थित ग्राम चौककला की सुरक्षा हेतु कटान निरोधक परियोजना का किया निरीक्षण
- 220.53 लाख रुपये की लागत से ग्रामों को कटान से सुरक्षित किए जाने का कार्य प्रगति पर

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने बारिश के मौसम से पूर्व जनपद में संचालित सभी कटान निरोधक कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में उन्होंने राप्ती नदी के बाएं तट पर स्थित ग्राम चौककला एवं मधवापुर की सुरक्षा हेतु संचालित कटान निरोधक परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित बाढ़ खंड के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम चौककला एवं मधवापुर को नदी कटान से सुरक्षित करने के लिए 220.53 लाख रुपये की लागत से कटान निरोधक कार्य कराया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत 400 मीटर लंबाई में जिओ बैग के माध्यम से लॉन्चिंग एप्रन एवं स्लोप पिचिंग का कार्य किया जाएगा, जिससे नदी के तट को मजबूती मिलेगी तथा आसपास की आबादी एवं कृषि भूमि को कटान से सुरक्षा प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने मौके पर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों की जानकारी ली तथा संबंधित कार्यदायी संस्था एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाते हुए इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण कराया जाए, ताकि बारिश के दौरान ग्रामवासियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से संवाद भी किया और उनकी समस्याओं एवं अपेक्षाओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है तथा कटान से बचाव के लिए प्रभावी एवं स्थायी उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात से पहले सभी संवेदनशील स्थलों पर कटान निरोधक कार्य पूर्ण कर लिए जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान अधिशाषी अभियंता बाढ़ खंड, खंड विकास अधिकारी हरैया, आपदा विशेष अरुण सिंग व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# गोंडा आरटीओ ऑफिस में चल रहा खेल

## सुविधा शुल्क लेते हुए डाटा अधिकारी का वीडियो वायरल

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जहाँ एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने का दावा कर रही है वहीं दूसरी तरफ गोंडा के आरटीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी गई है सरे आम डाटा अधिकारी सुशील भट्ट पैसे की वसूली कर रहे हैं मेल की रिपोर्ट लगाने के नाम पर इनका रेट फिक्स है 500 से 1000 रुपए वसूला जाता है। बताया जा रहा हैं कि ARTO को भी इस मामले की जानकारी है लेकिन भ्रष्टाचार में हिस्सेदारी के कारण कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। ARTO कार्यालय आने वाले वाहन स्वामियों को अवैध वसूली का शिकार होना पड़ रहा है यहां शिकायत करने के बाद भी अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं करते हैं इससे पहले भी ARTO ऑफिस में आरसी बाहर प्राइवेट दुकानों पर मिल चुकी है जिसमें पुलिस ने कई लोगों पर मुकदमा करने के साथ ही जेल भेजा था इस दायरे में कई बाबू भी आ चुके हैं अब नए वीडियो से एक बार फिर आरटीओ ऑफिस का भ्रष्टाचार उजागर हुआ एक पीड़ित ने बताया कि बिना पैसा लिए कोई काम नहीं करते हैं इसकी शिकायत जब ARTO से की जाती है तो वह कहते हैं कि आप जाकर उनसे मिलो संभागीय परिवहन अधिकारी देवीपाटन मंडल कार्यालय के कमरे के सामने इस तरह का भ्रष्टाचार कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है सवाल उठ रहा है कि क्या ARTO को इसकी भनक तक नहीं है इस तरह सरेआम पैसा लिया जा रहा है और उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है और डीडीएस सुशील भट्ट को क्यों बचाया जा रहा है इसको लेकर भी गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं ARTO आर सी भारतीय ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आया है DVA सुशील भट्ट को नोटिस जारी की जा रही है जवाब के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार-प्रसार के लिये संस्थाओं को निर्देश जारी

# अधिनियम समता, समानता व नारी के सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 16 से 18 अप्रैल तक होने वाले विशेष संसद सत्र में नारी शक्ति वंदनअधिनियम के प्रचार प्रसार के लिए संस्कृति विभाग के अधिकारियों एवं अधीनस्थ अकादमियों को निर्देश दिये हैं। अधिनियम समता, समानता एवं नारी के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक प्रदेश में अधिनियम के बारे में प्रचार अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अनुपालन में संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश में कला, नवाचार अभियान चलाया जाना है। जिसमें सैंड आर्ट, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, लोकगीत एवं अन्य स्थानीय कला विधाओं के प्रयोग से विचार मंथन करना है।

इस अभियान के अंतर्गत संस्कृति विभाग की संस्थाओं द्वारा निर्धारित अवधि में पूरे प्रदेश में कार्यक्रम किये जाने हैं, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा नारी शक्ति वंदन पर हस्ताक्षर अभियान एवं नारी स्वावलम्बन पर फिल्म निर्माण की जिम्मेदारी दी गयी है। राज्य ललितकला अकादमी में महिला कलाकारों के समन्वय से नारी स्वावलम्बन पर आधारित सैंड आर्ट एवं चित्रकला कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार प्रसार हेतु भारतेन्दु नाटक अकादमी द्वारा नारी सशक्तिकरण एवं नारी स्वावलम्बन पर नुक्कड़ नाटकों, कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा। संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा संगीत की विभिन्न विधाओं के माध्यम से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा लोक संगीत में विभिन्न विधाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### विकास परियोजनाओं को गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ किया जाए पूर्ण

अलीगढ़ मंडल के अलीगढ़ के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 211 लाख रूपये की तीन नवीन परियोजनाएं स्वीकृत की गयी है। इस धनराशि से प्राचीन स्थलों एवं मंदिरों में पर्यटन विकास कार्य कराए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अलीगढ़ की खैर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुर में स्थित हनुमानगढ़ कुटी आश्रम के पर्यटन विकास के लिए 86.39 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृत के सापेक्ष 64 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इग्लास में स्थित प्राचीन शिव मंदिर बरखंडी आश्रम गोरई के पर्यटन विकास हेतु 72.26 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति के सापेक्ष 54 लाख रूपये की धनराशि जारी की गयी है। बरौली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुमेर दरियापुर में सुप्रसिद्ध प्राचीन चामुंडा माता मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 123.92 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति के सापेक्ष 93 लाख रूपये की धनराशि जारी है। परियोजनाओं के कार्य हेतु यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए गए है कि सभी कार्यों समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ कराया जाए।

# सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स प्रतिनिधि मण्डल डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ, उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार सुबह ब्रजेश पाठक, उप मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार से उनके आवास पर भेंट कर उनको षष्ठम महाधिवेशन का स्मृति चिन्ह, स्मारिका, सम्मान-पत्र तथा अंग वस्त्र भेंट किया तथा महाधिवेशन में पारित सदस्यों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी प्रस्तुत किया।

संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष इं आर के भाटिया ने अवगत कराया कि दीनदयाल कैशलेस चिकित्सा सुविधा में कमियों की ओर माननीय उप मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए राशिकरण कटौती अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 11 वर्ष करने, प्रत्येक 5 वर्ष पर पांच प्रतिशत पेन्शन वृद्धि, 8700 ग्रेड वेतन उच्च न्यायालय के निर्णय अनुरूप स्वीकृत कराने, विधवा पुत्र वधू को पारिवारिक पेंशन देने, सहित अन्य समस्याओ के साथ-साथ संघ द्वारा शासकीय सहयोग से ओल्ड एज होम की स्थापना के मुद्दे पर वार्ता हुई। इं दिवाकर राय कार्यकारी अध्यक्ष ने, माननीय उप मुख्य मंत्री जी को संघ के षष्ठम महाधिवेशन में, भारी संख्या मे 75 तथा 80 वर्ष के आयु के सदस्यो की उपस्थिति से अवगत कराया, जिस पर उन्होने उन सबको तथा सफल महाधिवेशन सम्पन्न होने पर बधाई दी। इं शिव शंकर दुबे, मुख्य संरक्षक तथा इं एस पी मिश्रा, संरक्षक ने राज्य कर्मचारीयों तथा पेन्शनर को ओपीडी चिकित्सा सुविधा तथा राज्य के बाहर के चिकित्सालयों को भी, दीनदयाल कैशलेस योजना के अंतर्गत लाने का अनुरोध किया गया। उप मुख्य मंत्री द्वारा समस्त बिन्दुओ पर शीघ्र सकारात्मक कारवाई का आश्वासन दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### शोरूम व रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग, दमकल की चार गाड़ियों ने डेढ़ घंटे में आग पर पाया काबू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में बुधवार (15 अप्रैल) को मोती महल रेस्टोरेंट और गीतांजलि शोरूम में एसी ब्लास्ट होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। तेज लपटें उठती देख मौके पर भारी भीड़ जुट गई और लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आशियाना के पावर हाउस चौराहे के पास विवेक प्लाजा में मोती महल रेस्टोरेंट और गीतांजलि शोरूम है। शोरूम के बाहर कूड़े के ढेर में आग लग गई। जिससे बाहर लगे एसी में ब्लास्ट होने से आग भड़क गई। एसी के आउटर यूनिट से उठी चिंगारी ने आग को तेजी से फैलाया। जानकारी के अनुसार आग की शुरुआत रेस्टोरेंट के किचन के पास से हुई, जिसके बाद लपटें फैलते हुए शोरूम तक पहुंच गईं। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। इसके अलावा दो अन्य गाड़ियां बुलाई गईं। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के स्पष्ट कारणों की जांच की जा रही है। आग लगने की घटना के चलते इलाके में अफरातफरी का माहौल रहा।

### बेकाबू ट्रक घर में घुसा, बाल-बाल बचा परिवार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अनीपुर गांव में बुधवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसा। इस हादसे में मकान का बड़ा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना सुबह करीब 10.30 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, केसरीपुर निवासी ट्रक चालक सराफ़त सस्पन की ओर से रहीमाबाद की तरफजा रहा था। अनीपुर गांव के पास पहुंचते ही उसने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन सीधे महेंद्र उर्फटीटू के घर की दीवारें तोड़ते हुए अंदर घुस गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घर की दीवारें ढह गईं और अंदर रखा सारा कीमती सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय घर के सदस्य उस हिस्से में मौजूद नहीं थे, जहां ट्रक घुसा। इस वजह से एक बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि यदि कोई वहां मौजूद होता तो परिणाम गंभीर हो सकते थे। स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रक चालक सराफ़त पर नशे की हालत में वाहन चलाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही रहीमाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस चालक से पूछताछ कर रही है। हादसे के बाद महेंद्र का परिवार बेघर हो गया है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से हुए भारी आर्थिक नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि वे अपने घर की मरम्मत करा सकें।

### फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव घर में फंदे से लटकता मिला। मायकेवालों ने ससुरालवालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। जांच में सामने आया है कि शादी के 6 साल महिला को बच्चा नहीं हुआ था। जिससे वो तनाव में रहती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि सभी एंगल से जांच की जा रही है। घटना मंगलवार रात नन्दौली गांव की है। महिला की पहचान 25 साल की रूबी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान रूबी (पत्नी सूरज रावत) के रूप में हुई है। बताया गया कि मंगलवार शाम उनके पति सूरज रावत पास के गांव जमुरिया में एक शादी कार्यक्रम में लकड़ी काटने के काम से गए थे। उस समय रूबी अपने सास-ससुर के साथ घर पर थी। रात करीब 9.30 बजे पति सूरज ने फ़ोन पर रूबी से बात की थी और जल्द घर लौटने की बात कही थी। जब वह रात करीब 1 बजे घर पहुंचे, तो उन्होंने बरामदे में लगे पंखे से पत्नी का शव लटकता देखा। परिजनों ने तत्काल शव को नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। परिजनों के मुताबिक, रूबी का विवाह करीब 6 साल पहले हुआ था, लेकिन संतान न होने के कारण वह मानसिक तनाव में रहती थी। दंपत्ति इलाज भी करा रहे थे। ससुराल पक्ष का कहना है कि इसी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा किया। उनका आरोप है कि घटनास्थल पर टूटी चूड़ियां मिली हैं। उनका कहना है कि फांसी से पहले रूबी के साथ मारपीट की गई। इस संबंध में मायके पक्ष ने निगोहां पुलिस को हत्या की तहरीर दी है। रात में शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के बाद बड़ी संख्या में मायके पक्ष के लोग निगोहां थाने पहुंच गए और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर दबाव बनाने लगे। पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए पति सूरज को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि मामला आत्महत्या का लग रहा है लेकिन मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताई गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नगर निगम सदन की बैठक में सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

**बिना आईडी कार्ड के कोई कर्मचारी न जाए टैक्स वसूलने : महापौर**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



नगर निगम लखनऊ में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में सदन की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर माननीय कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चरनजीत गांधी जी, नगर आयुक्त गौरव कुमार जी सहित सभी माननीय पार्षदगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में शहर के विकास, स्वच्छता और जनहित से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा के बाद उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। शहर के सभी विकसित पार्कों में सोलर लाइट लगाने का प्रस्ताव सदन द्वारा पारित किया गया। इससे ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ पार्कों की सुरक्षा और सुविधाओं में सुधार होगा। इस निर्णय को शहर के सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर क्षेत्र में सभी ट्रांसफ़र स्टेशनों के निर्माण कार्य को 30 अप्रैल 2026 तक पूरा करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। इससे कचरा निस्तारण की प्रक्रिया और अधिक व्यवस्थित होगी।

सदन में महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी टैक्स इंस्पेक्टरों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्राइवेट व्यक्ति के माध्यम से टैक्स वसूली न कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो भी कर्मचारी बिल वितरण या टैक्स वसूली के लिए घर-घर जाएगा, वह अनिवार्य रूप से अपना पहचान पत्र (आईडी कार्ड) पहनकर जाए।

महापौर ने चेतावनी दी कि बिना आईडी कार्ड के यदि कोई व्यक्ति नागरिकों के घर जाता पाया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहर के सभी स्कूल भवनों का 15 मई 2026 तक पुनर्मूल्यांकन कराने का प्रस्ताव भी सदन द्वारा पारित किया गया। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यह निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सदन में सरकारी भूमि से जुड़े मामलों पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। दीनदयाल उपाध्याय सेवा न्यास से संबंधित भूमि वापसी का प्रस्ताव पारित किया गया। यह भूमि गाटा संख्या 196, क्षेत्रफल 5429.96 वर्ग मीटर है, जिसे पूर्व में लगभग 90 वर्षों के लिए दीनदयाल उपाध्याय सेवा न्यास को लीज पर आवंटित किया गया था। यह आवंटन तत्कालीन नियमों और शर्तों के तहत किया गया था। जिसे न्यास द्वारा नगर निगम को स्वेच्छा से वापस कर दिया गया। नगर निगम अपनी भूमि की लीज निरस्त करते हुए वापस ले लिया, इस भूमि को लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा नियोजित विकास के लिए नगर निगम से सशुल्क हस्तांतरित करने की मांग थी जिसे सदन द्वारा सर्व समिति से पास किया गया। साथ ही, अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान को और तेज करने का निर्णय लिया गया।

# सिर्फ नीले रंग के इस्तेमाल से कुछ नहीं होगा दलितों पर केवल बसपा का प्रभाव : मायावती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बिना नाम लिए अखिलेश यादव पर निशाना साधा। कहा हमारे कारवां को पीछे धकेलने के लिए दलित-विरोधी जातिवादी पार्टियां तरह-तरह के हथकंडे अपना रही हैं। ऐसी पार्टियों से हमें सावधान रहना होगा। यही महापुरुषों के लिए सच्ची श्रद्धा होगी। उन्होंने कहा बीते कुछ समय से दलितों को लुभाने के लिए राजनीतिक दल कार्यक्रमों में नीले रंग का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसका दलितों पर कुछ असर पड़ने वाला नहीं है, क्योंकि दलितों पर सिर्फ बसपा के ही नीले रंग का प्रभाव होता है, किसी अन्य रंग का नहीं। यह बात विरोधियों को ध्यान में रखनी चाहिए। उनकी यह कोशिश कामयाब नहीं होगी। दरअसल, मंगलवार को प्रदेशभर में अंबेडकर जयंती मनाई गई। इसमें सपा कार्यकर्ताओं ने भी जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए। लखनऊ में सपा प्रमुख अखिलेश गले में नीला गमछा डाले नजर आए। हजरतगंज में अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी। अखिलेश ने भंडारे में गाड़ी रुकवाकर पूड़ी-सब्जी और छोले-चावल खाए थे। मायावती ने महिला आरक्षण पर भाजपा सरकार के निर्णय का समर्थन किया। कहा हम महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33ः आरक्षण देने के फैसले का स्वागत करते हैं, लेकिन दलित और ओबीसी समाज की महिलाओं को अलग से आरक्षण दिया जाए।

# डीपीएस एल्डेको का शानदार प्रदर्शन

**AISCE कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में रचा नया कीर्तिमान**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।





दिल्ली पब्लिक स्कूल की एल्डेको ब्रांच ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए AISCE कक्षा 10 बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर न केवल स्कूल, बल्कि शहर का भी नाम रोशन किया है।

इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में स्वस्ति जैन ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इसके साथ ही कई विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मजबूत पकड़ और गहन समझ का परिचय दिया।

विद्यालय के लिए गर्व की बात यह रही कि कुल 118 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल किए। यह उपलब्धि स्कूल के उच्च शैक्षणिक स्तर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को दर्शाती है।

इस ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का वातावरण उत्साह, गर्व और भावनाओं से ओतप्रोत रहा, जहां मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत और लगन के लिए तालियों की गूंज के बीच उनका अभिनंदन किया गया।

विद्यालय की प्राचार्या, गुंजन साहनी ने इस अवसर पर छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयास, अनुशासन और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग को भी इस उपलब्धि का महत्वपूर्ण आधार बताया।

उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है और छात्रों को बेहतर शिक्षा व मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।

# महिला आरक्षण पर अखिलेश का बड़ा आरोप, कहा, पीडीए का हक छीनने की साजिश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सपा के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महिला आरक्षण के मुद्दे पर जल्दबाजी करके जनगणना को टालने की नीयत रखने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि महिला आरक्षण विधेयक दरअसल पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग) का हक मारने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को मूर्त रूप देने के लिए संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र में बृहस्पतिवार को एक विधेयक पेश किया जाएगा, जिसमें संसद के निचले सदन में सदस्यों की मौजूदा संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान है। सपा प्रमुख ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर यह जल्दीबाजी बता रही है कि अब सत्ता से भाजपा जा रही है। सच तो यह है कि भाजपा जनगणना को टालना चाहती है क्योंकि जनगणना होगी तो जातिगत जनगणना की भी बात उठेगी और फ़िर आरक्षण की भी, जो भाजपा और उनके संगी-साथी कभी भी देना नहीं चाहते हैं। यादव ने कहा कि भाजपा को ये भी अच्छी तरह याद है कि पीडीए में (ए) का मतलब आधी आबादी अर्थात् महिला भी है। यह विधेयक पीडीए का हक-अधिकार मारने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। एक बड़ा चुनावी सच यह भी है कि भाजपा की चुनावी घपलेबाजी का अब पूरी तरह से भंडाफोड़ हो गया है और अब भाजपा को चुनावी हेराफेरी का कोई और मौका आसानी से नहीं मिलेगा और सच्चे वोट ही, चुनाव का सच्चा नतीजा तय करेंगे। अब हर तरह से भाजपा की कलई खुल गयी है इसलिए उसके समर्थक और वोटरों का अकाल पड़ गया है। भाजपा निराशा के इस दौर से उबरने के लिए यह (महिला आरक्षण) विधेयक ला रही है।

### भाजपा राज में महिलाएं ही सबसे ज्यादा दुखी

पूर्व सीएम अखिलेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों को अपने लुभावने जुमलों में फंसाकर वोट लेने वाली भाजपा इस बार महिलाओं को लेकर यह पुरानी चाल चल रही है लेकिन वह सफल नहीं होगी क्योंकि भाजपा राज में महिलाएं ही सबसे ज्यादा दुखी हैं। भाजपा की कमीशनखोरी व चंदा वसूली की वजह से जो महंगाई बढ़ी है उससे उनकी रसोई सूनी हो गई है। रही-सही कसर सिलेंडर की बेतहाशा बढ़ती कीमतों ने पूरी कर दी है। हर महिला अपने बच्चों को पढ़ाना चाहती है लेकिन भाजपा की शिक्षा विरोधी सोच तो सरकारी स्कूल तक बंद करवा दे रही है।

# राजधानी में 50 से ज्यादा झोपड़ियां जलीं, 30 सिलेंडर फटे

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी लखनऊ में बुधवार शाम साढ़े 5 बजे भीषण आग लग गई। आग विकास नगर इलाके में लगी। इसमें 50 से ज्यादा झुग्गी-झोपड़ियां जलकर राख हो गई हैं। 30 से ज्यादा सिलेंडरों में ब्लास्ट हुआ।

करीब 10 किलोमीटर दूर से आग की लपटें दिख रही हैं। आग लगने के बाद आसपास के करीब 20 मकानों को खाली करा लिया गया है। आग की सूचना मिलते ही झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे हैं। एक युवक का कहना है कि उसके 4 बच्चों की जलकर मौत हो गई है। वहीं, बाकी लोगों का सारा सामान जलकर राख हो गया है। चारों तरफ अफ़रा-तफ़री का माहौल है। जिनकी झोपड़ियां जली हैं, वो लोग रो रहे हैं। बार-बार अपनी झोपड़ी में जाने की जिद कर रहे हैं। इलाके की लाइट काट दी गई है। फ़ायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं। सीएम योगी ने आग की घटना का संज्ञान लेते हुए अफ़सरों को तुरंत मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। कहा है कि राहत कार्य में तेजी लाई जाए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से तेजी से बचाव कार्य करने के आदेश दिए है।

### दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 17 व 18 अप्रैल को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 व 18 अप्रैल को मार्स हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम मंत्री दुग्ध विकास, पशुधन एवं राजनैतिक पेंशन, धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास मुकेश कुमार मेश्राम, दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. एवं शासन के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में आज यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026 का आधिकारिक कर्टेन रेजर जारी किया गया। प्रदेश के 10 हजार पशुपालकों दुग्ध उत्पादकों एवं निवेशकों को प्रतिभाग कराते हुए विभाग के क्रिया-कलापों व विभागीय योजनाओं से अवगत कराया जायेगा। वेब कास्टिंग लाइव यूट्यूब के माध्यम से जनपदों के साथ देश-विदेश के लाखों गौ पालक निवेशकों को जोड़ा जायेगा।

**निर्णय** | 2027 चुनाव से पहले योगी सरकार का बड़ा फैसला

# यूपी के 25 जिलों में होगी महिला डीएम-एसएसपी की तैनाती

राज्य ब्यूरो, समृद्धि न्यूज।




नारी शक्ति वंदन बिल के बाद अब संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की तैयारी केंद्र सरकार कर रही है। केंद्र सरकार लोकसभा में सदस्यों की संख्या 850 करने जा रही। 2027 के यूपी चुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका और भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है।

2027 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के कई महत्वपूर्ण पदों पर महिला अधिकारियों की तैनाती बढ़ाने का प्लान तैयार किया गया है। लक्ष्य प्रमुख प्रशासनिक और पुलिस पदों पर महिला अधिकारियों की संख्या को 33 प्रतिशत तक पहुंचाना है। करीब 25 जिलों में महिला जिलाधिकारी और महिला एसएसपी की नियुक्ति की जा सकती है।

वर्तमान में 75 जिलों में महिला डीएम की संख्या मात्र 12है, जबकि महिला एसएसपी की संख्या और भी कम लगभग 8 है। लक्ष्य के लिए बड़े पैमाने पर ट्रांसफ़र और पोस्टिंग में बदलाव किए जाएंगे।यह पहल नारी शक्ति वंदन अधिनियम की भावना को प्रशासनिक स्तर तक विस्तार देने की दिशा में है।सरकार मानती है कि महिलाएं अब सिर्फ योजनाओं की लाभार्थी नहीं रहना चाहतीं बल्कि वे निर्णय लेने वाली भूमिका में चाहती हैं।

महिला अधिकारियों को डीएम और एसएसपी जैसे पदों पर तैनात करने से कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर अधिक संवेदनशील और प्रभावी प्रशासन होगा।2027 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए यह कदम महिला मतदाताओं जिसकी संख्या 6.5 करोड़ है, का विश्वास जीतने और सशक्तिकरण का संदेश देने का माध्यम भी माना जा रहा है।

जनवरी के अंत या फ़रवरी की शुरुआत में बड़े स्तर पर अफ़सरों की पोस्टिंग बदली जा सकती है, इससे पहले कि चुनाव आयोग आचार संहिता लागू कर दे।

कुछ जिलों में जहां डीएम और एसएसपी लंबे समय से तैनात हैं, वहां बदलाव लगभग तय माने जा रहे हैं।सरकार महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने, मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रमों और योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बना रही है। अब ब्यूरोक्रेसी में भी उनकी भागीदारी बढ़ाने का यह प्रयास प्रशासन को अधिक समावेशी और संतुलित बनाने की दिशा में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डीएम और एसएसपी की तैनाती में अधिकारी की कार्यशैली, अनुभव और जिले की जरूरतों को ध्यान में रखा जाता है। महिला अधिकारियों को पहले भी जिम्मेदारियां सौंपी जा रही थीं, अब उनकी संख्या में वृद्धि की जा रही है।

# लव जिहाद के विरुद्ध युद्ध का बिगुल

**19 अप्रैल को लखनऊ समेत अवध प्रांत के 14 जिलों में महापंचायत**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा द्वारा एक युद्ध - लव जिहाद के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत दिनांक 19 अप्रैल, रविवार को पटेल स्मारक पार्क, हजरतगंज में एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत का उद्देश्य समाज को जागरूक करना, बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा लव जिहाद जैसे गंभीर मुद्दे पर व्यापक जनसंवाद स्थापित करना है।

कार्यक्रम संयोजक अनुराग शुक्ला ने बताया कि बीते कुछ समय से लगातार ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें सुनियोजित तरीके से हिंदू बेटियों को प्रेम के जाल में फंसाकर उनका शोषण और धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह केवल व्यक्तिगत घटनाएं नहीं, बल्कि एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा होती हैं, साथ ही इसका आतंकवाद से भी कहीं न कहीं कनेक्शन होता है, जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

श्री शुक्ला ने कहा कि लव जिहाद की घटनाएं समाज के लिए नासूर बन गई है, और इसको मात्र एक घटना न माने बल्कि यह एक संगठित अपराध है, और देश की अखंडता के लिए भी खतरा है, इस लिए लव जिहादियों पर गैंगस्टर एक्ट और इस को भी देशद्रोह की श्रेणी में मानते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा में अपराध दर्ज किए जाए। संघर्ष मोर्चा का यह भी आरोप है कि इस प्रकार की गतिविधियों के पीछे संगठित नेटवर्क सक्रिय होते हैं, जिनकी फंडिंग और संचालन की जांच आवश्यक है।

सरकार और प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई करते हुए दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि समाज में भय का माहौल खत्म हो और बेटियां सुरक्षित रह सकें।

# डीएम ने नालंदा विद्यालय में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद में प्रशिक्षण प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। 15 अप्रैल को जनपद के सभी जनगणना चार्ज, नगर निगम, तहसील, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत एवं छावनी परिषद में नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रथम बैच का प्रशिक्षण प्रातः 09:30 बजे से सायं 06:00 बजे तक प्रारम्भ कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु संबंधित उप जिलाधिकारी, जनगणना चार्ज अधिकारी, अपर नगर आयुक्त, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की ड्यूटी विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों पर लगाई गई है। साथ ही संबंधित उप जिलाधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्रशिक्षण केंद्रों का सतत निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे शासन द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले सभी कार्मिकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी अरविंद कुमार उपस्थित रहे तथा उनकी अध्यक्षता में प्रशिक्षण सत्र संपन्न कराया गया। उनके द्वारा दून इंटरनेशनल स्कूल एवं रियान जीआईसी स्कूलों का भी निरीक्षण किया गया, जहां प्रशिक्षण



कार्यक्रम संचालित किया जा रहा था, तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसी क्रम में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कैंट स्थित नालंदा विद्यालय पहुंचकर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण को अधिक से अधिक व्यवहारिक एवं विस्तृत बनाया जाए, ताकि सभी कार्मिक विषय-वस्तु को भली-भांति समझ सकें एवं फील्ड में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। जिलाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि प्रशिक्षण उपरांत एक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता उच्च स्तर की रही है तथा प्रतिभागियों ने अपेक्षित ज्ञान अर्जित किया है। प्रशासन का उद्देश्य है कि जनगणना-2027 का प्रथम चरण पूर्ण सटीकता, पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ संपन्न कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की निगरानी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न तहसीलों में नोडल पर्यवेक्षक के रूप में नामित किया गया है, जो प्रशिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न बैचों प्रथम बैच (15, 16, 17 अप्रैल), द्वितीय बैच (20, 21, 22 अप्रैल) तथा तृतीय बैच (23, 24, 25 अप्रैल) के दौरान नियमित निरीक्षण करेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि सूचना के बावजूद यदि कोई प्रगणक अथवा पर्यवेक्षक प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहता है, तो उसके विरुद्ध जनगणना अधिनियम-1948 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मदनापुर,शाहजहांपुर।** क्षेत्र में बुधवाना रोड स्थित गांव फाजिलपुर के पास बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में खमरिया निवासी मुनीश चन्द्र उम्र लगभग 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। मुनीश चन्द्र अपनी बाइक से जा रहे थे।तभी रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही मदनापुर पुलिस के उपनिरीक्षक अनूप सिंह मौके पर पहुंचे और बिना देरी किए घायल को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनापुर पहुंचाया।गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

## खबरें एक नजर में

### सबा नक़वी की शायरी इनसाइड द लेटर्स में देश के 12 कवियों के साथ हुई प्रकाशित



**शाहजहांपुर।** भावनाओं को अभिव्यक्त करने का नाम है कला, चाहे वो चित्रकला हो या साहित्य। जब ये दोनों विधाएं एक ही व्यक्ति में समा जाए तो वह परिवार शहर की पहचान बन जाता है। ऐसी ही शायरा और चित्रकार है बाडूजई द्वितीय निवासी सबा नक़वी सबा, जिन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनियों में प्रतिभाग कर चुकी है और अब साहित्य के क्षेत्र में ग़ज़ल शायरा के रूप में अपनी पहचान बना रही है। सबा प्रसिद्ध चित्रकार, अंतरराष्ट्रीय आर्टिस्ट ग्रुप आर्ट फैमिली के संस्थापक स्व. मोहम्मद तौक़ीर की छोटी पुत्री है। पिछले दिनों सबा नक़वी सबा सहित के क्षेत्र में देश के 12 कवियों का काव्य संग्रह इनसाइड द लेटर्स के नाम से प्रकाशित हुआ। जिसमें बंगला भाषा के पांच कवि अंग्रेजी भाषा के तीन और हिंदी भाषा के चार कवि और शायरों को स्थान मिला। जिसका विमोचन 49 वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता बुक फेयर में किया गया। जिसमें सबा नक़वी की इस ग़ज़लों को विशेष रूप से सराहा गया। वो मौत का कुआं है इसे जानते हुए, तुम कह रहे हो हमसे वाँ जाने के वास्ते, लड़के जो आजकल के हैं मजनू बने हुए, करते हैं मोहब्बत ये बनाने के वास्ते। सबा की कविताओं में मुख्य रूप से ख़्वाब, सफ़र, रोटियां, पत्थर का फूल, हुनर, दिले नादाँ, मोहब्बत, बुरा वक्त, बचपन, आदि शामिल है।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली के गांव डुगरौची निवासी 40 वर्षीय दयाराम शराब के नशे में दयाराम बाइक लेकर गांव महुआ पाठक जा रहे थे।नशा अधिक होने के कारण उनकी बाइक दूसरे की बाइक के ऊपर गिर गई जिस कारण उनको काफी चोटें आई। जब परिजनों को जानकारी मिली तो उन्होंने एम्बुलेंस को सूचना देकर बुलाया ओर पुवायां सीएचसी लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उनका इलाज शुरू कर दिया।

### कार्डियो सेवा फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर: मंसूरी

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था कार्डियो सेवा फाउंडेशन लखनऊ द्वारा 19 अप्रैल को एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किया जा रहा है। यह शिविर रहीस मंजिल क्लॉक टॉवर हुसैनाबाद लखनऊ में दोपहर दो बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगा।इस शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों को नि:शुल्क परामर्श, ब्लड प्रेशर जांच, शुगर जांच एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर लखनऊ के डिप्टी सी.एम.ओ गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त डॉ. शराफत अली मंसूरी उत्तर प्रदेश प्रांत सचिव नेशनल एलाइड एंड हेल्थ केयर प्रोफेशनल एसोसिएशन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और इस सामाजिक पहल को अपना समर्थन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन कार्डियो सेवा फाउंडेशन की टीम द्वारा किया जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से फईक मंसूरी संस्थापक, डॉ. हस्साम अहमद, सह-संस्थापक डॉ. अहमद अबूबकर, वरिष्ठ क्लिनिकल सलाहकार, डॉ. आमिर क्लिनिकल सलाहकार, डॉ. अंशिका क्लिनिकल सलाहकार, डॉ. शादाब क्लिनिकल सलाहकार, डॉ. नाज़िया मनोवैज्ञानिक संस्था के संस्थापक फईक मंसूरी ने बताया कि कार्डियो सेवा फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में हृदय रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना एवं जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। संस्था की ओर से अधिक से अधिक लोगों से इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की गई है।

# फर्जी वसीयत बनाकर हड़पनी चाही जमीन

▶ पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के एक ग्राम में जमीन कब्जाने और जालसाजी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित उज्ज्वल अग्निहोत्री ने डीएम और एसपी को पत्र लिखकर प्रभावशाली लोगों द्वारा उसकी पैतृक भूमि पर अवैध हस्तक्षेप करने और पुलिस द्वारा आरोपियों को बचाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित उज्ज्वल अग्निहोत्री के अनुसार ग्राम डुड़वा में स्थित उनकी गाटा संख्या 83 की भूमि उनके दादा स्व. जसवंतराय के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आरोप है कि कुछ लोगों ने एक फर्जी अपंजीकृत वसीयत तैयार कर धोखे से जमीन अपने नाम करवा ली थी। जब पीड़ित को इसकी जानकारी हुई, तो उसने इसकी शिकायत की, जिसके बाद प्रशासन ने उक्त फर्जी आदेश को निरस्त कर दिया। तत्कालीन तहसीलदार और अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों पर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश भी दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि थाना पुवायां में मामला तो दर्ज हुआ, लेकिन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई हैं। उसने बताया कि 10 अप्रैल 2026 को जब पीड़ित अपनी गेहूं की फसल काट रहा था, तो आरोपियों ने फर्जी शिकायत कर काम रुकवा दिया। जाँच में पीड़ित के सही पाए जाने पर फसल तो कट गई, लेकिन अब आरोपी लगातार झूठी मौखिक शिकायतें कर पीड़ित को परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि थाना बंडा की पुलिस पीड़ित को अपनी ही भूमि जोतने और बोने से रोक रही है। साथ ही उसने एसपी को भी पत्र देकर बताया कि आरोप लगाया है कि आरोपी अत्यंत प्रभावशाली हैं और उनकी ऊँची राजनीतिक पहुँच है। इसी कारण विवेचना में उनका नाम सम्मिलित नहीं किया जा रहा है और न ही उनकी गिरफ्तारी हो रही है, जबकि वे इस पूरे जालसाजी के मुख्य आरोपी हैं। उज्ज्वल अग्निहोत्री ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि चल रही विवेचना में साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के नाम शामिल किए जाएँ और आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, उसकी पैतृक भूमि पर हो रहे अवैध हस्तक्षेप को रोका जाए ताकि पीड़ित अपनी फसल बो सके। वहीं इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि पीड़ित पक्ष को सही पाए जाने पर फसल कटवा दी गई थी, मामला राजस्व से संबंधित है जिसके चलते उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# पेट्रोल की अफवाह बनी बवाल की वजह, पेट्रोल पम्प पर मारपीट




**कांट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह ने हालात बिगाड़ दिए हैं। बुधवार को सियाराम फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल डलवाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट तक की नौबत आ गई। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में पेट्रोल की कमी की चर्चा के चलते पंप पर सुबह से ही भारी भीड़ जुटी रही। इसी दौरान कुछ युवक पेट्रोल डलवाने पहुंचे, जहां कर्मचारियों ने 100 से अधिक पेट्रोल देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि पहले युवक वहां से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद दोबारा साथियों के साथ लौटे और पंप कर्मचारियों से भिड़ गए। आरोप है कि उन्होंने पंप परिसर में घुसकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की और माहौल तनावपूर्ण कर दिया। घटना के समय पंप मालिक मौके पर मौजूद नहीं थे, जिससे स्थिति संभालने में देरी हुई। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पेट्रोल को लेकर चल रही अफवाह और पंपों पर लगाई गई सीमाओं ने विवाद को जन्म दिया है। मामले में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि पंप मालिक की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विधायक ने दो सड़कों का किया शिलान्यास



**पुवायां, शाहजहांपुर।** विकासखंड पुवायां के ग्राम नाहिल में मंगला देवी मंदिर से रघुनाथपुर मंदिर तक 1.5 किमी. रोड एवं नाहिल मार्ग से ग्राम भरसंडा तक 2.25 किमी. बनने वाली रोडों का शिलान्यास भाजपा विधायक चेतराम के द्वारा किया गया। विधायक चेतराम ने कहा कि इन मार्गो के बनने से गांव और समाज को एक नई राह मिलेगी और आने जाने वाले लोगों को काफ़ी सुगमता होगी। भाजपा सरकार शहरों के गली मोहल्ले से लेकर गांव गांव तक सड़को का जाल बिछा रही है। इस मौके शशि अग्निहोत्री, डॉ हरिओम अवस्थी, दिनेश चंद्र मिश्रा, कमल मिश्रा, ओम शंकर अवस्थी, जितेंद्र त्रिवेदी, अर्पित त्रिवेदी, बालेंद्र मिश्रा, पुनीत शर्मा, केपी सिंह, पंकज कुमार, बादशाह, रवि कुमार, अजय पाल, विजय वर्मा, विजेंद्र कुमार, मिथुन कुमार, नवनीत कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## नकब लगाकर तेल कोल्हू की दुकान से चोरी

**बंडा, शाहजहांपुर।** अज्ञात चोरों ने एक दुकान में सेंध लगाकर चोरी को अंजाम दे दिया जबकि पड़ोसी की दुकान से साढ़े सात किलोवाट के जनरेटर का अल्टीनेटर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित दोनों युवकों ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बंडा के गांव भूड़ा निवासी अशोक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बंडा-पुवायां नेशनल हाईवे पर भूड़ मोड़ के पास दुकान है जिसमें उसका तेल कोल्हू लगा है। मंगलवार बुधवार की रात अज्ञात चोर उसकी दुकान में रखा साढ़े सात किलोवाट के जनरेटर का अल्टीनेटर, लाइट का तार और अन्य चुरा ले गए। वहीं इसी दौरान चोरों ने सड़क पार करीब 30 मीटर की दूरी पर बनी एक पंचर की दुकान में सेंध लगा दी। दुकान मालिक दलजीत सिंह उर्फ बूटा ने बताया कि उसकी दुकान से चोर चाबी, पाना, कॉपर तार सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। दोनों पीड़ितों ने बंडा थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल जारी है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# जमीनी विवाद को लेकर युवक की गोली मारकर हत्या, दूसरा भाई घायल

▶ पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा, एफआईआर दर्ज, शव का पीएम कराया

▶ एसपी सिटी, सीओ सदर ने किया घटना का मौका मुआयाना, सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात



**मदनापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मदनापुर के एक गांव में जमीन को लेकर एक भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि दूसरा भाई विवाद में नुकीली चीज लगने के कारण घायल हो गया, जिसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। मृतक के शव को पीएम के लिए भेजा गया। घटना का एसपी सिटी देवेंद्र कुमार और सीओ सदर प्रियांक जैन ने निरीक्षण किया। एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया हैं। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। क्षेत्र के गांव बरी खास निवासी श्याम सुंदर (25) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जबकि विवाद में कोई अन्य वस्तु करने के कारण दूसरा भाई बृजमोहन सिंह घायल हो गया। मृतक का अपने ही रिश्तेदार से 40 बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। सामने से फायरिंग करने पर गोली माथे के आर पार हो गई। युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मंगलवार रात में दोनों पक्षों के बीच फिर से गाली गलौज शुरू हो गई। पत्नी ने युवक को बाहर जाने से रोका था। लेकिन बाहर बह दरवाजे की कुंडी तोड़कर बाहर चला गया। आरोपी ने उसके फायरिंग करनी शुरू कर दी थी। श्याम सुंदर बचपन से ही अपनी नानी के घर रहता था। उसके नाना की केवल एक ही बेटी थी। इसलिए ननिहाल की सारी संपत्ति श्यामसुंदर को मिली थी। नाना के भाई के बेटों की नजर संपत्ति पर थी इसलिए वह श्याम से आए दिन विवाद करते रहते थे। श्याम के नाम पर नाना ने 40 बीघा जमीन कर रखी थी, जिसे लेकर विवाद चल रहा था। हत्या से कुछ दिन पहले आरोपी अजय वहां मृतक से दोस्ती कर ली। आए दिन घर पर आने जाने लगा। हत्या वाले दिन शाम को जब श्याम सुंदर खेत पर जानवरों के लिए चारा लेने गया था तभी आरोपी ने उसे गाली गलौज की थी। उस समय ग्रामीणों ने मामला शांत कर दिया था। मृतक की पत्नी शिखा के अनुसार उन्होंने श्याम सुंदर को बाहर जाने से रोका लेकिन लेकिन वह जबरदस्ती घर से निकाल कर आरोपी के घर के पास पहुंच गया। वही पहले से ही मौजूद अजयभान, विजयवीर ओर धनवीर से उसका विवाद बढ़ गया। और अचानक फायरिंग शुरू हो गई। एक गोली श्यामसुंदर के माथे पर लगी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भाई बृजमोहन के जांघ में नुकीली जीच लगने से वह गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने श्याम सुंदर को मृत घोषित कर दिया। श्याम सुंदर के दो बच्चे हैं 3 साल का बेटा और 2 साल की बेटी है। जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। मृतक के नाना विश्राम सिंह ने बताया कि श्याम सुंदर जब 1 साल का था तो हम उसको घर से ले आए थे। हमने उसका पालन पोषण किया था। उसकी शादी की थी। उसके दो बच्चे हैं। 3 साल की बेटी कृतिका और 2 साल का बेटा कृष्णा है। छोटी-मोटी तो बात होती रहती है हम तो मौके पर नहीं थे। श्याम सुंदर और आरोपी अजय एक मोटरसाइकिल पर घूम रहे थे। दोनों के बीच अच्छी दोस्ती थी। मंगलवार की शाम करीब 4:00 बजे श्याम सुंदर बरसीम काटने गए थे वहां पर विवाद हुआ था वहां पर मारपीट की थी। श्यामसुंदर के पीछे लाठी डंडे लेकर आरोपी दौड़े थे। फिर रात करीब 11:00 बजे आरोपी के घर बाहर गाली गलौज कर रहे थे। जब श्याम सुंदर घर के बाहर आया तो उसने गोली मार दी। मदनापुर पुलिस को सूचना मिलती ही मौके पर पहुंची, पुलिस ने दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए भिजवाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी धनवीर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अग्नि सुरक्षा से संबंधित निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता एवं जागरूकता व्याख्यान आयोजित



▶ अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर।** अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिताओं एवं व्याख्यानों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में 15 अप्रैल को अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक एवं प्रभावी आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता एवं जागरूकता व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों, सतर्कता एवं प्राथमिक सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। साथ ही आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सही कार्यवाही, अग्निशमन यंत्रों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले आवश्यक कदमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। संजय सरस्वती विद्या मंदिर रेती रोड में आयोजित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में आयुषमणि ने प्रथम स्थान, आर्यन मिश्रा ने द्वितीय स्थान एवं सिद्धि गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दून इंटरनेशनल स्कूल रोजा में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 7 से दीक्षा राय ने प्रथम, मिष्ठी अग्रवाल ने द्वितीय एवं अग्रिमा दयाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 में प्रगति सिंह प्रथम, यूरूस खान द्वितीय एवं श्रिया सोनी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा 6 में दृष्टियाना ने प्रथम, आकृति सिंह ने द्वितीय एवं तीर्थया राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अग्निशमन केंद्र पुवायां से अग्निशमन द्वितीय अधिकारी आकाश सिंह द्वारा भी अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन कराते हुए आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं त्वरित कार्यवाही के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उक्त समस्त कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं आमजन में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी प्रयास किया गया। भविष्य में अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम की छात्राओं को दी गई जानकारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रचार अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा निदेशक के निर्देशानुसार आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सपोर्ट हेतु महाविद्यालय में छात्राओं को एकत्रित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या रूपांशु माला द्वारा इस अधिनियम की जानकारी छात्राओं को दी गई। तथा इसके समर्थन हेतु दिए गए मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल करते हुए इस अधिनियम का समर्थन छात्राओं ने किया। प्राचार्य द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण विधेयक सिर्फ एक कानून नहीं है बल्कि महिलाओं के प्रतिनिधित्व, उनके आत्म सम्मान व लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर हिंदी विभाग की प्रोफेसर दुर्गावती सिंह ने बताया कि इस अधिनियम के तहत लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाईसीटें आरक्षित की गई है जो की नारी शक्ति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह महिला आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक व अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रही। इस क्रम में अगले दिन नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर नारी शक्ति दीवार स्थापित कर इस अभियान पर अपने विचार प्रस्तुत कर समर्थन में हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# आपका स्मार्ट मीटर, आपका फैसला: रखना है पोस्टपेड या लेना है प्रीपेड का लाभ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए एक और खुशखबरी है। बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगवाना भले ही अनिवार्य हो लेकिन उन्हें अब यह विकल्प चुनने का अधिकार मिल गया है कि वह अपना मीटर पोस्टपेड तरीके से ही चलाना चाहते हैं, या प्रीपेड विकल्प में जाना चाहेंगे। स्मार्ट मीटर लगाने वाला टेक्नीशियन आपके घर पर सिर्फ स्मार्ट मीटर लगा सकता है, आपको जो भी विकल्प चाहिए उसके लिए आपको बिजली विभाग से बात करनी होगी।

आपको बता दें कि पोस्टपेड विकल्प में चलने वाले स्मार्ट मीटर में सामान्य मीटर की तरह ही महीने के आखिर एक बार बिल आएगा और बकाया बिल पर आपको चक्रवृद्धि ब्याज भी देना होगा। लेकिन उपभोक्ता बिजली के स्मार्ट मीटर को प्रीपेड तरीके से इस्तेमाल करता है तो वह प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ ले सकता है। जिनमें बिजली विभाग द्वारा बनाए गए ऐप के जरिए रियल टाइम पर बिजली खपत की जानकारी, सटीक बिलिंग, आसान भुगतान, सोलर पैनल के साथ स्मार्ट मीटर का उपयोग और ऑनलाइन रिचार्ज पर मिलने वाली छूट समेत राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

> मीटर जो पहले से स्थापित किए जा चुके हैं, उन्हें बदला नहीं जाएगा। सीईए के आदेशानुसार, पोस्टपेड से संबंधित दिशा-निर्देश जैसे ही उच्च अधिकारियों से प्राप्त होंगे, उनके अनुसार आवश्यक संशोधन किया जाएगा।
>
> -अनुज प्रताप, अधीक्षण अभियंता

**किसी भी अफवाह में न आएं:** बिजली विभाग के अधिकारी बताते हैं कि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह के अफवाह अथवा भ्रम में आने की जरूरत नहीं है। सभी उपभोक्ता बिना किसी भ्रम में आए इस बदलाव को अपनाएं। स्मार्ट मीटर आपके पैसे और बिजली की बचत करने वाला एक सच्चा साथी है। जब आप अपनी बिजली की बचत करते हैं, तो आप सिर्फ अपना बिल और पैसे ही कम नहीं करते, बल्कि देश की बिजली बचाकर भारत की तरक्की में अपना हाथ बंटाते हैं।

### सीईए ने नियम में किया संशोधन

दरअसल, स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को यह अतिरिक्त सुविधा केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा बीते 1 अप्रैल 2026 को जारी उस नए संशोधन के बाद आया है। जिसमें 'अनिवार्य प्रीपेड' की शर्त को हटा दिया है। अर्थात स्मार्ट मीटर लगवाना अभी भी अनिवार्य है, लेकिन इस नए संशोधन से आपको पोस्टपेड या प्रीपेड के विकल्प का अधिकार मिल गया है। अब उपभोक्ताओं को यह चुनने की आजादी होगी कि वे पोस्टपेड (पहले बिजली इस्तेमाल करें, फिर बिल भरें) विकल्प में रहना चाहते हैं, या प्रीपेड (पहले रिचार्ज करें) विकल्प को अपनाना चाहते हैं।

### स्मार्ट मीटर सिर्फ एक मीटर है

विभागीय अधिकारी यह बताते हैं कि सबसे पहले तो बिजली उपभोक्ताओं को यह समझना जरूरी है कि स्मार्ट मीटर सिर्फ एक मीटर है, जिसका काम सिर्फ बिजली खपत की रीडिंग करना है। बिजली का टैरिफ रेट संबंधित राज्य विद्युत विनियामक आयोग हर साल तय करता है और उसी के मुताबित बिजली बिल बनता है।

### टेक्नीशियन का काम सिर्फ मीटर बदलना

इस नए संशोधन अब आप अपनी सुविधा से तय करेंगे कि आपको रिचार्ज करना है या महीने के अंत में बिल भरना है। ये फैसला अब आपके हाथों में है! बिजली विभाग अधिकारी के उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहते हैं कि जब टेक्नीशियन आपके घर मीटर बदलने आए, तो उसे अपना काम करने दें। याद रखिए कि टेक्नीशियन का काम सिर्फ मीटर लगाना है। वह चाहकर भी आपके बिलिंग मोड (प्रीपेड या पोस्टपेड) में बदलाव नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। यह अधिकार केवल बिजली विभाग के पास है।

## खबरें एक नजर में

### जनगणना प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों की एडीएम ने लगाई हाजिरी, राजकीय इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण



**शाहजहांपुर।** जनपद में शुरू होने जा रही, दो चरणों में जनगणना कार्यक्रम के लिए डीएम के निर्देश पर जनपद मुख्यालय पर जनगणना ड्यूटी में लगे कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जोकि राजकीय इंटर कॉलेज समेत अन्य कालेजों में जिला जनगणना अधिकारी एवं एडीएम वित अरविंद कुमार की देखरेख में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बुधवार को राजकीय इंटर कालेज पहुंचकर जनगणना कार्मिकों की हौसलाअफजाई की और कहा कि आप लोग सौभाग्यशाली है कि आप लोगों को जनगणना के लिए यह दायित्व जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेहनत लग्न के साथ आप लोग जनगणना करिए। सरकार द्वारा इसके लिए आपको भत्ता भी दिया जा रहा है। जनगणना अधिकारी ने जनगणना कैसे करें, कैसे लोगों तक पहुंचे आदि छोटी छोटी बारीकी जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों ने अपनी समस्याओं को भी रखा जिनका निस्तारण के लिए आश्वासन दिया।

### अंबेडकर जयंती पर अवैध रूप से बिकती शराब पकड़ी

**बंडा, शाहजहांपुर।** सेलमेन की मिली भगत से अवैध रूप से बिक रही देसी शराब के पाउच आबकारी विभाग के दो सिपाहियों ने बिना पुलिस को सूचना दिए पकड़ ली और फिर बिना कार्रवाई किए मामले को ठंडे बस्ती में डाल दिया। थाने में पुलिस को सूचना होने पर सिपाहियों को लेकर हड़कंप मच गया। बंडा कस्बे में नभीदी रोड पर देशी शराब की दुकान है। मंगलवार को अंबेडकर जयंती पर शासन की तरफ से दुकान बंद थी। पास में एक दुकानदार अपने खोखे पर अवैध रूप से 100 पाउच बेच रहा था। सूचना पर पहुंचे आबकारी विभाग के दो सिपाही ने एक बोरी देसी शराब के पाउच मौके से पकड़ लिए और बिना कार्रवाई के युवक को छोड़ दिया। इससे पूर्व 26 जनवरी को भी अवैध रूप से शराब बेचते हुए युवक को पकड़ा जा चुका है। उस समय पुलिस ने उस पर कार्रवाई की थी। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि आबकारी विभाग के सिपाहियों ने थाने में कोई सूचना नहीं दी, जबकि उन्हें सूचना देनी चाहिए थी। आबकारी विभाग के दीवान संदीप कुमार ने बताया कि खेत में कुछ पाउच मिले थे।

### हाइवे पर कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार पुलिस कर्मी व गार्ड गम्भीर घायल



**तिलहर-शाहजहांपुर।** पोस्टमार्टम कराकर लौट रहे पुलिस कर्मियों की बाइक में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और दिनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां से एक्सरे के लिए जिला मेडिकल रेफर कर दिया गया। उधर मदनापुर थाना प्रभारी व स्थानीय पुलिस सीएचसी पहुंची और घायलों का हाल चल लिया। जानकारी के मुताबिक मदना पुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक हत्या हो गई थी। जिसके शव का शाहजहांपुर पोस्टमार्टम कराकर कांस्टेबिल रामाशीष पुत्र राजाराम तथा होमगार्ड शैलेश कुमार पुत्र रामसरन बाइक से लौट रहे थे। अपरान्ह करीब साढ़े चार बजे उनकी बाइक हाइवे पर कच्छियानी हनुमान मंदिर पहुंची। उक्त दोनो जवानों ने यहां रुककर पानी लिया और फिर चल दिए। कुछ कदम ही बाइक बढ़ी होगी कि पीछे से आ रहा तेज रफ्तार कंटेनर बाइक को टक्कर मारता हुआ निकल गया। इससे कांस्टेबिल रामाशीष व होमगार्ड शैलेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची डायल 112 ने तत्काल कोतवाली में सूचना दी। आनन फानन में घायलों को तिलहर सीएचसी लाया गया। इस दौरान कोतवाली से एसआई गौरव कुमार तथा मदना पुर थाना प्रभारी सीएचसी पहुंचे गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। वहीं हादसे को अंजाम देने वाले कंटेनर की तलाश के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### जयपुरिया स्कूल के विद्यार्थियों में परिणाम देखते ही खुशी का माहौल



**शाहजहांपुर।** सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूलके विद्यार्थियों ने CBSE बोर्ड परीक्षा 2025–26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गर्व से ऊँचा किया है। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता–पिता बल्कि विद्यालय को गौरवान्वित किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल छा गया, जहाँ विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। विद्यालय की छात्रा आख्या कुशवाहा ने (97.60%), अनन्या सक्सेना (96.60%), सत्यम मिश्रा एवं शौर्य गुप्ता (95.60%), अनुष्का त्रिवेदी (95.40%), अर्णव गुप्ता (95%), शिवांश गुप्ता (94.40%), श्रेष्ठि श्रीवास्तव (94.40%), मृत्युंजय महाजन (94%, अक्षरा मिश्रा (93.80%), उज्ज्वल अग्रवाल (93.80%), आदित्य सक्सेना (93.40%), आरोही सिंह (92.20%), निधि अग्रवाल (91.60%), सायदा मायदा फातिमा (91.40%), सार्थक राज गुप्ता (91.40%) एवं आराध्या ओझा (91%) ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आर.डी. अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की क्षमता भी विकसित कर रहे हैं। हम सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा करते हैं कि वे इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करें और विद्यालय व परिवार का नाम इसी तरह रोशन करते रहें। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्कूल न केवल शिक्षा देता है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान देता है। उन्होंने विद्यालय के अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं सकारात्मक वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यही कारण है कि बच्चे निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। अभिभावकों ने यह भी विश्वास जताया कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यार्थियों को सफलता की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राना पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

**स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राना पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के छात्रों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10 के छात्र नूरवेज खान ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फैजुद्दीन, शुभ त्रिवेदी एवं अविका वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। 93 प्रतिशत अंकों के साथ अंश शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं केशव सिंह ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित किए। सहजप्रीत कौर एवं आस्था मिश्रा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय के डायरेक्टर अवतार सिंह राना ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप पांडेय ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की, वहीं उपप्रधानाचार्य रुद्रेंद्र पटेल ने भी सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिक्षक राम प्रकाश तिवारी, सुनील दीक्षित, लखविंदर सिंह, मनप्रीत कौर एवं प्रियंका सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सेक्रेड हार्ट एकेडमी ने फहराया सफलता का परचम

**सीबीएसई हाइस्कूल का रिजल्ट घोषित, बच्चों के चेहरे खिले**



**पुवायां, शाहजहांपुर।** बुधवार को सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें पुवायां के सेक्रेड हार्ट एकेडमी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। दसवीं के छात्र अथर्व शुक्ला ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तो वहीं केशव बंसल, शिवेस सक्सेना ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा, तन्मय सिंह ने 85.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सभी मेधावियों ने सफलता का श्रेय माता पिता के साथ स्कूल के गुरूजनों को दिया है। स्कूल प्रबंधक संजीव मेहरोत्रा ने सभी मेधावी बच्चों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह इससे अधिक मेहनत करके जिससे आने वाली परीक्षाओं में वह जनपद के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करें।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण एवम् पुष्प अर्पित कर बड़े धूम धाम से मनाई गई। सिंधौली क्षेत्र के गांव कोटावारी में भारत रत्न बौद्धिसत्व बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती अम्बेडकर पार्क गांव कोटावारी में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। क्षेत्र के कई गणमान्य जन उपस्थित हुए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर ने कमजोर, वंचित, दलित, समाज के लिए पूरे जीवन कार्य किया, वरिष्ठ अध्यापक श्री सज्जन कुमार ने कहा कि बाबा साहेब ने सिर्फ शिक्षा की अलख जगाई बल्कि महिलाओं की शिक्षा के स्तर पर बहुत बड़ा सुधार करते हुए उन्हें सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक हक भी दिलाने का कार्य किया।

## भाजपा नेता ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय संविधान के शिल्पी भारत रत्न डा. बी.आर. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता अजय गुप्ता और अपूर्वा ठाकुर ने बाबा साहब के सिद्धांतों को आधुनिक भारत की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का विजन केवल एक वर्ग तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने पूरे राष्ट्र के लिए समानता का मार्ग प्रशस्त किया। घ्क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अजय गुप्ता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को वह शक्ति दी, जिससे वह सिर उठाकर जी सके। उन्होंने विशेष रूप से वंचितों, दलितों और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए किए गए संवैधानिक प्रावधानों पर प्रकाश डाला। गुप्ता ने कहा, बाबा साहब ने एक ऐसे समावेशी समाज की नींव रखी जहाँ जातिगत भेदभाव का कोई स्थान नहीं है और हर किसी को अपनी योग्यता के आधार पर समान अवसर उपलब्ध हैं। भाजपा नेत्री अपूर्वा ठाकुर ने बाबा साहब के विचारों को साझा करते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकार और उनकी स्वतंत्रता के पीछे डॉ. अंबेडकर का बड़ा संघर्ष रहा है। उन्होंने कहा कि समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों ने भारतीय समाज को नई दिशा दी है। आज के समय में उनके विचारों को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। घ्कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और सहयोगी मौजूद रहे। क्षेत्र में निकाली गई संगोष्ठी और माल्यार्पण कार्यक्रम में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के जयकारों के साथ सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और डॉ. अंबेडकर के अनुयायी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ कवि ज्ञान व असगर को मिला डॉ. बीआर अंबेडकर सम्मान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती पर साहित्यिक संस्था नजर मेमोरियल सोसायटी की ओर से कवि सम्मेलन एवं मुशायरा तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार की शाम को मोहल्ला हाथीथान स्थित शिक्षक व उर्दू लेखक इरफान अहमद अंसारी के आवास पर आयोजित समारोह में सामाजिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान तथा शिक्षक व शायर असगर यासिर को डा. बीआर अम्बेडकर सम्मान-2026 प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान दोनों साहित्यकारों को शाल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां, शायर वसीम मीनाई, संस्था अध्यक्ष हमीद खिजर, इरफान अहमद अंसारी, राशिद हुसैन राही, गुलिस्तां खान, सैयद शारिक अक्स, इशरत सगीर, विकास सोनी ॠतु राज, विपिन सक्सेना, परवेज अहमद खां, सुधाकर तिवारी आदि ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। इसके बाद कवियों और शायरों ने सामाजिक विषय पर रचनाएं प्रस्तुत कर प्रशंसा बटोरी। अध्यक्षता वसीम मीनाई ने की। संचालन शारिक अक्स ने किया। अंत में आयोजक हमीद खिजर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मायके पक्ष की सूचना पर कराया पोस्टमार्टम**

**कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। निगोही थाना क्षेत्र के ढकिया तिवारी निवासी सर्वेश ने थाना काँट पहुंचकर बताया कि उसने अपनी बहन मीना देवी का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व काँट क्षेत्र के ग्राम पटियरी निवासी रामबाबू के साथ हिंदू रीति-रिवाज से किया था। बताया गया कि मीना देवी पिछले करीब एक महीने से बीमार चल रही थीं और उनका इलाज तिलहर स्थित रोहिलखंड अस्पताल में चल रहा था, जहां डॉक्टरों ने पेट में गांठ होने की बात कही थी। परिजनों के अनुसार, मीना देवी की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, जिस पर उन्होंने पंचायतनामा की कार्रवाई कराने की मांग की। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच कराई गई। वहीं नायब तहसीलदार काँट कमलेश राजपूत भी मौके पर पहुंचे, जिनकी मौजूदगी में उपनिरीक्षक शकील अहमद द्वारा पंचायतनामा की कार्रवाई कराई गई। इसके बाद मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित मोर्चरी भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### वृद्धाश्रम व छात्रावास में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस पर कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारत रतन बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास खिरनीबाग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच संचालन इन्दु अजनबी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अरुण सागर,महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता,मंडल अध्यक्ष मालती देवी,जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा,छात्रावास अधीक्षक सोमलता रहे। मुख्य अतिथि द्वारा बाबा साहब की चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण किया गया तथा भारत रतन बाबा साहब द्वारा समाज के लिये किये गये कार्यों एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में छात्रावास में निवासरत छात्राओं द्वारा गीत के माध्यम से बाबा साहब द्वारा समाज के लिये गये किये गये कार्यो के सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया। वही समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में भारत रतन बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कृष्णाराज द्वारा बाबा साहब की चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण किया गया तथा भारत रतन बाबा साहब द्वारा समाज के लिये किये गये कार्यों एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया।

## डॉ. जीएल कन्नौजिया पब्लिक स्कूल ने शुरू की एक अनोखी पहल

**महीने में दो बार बच्चों के लिए लगेगा स्वस्थ शिविर: डॉ. रश्मि कन्नौजिया**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डॉ.जीएल कन्नौजिया पब्लिक स्कूल की ओर से बच्चों के लिए शीला हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर मे निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर अवधेश वर्मा ने बताया कि ये शिविर अभी जूनियर छात्र छात्राओं के लिए आयोजित किया गया है। जिसमें प्ले ग्रुप, एन.सी, एल.के.जी,यू.के.जी और कक्षा एक के छात्र छात्राएं शामिल है। कैम्प का शुभारंभ डॉ. संजीव कन्नौजिया डी.आर्थो के द्वारा किया गया, इस अवसर पर डा. ॠतुराज शास्त्री (बाल रोग विशेषज्ञ) ने बच्चों से जुड़ी समस्याओं की जानकारी कर उन्हें उपचार हेतु दवाइया और जरूरत के अनुसार परामर्श दिया साथ ही डॉ. प्रिया मिश्रा (दन्त रोग विशेषज्ञ) ने बच्चों के दांतों की जांच की और जिसमें पाया गया कि बाहर का खाने की वजह से बच्चों के दांत खराब हो रहे हैं, और जिन बच्चों के दूध के दांत टूटने के बाद एक से दो महीने मे निकल आने चाहिए वो दांत पांच से छः महीनों मे आ रहे हैं, डॉ. प्रिया मिश्रा ने बच्चों और उनके अभिभावकों को दांतों से जुड़ी सभी जानकारियो के बारे में बताते हुए बच्चों से दो बार ब्रश करने की अपील की है और दांतों जांच कराने के बारे में कहा साथ ही डॉ. आकाश (डी.एन.बी) ने बच्चों की रीढ की हड्डी की जांच की और उन्हें उचित परामर्श भी दिया, इस अवसर पर डॉ. रश्मि कन्नौजिया ने बताया कि ये स्वास्थ शिविर महीने मे दो बार आयोजित किया जाएगा जिससे छात्र छात्राओं मे हो रही गतिविधियों पर ध्यान दिया जाएगा जैसे बच्चों की लंबाई, वजन, दांतों से जुड़ी बीमारी, शरीर के अंदर किसी भी प्रकार की बीमारी को समय रहते ठीक करने की पूरी कोशिश की जाएगी, डॉ. रश्मि ने बताया कि शीला ट्रामा सेंटर में अब कैंसर का इलाज भी संभव है, और आयुष्मान धारकों के लिए निःशुल्क इलाज की पूर्ण रूप से व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर डॉ. सचिता पाण्डेय (एम.डी पैथोलॉजी )सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## मारवाह के आयुष ने 97 फीसदी अंक पाकर परिवार का नाम रोशन किया



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुवायां में खुटार रोड स्थित मारवाह मार्डर्न स्कूल के बच्चों का हाईस्कूल रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जिसमें सभी 37 बच्चों ने अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर स्कूल व परिवार का मान बढ़ाया। हाईस्कूल के छात्र आयुष पटेल ने 97 फीसदी, आराध्य दीक्षित 94.2, जशनप्रीत कौर 91, आशी शुक्ला व उज्जवल ने 90 फीसदी अंक पाए। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को स्कूल प्रबंधन की ओर से फोन कर बधाईयां दी गई। साथ ही बच्चों ने सफलता के पीछे अपने गुरूजनों व माता पिता का आशीर्वाद, मार्गदर्शन बताया। स्कूल प्रबंधक तारा सिंह व कमलजीत सिंह ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि बच्चों ने जो मेहनत, लग्न के साथ रिजल्ट दिया है, इसके लिए वह बधाई के पात्र है।

देरशाम आए रिजल्ट के कारण स्कूल तो बच्चे नहीं पहुंच सके, लेकिन स्कूल प्रबंधन की ओर से बच्चों को फोन करके रिजल्ट की अपडेट दी गई।

## कैम्ब्रिज के बच्चों ने पेश की सफलता की नई मिसाल, 100 फीसद रहा परीक्षा परिणाम

**अनन्या सिंह ने 96.4 फीसदी अंक पाकर स्कूल में लहराया परचम**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कैम्ब्रिज कांवेंट स्कूल पुवायां के कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने इस वर्ष अपने उत्कृष्ट परिणाम से सफलता की एक नई कहानी लिख दी है। यह उपलब्धि उनके निरंतर प्रयास, लगन और अनुशासन का परिणाम है, जिसने विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन के पीछे हमारे समर्पित शिक्षकों का मार्गदर्शन और मेहनत महत्वपूर्ण रही है, जिन्होंने हर छात्र को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डायरेक्टर डा. रचित अग्रवाल के कुशल नेतृत्व और प्रेरणादायक दिशा-निर्देशन ने विद्यालय में एक ऐसा वातावरण तैयार किया, जहां हर छात्र अपने सपनों को साकार करने की ओर बढ़ रहा है। विद्यालय की छात्रा अनन्या सिंह ने 96.4 फीसदी अंक पाकर प्रथम, अनुष्का श्रीवास्तव ने 95.6 फीसदी अंक के साथ द्वितीय, वंशिका गुप्ता ने 95.4 फीसदी अंक के साथ तृतीय, पर्व अग्रवाल 95.4 एवं शौर्य गुप्ता ने 95.4 चतुर्थ, आराध्या भदौरिया व अथर्व ने 93 फीसदी अंक के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। डायरेक्टर डा. रचित अग्रवाल व सह.डायरेक्टर विनायक अग्रवाल ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे और मेहनत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया, वो और आगे बढ़े।जिन बच्चों के नंबर कम रह गए हैं। उनको मेहनत अच्छे से करने की जरूरत है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल शर्मा ने सभी अभिभावको एवं शिक्षको का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार की ओर से विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

## खबरें एक नजर में

### जानलेवा साबित हुई बखारी की सफाई, दो की दम घुटने से मौत

**हरदोई।** जनपद हरदोई के थाना बिलग्राम क्षेत्र के ग्राम जलालपुर में एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। गेहूं रखने वाली बखारी (टैंक) की सफाई के दौरान दम घुटने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जलालपुर निवासी कैलाश पुत्र देवी सहाय (45) बखारी की सफाई करने के लिए उसके अंदर उतरे थे। बखारी के संकरे और बंद ढांचे के कारण अंदर ऑक्सीजन की कमी हो गई, जिससे उनका दम घुटने लगा। कैलाश को बचाने के लिए सुरेंद्र पुत्र सीताराम (65) बिना कुछ सोचे-समझे बखारी में उतर गए, लेकिन वह भी जहरीली हवा और ऑक्सीजन की कमी का शिकार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में एएसपी पूर्वी सुबोध कुमार गौतम ने बताया कि पीआरबी के माध्यम से सूचना मिली थी कि दो लोग गड्ढे में गिर गए हैं। मौके पर पहुंचकर जांच में पाया गया कि बखारी की सफाई के दौरान दम घुटने से यह हादसा हुआ। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### एकतरफा प्यार में युवती की फावड़ा से काटकर निर्मम हत्या



**हरदोई।** एकतरफा प्यार में हुई युवती की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला 13 अप्रैल 2026 का है, जहां गढ़ी रस्तूलपुर में शिल्पी नाम की युवती की फावड़े से हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इस सनसनीखेज हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी ऋषभ द्विवेदी निवासी गढ़ी रस्तूलपुर को फावड़े सहित गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि मृतका शिल्पी का अपने पति से तलाक का मुकदमा चल रहा था और आरोपी ऋषभ के साथ उसका प्रेम संबंध था। इसी बीच आरोपी को शक हुआ कि शिल्पी किसी अन्य व्यक्ति से बात कर रही है। इसी शक और गुस्से में आकर आरोपी ने फावड़े से हमला कर उसकी हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में उग्र प्रदर्शन, महिलाओं ने संभाली कमान



**माधौगढ़ (जालौन)।** माधौगढ़ नगर में स्मार्ट मीटर के विरोध ने अब बड़ा रूप ले लिया है। वार्ड संख्या 4, 10, 5 और 2 की करीब 500 महिलाओं ने अपने-अपने घरों के स्मार्ट मीटर हाथ में लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान चितौरा बस स्टैंड और सिहारी बस स्टैंड पर खबर लिखे जाने तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर एसडीएम राकेश सोनी, सीओ, इंस्पेक्टर, एसडीओ और जेई सहित कई अधिकारी मौजूद रहे, लेकिन लंबे समय तक चली वार्ता के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर गलत तरीके से अधिक बिल जारी कर रहे हैं, जिससे उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा। इसके साथ ही रामपुरा क्षेत्र के जेई पर अभद्र व्यवहार का आरोप भी लगाया गया है। महिलाओं का कहना है कि वे न केवल स्मार्ट मीटर की समस्या से परेशान हैं, बल्कि अधिकारियों के रवैये से भी त्रस्त हैं। नगर के मुख्य मार्गों पर लगे भीषण जाम को खुलवाने में प्रशासन बेबस नजर आया, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई।

### एसडीएम ने मनोनीत पालिका सभासदों को दिलाई शपथ



**जालौन (उरई)।** नगर पालिका जालौन परिसर में शासन द्वारा नामित पांच सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल ने श्रीमती ऊषा गुप्ता, वाचस्पति मिश्रा, योगेन्द्र राठौर, रामदास जाटव एवं धर्मेंद्र प्रधान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में नगर के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामेंद्र बना, भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनय राजावत तथा नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। इसके अलावा सभासद अन्नू शर्मा, ललित शुक्ला, मलखान दोहरे, सतीश सेंगर, नरेश सोनी, विवेक कंचन, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अभय राजावत, अनिल याज्ञिक, यश पटेल, शुभम अग्रवाल, शशिकांत वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी सुशील दोहरे द्वारा किया गया। इस दौरान नवनियुक्त सभासदों ने नगर के समग्र विकास एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

### सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित, महर्षि, आरएस एक्सेल और सीपीएस का शत-प्रतिशत रहा परिणाम



**फतेहपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली ने आज 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की छात्रा निष्ठा दीक्षित ने 98.6 प्रतिशत अंक पाकर फतेहपुर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी विद्यालय की छात्रा आकांक्षा सिंह 97 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान पर रहीं। विद्यालय की छात्रा नितिका बाजपेयी 96.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। नव्या शुक्ला ने 96.4 प्रतिशत अंक के साथ पांचवें स्थान पर रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 285 छात्र उपस्थित हुए थे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत् रहा। अभिभावकों व प्रधानाचार्य ने बच्चों को मिष्ठान वितरण कर खुशी व्यक्त किया। वहीं चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में एक बार फिर मेधावियों ने बाजी मारी लडकिया रही अव्वल। हर बार की तरह इस बार भी सीपीएस के मेधावियों ने सफलता का परचम लहराया। विद्यालय का परीक्षा परीणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10 की प्राची और आनंद शुक्ला 97% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे। 95 के साथ श्रेजल अग्रहरी, अशवी सिंह, कार्तिक चौरसिंया दूसरे स्थान पर रहे। आर्यन राज वर्मा 94.6 के साथ तीसरे, सृष्टि श्रीवास्तव 94.4 के साथ चौथे, मनु 93.2 के साथ पांचवे, नैन्सी वर्मा 93 के साथ छठे, अर्नव सिंह 90.6 के साथ सांतवे, अभिजीत सिंह 89.4 के साथ आठवें और आरोही पटेल 88.2 के साथ नवें स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार श्रीवास्ताव, संजय कुमार श्रीवास्तव तथा निदेशक इंजी॰ मिसेज प्राची श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम श्रीवास्तव व हैड मिस्ट्रेस श्रीमती रीना शुक्ला ने आये हुए बच्चों का मुँह मीठा करा कर उन्हे उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ दी। इसी तरह शहर स्थित आर. एस. एक्सेल इंग्लिश अकादमी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्रा दिव्या यादव ने 98.2% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त आयती मिश्रा ने 96.6%, श्रेया ने 96%, आरुषि पटेल ने 96% तथा स्वतंत्र त्रिवेदी ने 95% अंक प्राप्त किए। एकुल 89 नामांकित छात्रों में से 88 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 41 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मयूर गुप्ता ने सभी छात्रों, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफको उत्कृष्ट परिणाम के लिए हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं सिविल लाइन परिसर की प्रधानाचार्या श्रीमती वीना श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सही विषयों के चयन के महत्व पर बल देते हुए सभी का अभिनंदन किया। वहीं सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल फतेहपुर के छात्रों ने दसवीं के परिणाम में अपना दबदबा कायम बनाए रखा, छात्र अर्पित 99% रिजल्ट के साथ टॉपर बने दूसरे स्थान पर वत्सल रस्तोगी 98.2 प्रतिशत तीसरी स्थान पर आराध्या पटेल 98% प्रतिशत अंक पाए आगे क्रमानुसार मे सूर्य दुबे 97.8 प्रतिशत दिव्यांशु रंजन 97.6 ,मोहम्मद अरबाब 97.4 प्रतिशत,हिमांशु प्रसाद 97.2 परसेंट अंकों के साथ स्कूल में टॉपर बने। विद्यालय का रिज़ल्ट शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रबंध का रंजना सिंह ने हृदय से सभी छात्रों को बधाई दी तथा छात्रों को मुंह मीठा कराया प्रिंसिपल जीपी मिश्रा ने भी हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में इसी प्रकार अपने ऊर्जा का इस्तेमाल करते हुए सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# राजकीय महिला डिग्री कालेज का राज्य मंत्री ने किया भूमि पूजन

> उपस्थित जनसमूह को गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने बुधवार को दोपहर स्टेशन मार्ग पर राजकीय महिला महाविद्यालय का पूजन किया और जल्द ही इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना करवाने का बड़ा संकल्प लिया। उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्टेशन मार्ग स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची। उन्होंने यहां पर पुरोहित द्वारा विधि विधान से कराए गए भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया। तत्पश्चात उन्होंने क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने अपने क्षेत्र वासियों की हर समस्या का निदान और हर मांग को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा महिला महाविद्यालय का भूमि पूजन जनपद का पहला महिला महाविद्यालय होगा। यह गौरव शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र को प्राप्त हो रहा है । उन्होंने बताया जल्द ही शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र वासियों की मांग पर इंजीनियरिंग कॉलेज का भूमि पूजन भी करेंगी। उन्होंने अपनी उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा रेलवे स्टेशन के ओवर ब्रिज के साथ-साथ सीएचसी में ऑक्सीजन प्लांट, हेल्थ एटीएम सहित तमाम विकास कार्य किए हैं



और दर्जनों की संख्या में उन्होंने क्षेत्र में बेहतरीन सड़कों का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा महिला महाविद्यालय की स्थापना से यहां की बेटियों को उच्च शिक्षा की पढ़ाई करने में जो दिक्कतें आती थी वह दिक्कतें अब समाप्त हो जाएंगी। उन्होंने बताया एसडीएम शाहाबाद द्वारा कई स्थानों पर जगह की तलाश की गई लेकिन सबसे अच्छी जगह पर वह आज भूमि पूजन कर रही हैं। सुरक्षा की दृष्टि से भी एवं अन्य सुविधाओं की दृष्टि से भी यह जगह काफी मुफीद है। उन्होंने एक अन्य विकास कार्य की लिए लोगों को असमंजस में डालकर कहा कि वह जल्द ही अपने क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात देने वाली है ईश्वर ने चाहा तो जल्द ही यह सौगात भी मिल जाएगी लेकिन इस सौगात का वह अभी नाम नहीं बताएंगी। उच्च शिक्षा मंत्री की इस घोषणा के बाद पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने नारी शक्ति बंधन अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा यह अधिनियम महिलाओं के हक दिलाने का अधिनियम है । केंद्र सरकार ने इस अधिनियम को पास करके महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने मोदी जी का धन्यवाद करने के लिए सभी क्षेत्रवासियों को एक नंबर डायल कर धन्यवाद देने की अपील भी की। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण, गन्ना समिति हरदोई के अध्यक्ष रंजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य लाला राम राजपूत, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, आनंद गुप्ता, अंकित गुप्ता, सुभाष रस्तोगी आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत राज्यमंत्री ने झंडी दिखाकर महिला स्कूटी रैली को किया रवाना



**शाहाबाद हरदोई।** उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने महिला महाविद्यालय का भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद स्टेशन मार्ग से ही महिला स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली गढ़ी, बस स्टैंड, ब्लाक चौराहा, नवीन मंडी स्थल, अल्लाहपुर तिराहा, सरायं दरवाजा होते हुए कन्या इंटर कॉलेज नगर पालिका परिषद पहुंची जहां पर स्कूटी रैली का समापन किया गया। स्कूटी रैली नारी शक्ति बंधन अधिनियम पास होने के उपलक्ष्य में भाजपा की महिला शाखा द्वारा आयोजित की गई थी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, आनंद गुप्ता, अंकित गुप्ता, सुभाष रस्तोगी, सत्येंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

**शाहाबाद हरदोई।** शर्मा हॉल्ट के पास सोमवार मंगलवार की मध्य रात्रि 3ः00 बजे एक 80 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सुबह जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला वाजिद खेल निवासी अहमद 80 वर्ष पुत्र सोहराब रात्रि में किसी समय घर से लापता हो गए। सुबह शर्मा हाल्ट के पास उनका क्षत विक्षत पाया गया। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शल को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाई तो वाजिद खेल से लापता अहमद के रूप में बुजुर्ग की पहचान की गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अंबेडकर प्रतिमा सुरक्षा कमेटी के साथ पुलिस ने किया जनसंवाद, सुरक्षा व यातायात नियमों पर जागरूकता

**संडीला (हरदोई), समृद्धि न्यूज।**

थाना संडीला क्षेत्र के ग्राम बेगमगंज में मंगलवार रात प्रभारी निरीक्षक विद्या सागर पाल के नेतृत्व में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा सुरक्षा कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ संवाद स्थापित कर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर चर्चा की गई।

चौपाल के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को अपराधों की रोकथाम के लिए सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पुलिस को सूचना देने और आपसी सहयोग से सुरक्षित माहौल बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट के



उपयोग तथा नाबालिगों को वाहन न चलाने देने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और युवाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की और भरोसा दिलाया कि किसी भी समस्या पर पुलिस हर समय मदद के लिए तैयार है। चौपाल में मौजूद लोगों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए सहयोग का भरोसा दिया। इस जनजागरूकता अभियान के माध्यम से पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में आम जनता की सहभागिता बेहद जरूरी है।

## देवकली गांव में बाबा साहब की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**कालपी (जालौन)।** तहसील कालपी क्षेत्र के बीहड़ गांव देवकली में देर रात संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव के सभी लोगों की उपस्थिति में जय भीम के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों ने उनके विचारों और योगदान को याद करते हुए सामाजिक समरसता और शिक्षा के महत्व पर भी चर्चा की। इस मौके पर ग्राम प्रधान बालसिंह निषाद, उमाशंकर निषाद, पूर्व प्रधान मानसिंह अहिरवार, मनोज प्रजापति कालपी, दीपु गौतम कालपी, रामबाबू निषाद, उदय सिंह निषाद, मोहनलाल अहिरवार, बबलू, घासीराम मिस्त्री सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

> महिला सशक्तीकरण संगोष्ठी, छात्राओं ने नारों से जगाई नारी शक्ति

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज़।**

सेठ वीरेन्द्र कुमार महाविद्यालय, गुढ़ा न्यामतपुर उरगांव रोड में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम-प्रचार अभियान के अंतर्गत महिला जागरूकता अभियान एवं महिला सशक्तिकरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने नारों के माध्यम से नारी शक्ति को जागृत करने और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। छात्रा अक्षरा तिवारी ने अंधा छोड़ो नारी, मन की आँखें खोलो नारी



नारे के जरिए महिलाओं को अंधभक्ति से दूर रहने की प्रेरणा दी। वहीं मोनिका देवी ने कहा नारी में है शक्ति अपार, वही करेगी जग उद्धार। दीपाली बाथम ने अपने नारे में संदेश दिया कि नारी नर से हीन नहीं, ये दुनिया के अधीन नहीं। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सौम्या पटेल ने कहा कि यदि महिलाएं अपनी आंतरिक शक्ति को पहचान लें, तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। मानसी प्रजापति ने वेदों का उल्लेख करते हुए कहा, यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारियों का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान अवंतिका शर्मा, मुस्कान कुशवाहा, जया, निकेता सिंह, अंशिका गुप्ता, सोनाली, वैष्णवी, रागनी, सृष्टि पचौरी, वैष्णवी पोरवाल सहित अनेक छात्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी तथा महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## ध्रुव-तारा रॉयल एनफील्ड, उरई में हंटर 350 का शुभारंभ



**उरई (जालौन)।** उरई स्थित ध्रुव तारा रॉयल एनफील्ड में आज रॉयल एनफील्ड हंटर 350 का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि विनोद चतुर्वेदी, विधायक-कालपी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं बाइक प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान कंपनी के निदेशक सिद्धार्थ नगरिया ने हंटर 350 की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह बाइक आधुनिक तकनीक और क्लासिक डिजाइन का बेहतरीन संगम है। इसमें शक्तिशाली इंजन, आरामदायक राइडिंग अनुभव, बेहतर माइलेज तथा स्टाइलिश लुक्स जैसे कई आकर्षक फीचर्स शामिल हैं, जो खासकर युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। मुख्य अतिथि श्री चतुर्वेदी जी ने अपने संबोधन में कहा कि हंटर 350 युवाओं के लिए एक शानदार विकल्प साबित होगी और यह क्षेत्र में ऑटोमोबाइल क्षेत्र के विकास को भी गति प्रदान करेगी। इस आयोजन ने न केवल ब्रांड की लोकप्रियता को बढ़ाया, बल्कि उरई में बाइक प्रेमियों के बीच नए उत्साह का संचार भी किया।

## खुल गया जिले में एबिलिटीज अनलिस्टेड भारत हॉस्पिटल

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नंदी चौराहे वीआईपी रोड में एबिलिटीज अनलिस्टेड भारत हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ किया गया। संचालक प्राप्ती सक्सेना ने बताया कि बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक विकास व अच्छी सेहत के लिए यह हास्पिटल कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों का बचपन से बौद्धिक, शारीरिक, या मानसिक सहित विभिन्न गंभीर बीमारियों के कारण विकास नहीं हो पाता उनके जीवन को समाज के अनुसार समझने योग्य बनाने का काम हॉस्पिटल में किया जाएगा। संचालिका प्राप्ती सक्सेना ने बताया दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर



एबिलिटीज अनलिस्टेड भारत हॉस्पिटल का संचालन शुरू किया गया है। अभी तक फतेहपुर जिले के बच्चों को ऐसी बीमारियों के कारण मासूम बच्चों को कानपुर प्रयागराज और लखनऊ लेकर अब उनके माता-पिता को भागना पड़ता था इस पीड़ा को देख डॉक्टर जेके उमराव की सुझाव पर इस हॉस्पिटल को संचालित किया गया। जिसमें जिले के दिव्यांग बच्चों को इन गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने का काम किया जाएगा।

## अंबेडकर जयंती पर पनवाड़ी में बच्चों की ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**

> बाबासाहेब के जीवन और विचारों पर 100 अंकों की परीक्षा, विजेताओं को मिला पुरस्कार

14 अप्रैल 2026 को भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कस्बा पनवाड़ी स्थित अंबेडकर पार्क में बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक योगदान से परिचित कराना रहा।प्रतियोगिता कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें लगभग 80 से 100 बच्चों ने भाग लिया। आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। परीक्षा कुल 100 अंकों की रही, जिसमें बच्चों ने बाबासाहेब से



जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान अभय कुमार (पनवाड़ी), द्वितीय स्थान प्रशांत वर्मा (सरगपुरा) तथा तृतीय स्थान रश्मि कुमारी (पनवाड़ी) ने प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को विशेष इनाम प्रदान किया गया, वहीं प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को कॉपी, किताब और पेन देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कोमल गौतम एवं संदीप कुमार गौतम द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं शिक्षकगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मोतीलाल अहिरवार, संतोष राजपूत, चंदन सिंह, हरि सिंह वर्मा, हरीश सिंहा, मनीष वर्मा, मोहम्मद इश्तियाक, शिवम कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने कहा कि बच्चों में सामाजिक जागरूकता और संविधान के प्रति सम्मान विकसित करने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक हैं।

## हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर परिवारजनों सहित ग्रामवासियों ने लगाया जाम



**पनवाड़ी/महोबा।** आज दोपहर हत्या से पीडित परिजनो सहित ग्राम वासियो ने महोवा रोड पर स्थित पेटोल पम्प के समीप रोड जाम कर धरने पर बैठ गये। जिससे दोनो ओर वाहनो की लम्वी कतारे लग गयी। आक्रोशित परिवारजन प्रशासन के विरुद्ध नारे वाजी कर हत्या आरोपी के गिरफ्तारी के माँग सहित मुआवजे की माँग करते रहे। जाम करीब डेढ तक चला जाम मे सांसद भी भी फंसे रहे। सूचना पर पहुँचे सी ओ रविकांत गौड़ ने जाम लगाये परिजनो को समझा वुझा जाम खुलवाया। कल वीते दिन ग्राम हेवतपुरा मे पैतीस वर्षीय हरनारायन पुत्र गोपी का शव नाले मे पडा होने से गाँव मे सनसनी फैल गयी थी परिजनो ने हत्या का आरोप लगा नामजद तहरीर दी थी पुलिस ने कल शाम हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर परिवार जन सहित ग्रामवासियो ने राष्टीय राज मार्ग महोवा रोड पर जाम लगा दिया। डेढ़ घन्टे वाद सी ओ रविकांत गौड़ ने परिजनो को आशवासन दे जाम खुलवाया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर पनवाड़ी में निकली शोभायात्रा

> बैंड-बाजों, नीले झंडों और जय भीम नारों से गूंजा कस्बा, दिनभर चले सामाजिक कार्यक्रम

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**

भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के महानायक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को पनवाड़ी कस्बे में बड़े उत्साह, श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। अंबेडकर समिति पनवाड़ी एवं रविदास कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व समिति अध्यक्ष रवि चौधरी ने किया। कार्यक्रम का



शुभारंभ रविदास मंदिर से बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में युवा नीले झंडे लेकर शामिल हुए और पूरे कस्बे में जय भीम, बाबा साहब अमर रहें के नारे गूंजते रहे। महिलाओं की बड़ी भागीदारी विशेष आकर्षण रही। नारी शक्ति नीली पगड़ी धारण कर डीजे की



धुनों पर नृत्य करती हुई आगे चल रही थी, जिससे वातावरण पूरी तरह उत्साहपूर्ण बना रहा। जुलूस रविदास मंदिर से प्रारंभ होकर जंटपुरा, तिवारीपुरा, मैन बाजार, बजनापुरा, पाठकपुरा, ब्लॉक बाईपास, देवगनपुरा, अग्निहोत्रीपुरा, रहुनियापुरा, अलीपुरा, बस स्टैंड, राठ तिगैला और टेंडली मार्गो से होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचकर संपन्न हुआ। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों द्वारा पंडाल लगाकर जलपान की व्यवस्था की गई तथा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। अंबेडकर पार्क में आयोजित संगोष्ठी में बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों के लिए लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।इस अवसर पर हमीरपुर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतराम राजपूत, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अंजना श्री प्रकाश अनुरागी, ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी, जिला महामंत्री श्री प्रकाश इंजीनियर, सलमान कुरेशी, अयूब कुरैशी, महेंद्र वीरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य मोतीलाल अहिरवार, रामस्वरूप दद्दा, नंदराम भास्कर रविदास कमेटी महामंत्री, संतोष विश्वकर्मा एवं हरी सिंह वर्मा (पत्रकार) सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली पुलिस टीम प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में तैनात रही।

**सूचना**

मैंने अपने तीनों पुत्रों मन मोहन, ब्रज मोहन और शिव मोहन को उनके गलत चाल चलन के कारण उन्हें अपनी चल अंचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए उनसे संबंध समाप्त कर लिए हैं। उनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य के वे तीनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **राजेश पुत्र राम शरण निवासी- ग्राम-शंकरपुर, पोस्ट- लालपालपुर, तहसील व जिला- हरदोई।**

# स्कूल चलो अभियान के तहत बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** ब्लाक संसाधन केंद्र अमावां में ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान बाइक रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया, खंड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह ने गोष्ठी में उपस्थिति शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा हर अभिभावक को जागरुक करना है इसके लिए पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि अपनी महती भूमिका निभा सकते हैं,हमने अपने स्तर से भी उनसे अपील की है। कार्यक्रम आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने कहा अभिभावकों से सीधे संपर्क कर एवं स्कूल चलो अभियान रैली के माध्यम से विभाग में सरकार द्वारा चलाई जा



रही योजनाओं को बताते हुए उन्हें जागरूक कर बच्चों के नामांकन एवं उनकी शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु निरंतर प्रेरित करते रहना होगा तभी हम अपने उद्देश्यों को पूरा कर सकते हैं, गोष्ठी के उपरांत बाइक रैली को मुख्य अतिथि संदीप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा रैली में प्रतिभाग करते हुए अभियान का हिस्सा बने,रैली चकपीरशाह, थारुइयां मोड़,सिधौना,दुसौती मोड होते हुए पुनः बीआरसी पहुंची जहां खंड शिक्षा अधिकारी अमावां के आभार के साथ उसका समापन हुआ। रैली में मुख्य रूप से एआरपी सतीश चौरसिया, हरीशचंद्र पाण्डेय, मानवेंद्र सिंह, अशोक प्रियदर्शी, सुरेश सिंह, बृजेंद्र सिंह, सूर्य प्रकाश, दयाशंकर तिवारी, संजय सिंह, राजेंद्र यादव, माताबदल कश्यप, बृजेश कुमार, घनश्याम, श्रीकांत, वरुणेंद्र, विजयकांत, गणेश वर्मा, कुलदीप, महताब खान, अफरोज अहमद, अमित यादव, विनोद यादव, गणेश कुमार, हेमंत रमन, संदीप गौतम, रामभरत राजभर, संदीप वर्मा, पवन मौर्या, धीरेन्द्र बहादुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधियों तथा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## 16 से 25 तक कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे रोजगार सेवक बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज समृद्धि न्यूज़।** महराजगंज रायबरेली पिछले कई माह से वेतन न मिलने के कारण और कई बार उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद भी बात न बनने के कारण रोजगार सेवकों ने 16 तारीख से लेकर 25 तारीख तक कलम बंद हड़ताल पर जाने को हुए मजबूर। प्रांतीय आवाहन पर दिनांक 16 4.26 से 25 4.26 तक समस्त रोजगार सेवक मनरेगा कर्मचारी कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे इसके संबंध में आज महराजगंज ब्लॉक के रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह को ज्ञापन देते हुए बताया कि रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के दिनांक 16 4.2026 से दिनांक 25 4.26 तक प्रांतीय आवाहन पर विकासखंड के समस्त ग्राम रोजगार



सेवक कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे। हमारी समस्याओं का निराकरण न होने तथा समस्त रोजगार सेवक मनरेगा कर्मचारी आंदोलित रहेंगे वहीं ब्लॉक अध्यक्ष ग्राम रोजगार सेवक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में दर्जनों रोजगार सेवकों ने आज खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर शिवमोहन तिवारी शिव शंकर मौर्य अनुपम पांडे अलका वर्मा छाया रानी अजय कुमार अवधेश कुमार प्रेम कुमार राजेंद्र कुमार सौरभ कुमार नन्हेंलाल सत्यम तिवारी देशराज रावत सोमनाथ आशा देवी रामबालक श्याम सुंदर मोहिनी वर्मा शिवनाथ आदि रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सीतापुर की महिलाओं ने बताया नारियों के सम्मान का अधिनियम

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 केंद्र सरकार की इस योजना की चारों तरफ तारीफ हो रही है खासकर महिला वर्ग इस योजना को अपने लिए संजीवनी व महिला सम्मान का विशेष विषय बता रही हैं। इसी क्रम में सीतापुर की कवियित्री/समाजसेविका सीमा जैन कहती हैं नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत की लैंगिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी कम है या सिर्फ महिलाओं के लिए अवसरों के द्वारा नहीं खुलता बल्कि सत्ता के केंद्र को अधिक समावेशी बनता है। उन्होंने महिलाओं को प्राप्त 33त्न आरक्षण की जमकर सराहना करते हुए कहा कि अब नारी शक्ति राष्ट्र के कानून निर्माण में अपनी भूमिका निभाएगी। जिससे देश की मातृशक्ति सशक्त और गौरवपूर्ण होगी।

# अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण कर ग्रामीणों के साथ सदर विधायक अदिति सिंह ने मनाई अंबेडकर जयंती

**अमावां रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** चन्दापुर थाना क्षेत्र घूराडीह ग्राम पंचायत पहुंच कर सदर विधायक अदिति सिंह ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई और ग्राम पंचायत में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया। सदर विधायक अदिति सिंह के द्वारा घूराडीह ग्राम पंचायत में खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह एवं ग्राम प्रधान दिनेश सिंह तथा कोटेदार की मौजूदगी में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया। खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने बताया अभी तक ग्रामीणों को राशन किराए के भवन से बांटा जाता रहा है अब खुद का भवन बन जाने से राशन के रखरखाव एवं वितरण में काफी सुविधा मिलेगी। घूराडीह ग्राम पंचायत के महमदपुर चुरई गांव में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर समारोह का आयोजन



किया गया था जहां पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची विधायक अदिति सिंह के द्वारा बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी गई और जनसभा को संबोधित किया और लोगों से संवाद करते हुए उनके सुख-दुख के बारे में जानकारी ली आयोजक जगन्नाथ द्वारा बाबा साहेब की मूर्ति स्थापना हेतु विषय रखा गया जिस पर अदिति सिंह ने अपने वक्तव्य में बाबा साहेब की मूर्ति स्थापना शीघ्र ही अपनी उपस्थिति में करवाने का आश्वासन दिया। वहीं लोगों की मांग पर दलित बस्ती का नामकरण बाबा साहेब के नाम पर अंबेडकर नगर रखने की घोषणा कर दी। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से समरसता संयोजक सतीश प्रदेश मीडिया प्रमुख बृजनंदन सिंह प्रांत समरसता प्रमुख राज किशोर अवध प्रांत डॉ शिवकुमार सिंह दिनेश सिंह प्रधान जगन्नाथ छोटेलाल सालिकराम रामकिशुन मंशाराम इंद्र राज शिवम कल्लू बहादुर रामजस गुड्डू ओमप्रकाश शिव शंकर सचिन सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## आटा मिल के अंदर फंदे से लटकता मिला युवक का शव



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** रामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र त्रिसुंडी स्थित भालोठिया फूट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला है। मृतक की पहचान प्रियंक कुमार मिश्रा उम्र 21 वर्ष पुत्र राजेश कुमार मिश्रा निवासी ग्राम इब्राहिमपुर, थाना रामनगर, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक पिछले एक सप्ताह से उक्त आटा मिल में लेबर के रूप में कार्य कर रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में माह अप्रैल 2026 के किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन से संबंधित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान बन्धु व किसान संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। किसान दिवस में सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक, सीतापुर के द्वारा किसान दिवस में प्रतिभाग करने वाले सभी कृषकों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुये अवगत कराया गया कि विभाग से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का लाभ उठाने हेतु फार्मर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है अतएव समस्त किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक रूप करा लें। तदोपरान्त जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सीतापुर द्वारा कृषक भाइयों को चूहा एवं छछूंदर से होने वाले रोग जैसे लेप्टोस्पायरोसिस एवं स्क्रब टाइफस से बचाव के विषय में जानकारी दी गयी साथ ही गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया गया। किसान दिवस में कृषक बन्धुओं/किसान संगठनों के स्तर से कुल 15 समस्याएं प्राप्त हुयीं। प्राप्त समस्याओं को अध्यक्ष महोदय द्वारा सुना गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बन्धित विभाग समस्याओं का निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं एवं निस्तारण आख्या सम्बन्धित कृषक को प्रेषित की जाये व प्रतिलिपि उप कृषि निदेशक, सीतापुर को अवश्य उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कृषक बन्धुओं से अपील की गयी कि गेहूं फसल की कटाई लगभग समाप्ति पर है, इस समय यदि किसी किसान भाई को जमीन की पैमाइश, पराली, खाद अथवा नहर में पानी से सम्बन्धित कोई समस्या होती है तो वह तत्काल रूप से अवगत कराएं जिससे समय से समस्या का निदान किया जा सकें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या सहित संबंधित अधिकारी एवं किसान भाई उपस्थित रहे।

### सचिव पर एक ही व्यक्ति पर ढाई लाख का रूपये का भुगतान करने का आरोप

**सीतापुर।** विकास खण्ड रेउसा में तैनात सचिव संतलाल पटेल के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत काशीपुर में एक व्यक्ति ललित कुमार मिश्रा की खातिर पर लगभग ढाई लाख का भुगतान लगाकर सरकार और प्रशासन को चूना लगाने का कार्य किया है जबकि सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत में कर रहे मजदूरों की मजदूरी की कीमत 251 रुपए तय की है इस कीमत के अनुसार जो मजदूरी पूरी साल करें फिर भी इतना भुगतान नहीं होगा जिससे स्पष्ट हो रहा है की सचिव संतलाल पटेल फर्जी भुगतान लगाने के लिए पूरी तरह आगे बढ़ रहे हैं सचिव के द्वारा बोर रिबोर और प्रशासनिक व्यय के नाम पर भी फर्जी भुगतान लगाने का कार्य कर रहे हैं सचिव संतलाल पटेल के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 25 और 2025 26 के 15वें व 5वें वित्त से लगातार फर्जी भुगतान लग रहे हैं और सरकार और प्रशासन को लाखों का चूना लगाने का कार्य भी कर रहे हैं जबकि सरकार प्रशासन सिर्फ विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे रही है जिससे ग्राम पंचायत में विकास कार्य हो सके परंतु सचिव संतलाल पटेल के द्वारा प्रधान से मिलकर अपनी जेब भरने के लिए पूरी तरह आगे कार्य करते हुए नजर आ रहे हैं या देखने वाली बात या होगी कि इस मामले पर खंड विकास अधिकारी रेउसा के द्वारा क्या संज्ञान लेकर सचिव और प्रधान के ऊपर किस तरीके की कार्यवाही करते हैं या सिर्फ नोटिस देकर अपने सचिव और प्रधान को बचाने का कार्य करेंगे।

## जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# एक भी बच्चा छूट न जाए, सबका नामांकन करवाएं

**समृद्धि न्यूज़, खीरों, रायबरेली।** ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान के तहत बुधवार को खीरों में जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली को हरी झंडी दिखाकर ब्लॉक संसाधन केंद्र से रवाना किया गया। रैली में पैदल मार्च के साथ-साथ मोटरसाइकिल और कार रैली भी शामिल रही। यह रैली ब्लॉक संसाधन केंद्र खीरों से निकलकर शिवपुर, गन्ना कांटा, खीरों चौराहा, चौधराइन का पुरवा, लालपुर, भीतरगांव, सेनी, मेडौली, उन्नत खेड़ा होते हुए अस्पताल मोड़ तक पहुंची। इसके बाद जुलूस पुनः ब्लॉक संसाधन केंद्र पहुंचकर संपन्न हुआ। रैली के दौरान शिक्षक और शिक्षिकाएं हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर एक भी बच्चा छूट न जाए,



सबका नामांकन करवाएं, केवल शिक्षा ही है सीढ़ी, जिससे आगे बढ़ती पीढ़ी और शिक्षा है अनमोल रतन, पढ़ने का सब करो जतन जैसे प्रेरक नारे लगाते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शैक्षिक सत्र 2026-27 में 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। इसके लिए करीब 20 किलोमीटर लंबी रैली निकालकर जनसामान्य को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी सभी विद्यालयों में बैठक कर प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। रैली में ब्लॉक के करीब 150 विद्यालयों के लगभग 200 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बाइक और कार के साथ भागीदारी की। महारानीगंज, लक्षीपुर, बरौंडी, लोदीपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षक बैनर-पोस्टर के साथ रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालय प्रभारियों को संबोधित करते हुए नामांकन में 10 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया और अभियान को सफल बनाने के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शिक्षक नेता श्याम शरण यादव, नीरज हंस, बिश्वनाथ प्रसाद, संजय सिंह, रमेश सिंह, दर्शनलाल, गोवर्धन प्रसाद, मनीष तिवारी, बृजेश पांडेय, एआरपी सुरेश कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## कस्बा अमेठी में बनी दो आरसीसी सड़कों पर भ्रष्टाचार का आरोप

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत क्षेत्र अमेठी अंतर्गत कस्बे में हाल ही में बनी दो आरसीसी सड़कों को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मामला रामलीला मैदान मार्ग और एसडीएम कॉलोनी मार्ग का है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए निर्माण कार्य पर मानक से भिन्न कार्य कराने के आरोप लगाए हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, पहले ये दोनों सड़कें लगभग 5 मीटर चौड़ी थीं, लेकिन नई सड़क बनाते समय इन्हें लगभग 3 मीटर तक सीमित कर दिया गया। चौड़ाई कम होने से दो बड़े वाहनों का आमने-सामने निकलना मुश्किल हो गया है, जिससे जाम और दुर्घटना जैसी स्थितियां बनी हैं। कई राहगीरों के गिरकर चोटिल होने की भी बात सामने आई है। विरोध बढ़ने



पर विभाग द्वारा सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी डलवा कर चौड़ा किया जा रहा है। आरोप है कि यह कदम सड़क निर्माण में हुई कमी और मानक उल्लंघन को छिपाने के लिए उठाया गया है, ताकि वास्तविक चौड़ाई और गुणवत्ता की खामियां दिखाई न दें। मिट्टी डाले जाने के बाद विभाग द्वारा उस पर पानी का छिड़काव नहीं कराया गया, जिससे प्रतिदिन धूल-मिट्टी उड़कर राहगीरों और आसपास की दुकानों तक पहुंच रही है। सड़क किनारे स्थित नाश्ते की दुकानों पर धूल जमने से खाद्य पदार्थों के दूषित होने और बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। दुकानदारों और ग्राहकों ने इस स्थिति पर चिंता जताई है। रामलीला मैदान की यह सड़क शहर की महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत एएसपी ने छात्राओं को किया जागरूक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्राओं, महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, शासन की कल्याणकारी योजनाओं, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव एवं सोशल मीडिया के प्रयोग में सावधानी बरतने के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के विषय में जागरूक करते हुए उन्हें सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, महिलाओं को महिला सुरक्षा व उनके अधिकारों एवं साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम



में क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन्स श्वेताभ भास्कर, विद्यालय प्रबंधन के सदस्यगण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# डीएम के हस्तक्षेप से टूटा 35 वर्षों से अधिक का इंतज़ार, चकबन्दी वाद का हुआ समाधान

- जिलाधिकारी का जनता दर्शन बना प्रभावी मंच, लंबित प्रकरणों का त्वरित व प्रभावी निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम आमजन की समस्याओं के समाधान का सशक्त एवं परिणामोन्मुखी मंच बनता जा रहा है, जहां प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उसका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। जनसुनवाई में प्रस्तुत पहला



प्रकरण ग्राम गोबरहा (गौरसादिकपुर) परगना देवा, तहसील नवाबगंज निवासी तारावती उर्फ लीलावती से संबंधित था, जो विगत 35 वर्षों से चकबन्दी न्यायालय में लंबित चला आ रहा था। आवेदिका द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वर्षों से प्रकरण लंबित होने के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित पीठासीन अधिकारी चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम को तलब कर प्रकरण का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में अधिकारी द्वारा त्वरित सुनवाई करते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया, जिससे वर्षों पुराना विवाद समाप्त हो सका। इसी क्रम में दूसरा प्रकरण सुनील कुमार गुप्ता, श्री ज्ञानेंद्र कुमार सोनी एवं ओमप्रकाश गुप्ता, निवासी ग्राम अनवारी, परगना कुर्सी, तहसील फतेहपुर से संबंधित था, जिसमें आवेदकों के प्लाट पर वर्ष 2024 से भूमि कब्जेदारी का मामला न्यायालय में विचाराधीन था। जनसुनवाई में प्रकरण प्रस्तुत होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए धारा 134 वाद के अंतर्गत कब्जा दिलाया गया, जिससे आवेदकों को राहत प्राप्त हुई। दोनों ही प्रकरणों में शीघ्र निस्तारण से संतुष्ट आवेदकगण ने जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर आभार व्यक्त किया तथा जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना की।

## सीओ कार्यालय के बाहर खड़ी बाइक हुई चोरी, एक माह बाद भी पुलिस खोजने में नाकाम

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के बीते 12 मार्च को सीओ कार्यालय के बाहर खड़ी एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। घटना के एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस वाहन बरामद नहीं कर सकी है, जिससे पीड़ित युवक परेशान है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के सराय चौबे गांव निवासी हंसराज पुत्र संतु 12 मार्च को सीओ कार्यालय में एक मारपीट के मामले में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल कार्यालय के बाहर खड़ी कर दी और अंदर चले गए। जब वह बयान दर्ज कराने के बाद बाहर लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल गायब थी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लागकर दी जान



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के कनवा गांव में मंगलवार की रात एक21 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी।

गांव निवासी स्व0 रामलौटन साहू का घर हैदरगढ़ बछरावां मार्ग पर पुल के निकट स्थित हैं। उनका परिवार बीती रात खेत में गेहूं की मड़ाई करने गया था।उनकी पुत्री श्यामा 21 वर्ष घर में अकेली थी।आधी रात के बाद भाई अन्नू साहू व अन्य परिजन घर आए तो बहन को नीचे के कमरे में साड़ी के फंदे से छत से लटका देख स्तब्ध रह गए।परिजनों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर भीड़ जमा हो गई।आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर परिजन सीएचसी हैदरगढ़ ले गए।यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि 6 फरवरी 2026 को उसका विवाह जनपद रायबरेली के थाना महराजगंज के अटरहटा गांव निवासी प्रांशू पुत्र रामकिशोर के साथ हुआ था।एक सप्ताह पहले ही बेटी मायके आई थी। कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। घटना के सम्बंध में माँ सावित्री देवी ने बताया कि उनकी पुत्री की मंगलवार की शाम अपने पति से फोन पर बात हुई थी। वह लोग गेंहू की मड़ाई के लिए खेत चले गए थे और जब वापस लौटे तो पुत्री को फांसी के फंदे से लटका पाया। नवविवाहिता ने किन कारणों से आत्महत्या की यह तो जाँच के बाद ही पता चलेगा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भव्य रैली

## महिलाओं ने दिखाई एकजुटता

समृद्धि न्यूज़



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा की महिलाओं ने नगर में जोरदार रैली निकालकर जन जागरण किया। विकासखंड कार्यालय में एकत्र हुई महिलाओं की रैली को विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने भाजपा का झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल महिलाएं उत्साह से नारे लगा रही थीं-नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया है, नई रोशनी लाया है... धन्यवाद है धन्यवाद, मोदी जी को धन्यवाद... फूल नहीं चिंगारी हैं, हम भारत की नारी हैं...रैली का समापन तिरंगा तिराहे पर हुआ। यहां विधायक अर्चना पांडे ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा आज का यह दिन भारतीय नारी के लिए ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पास हुआ नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित करेगा। यह कानून केवल सीटें नहीं, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा। हमारी माताएं-बहनें अब गांव-शहर, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास के मुद्दों पर सीधे प्रभाव डाल सकेंगी। मोदी जी ने 'नारी शक्ति' को सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का हथियार बनाया है। आज हम सभी को संकल्प लेना है कि इस आरक्षण का सही उपयोग कर हम नए भारत की रचना करेंगी–जहां बेटियां सपने नहीं, बल्कि उन्हें पूरा करने वाली शक्ति बनेंगी। भाजपा हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। आइए, हम सब मिलकर इस अधिनियम को सफल बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर कार्यक्रम की जिला संयोजक बबीता सिंह, संयोजक एवं जिला मंत्री अरुणा शाक्य, संध्या त्रिपाठी, उषा उपाध्याय, सुनीता त्रिपाठी, सुनीता दुबे, राधा दुबे, रेखा पांडे, शशि देवी, रत्नेश देवी, अनीता, सुनीता, नेहा, अर्चना गुप्ता, बबली, धिवेदेवी चौहान, शोभना दुबे, रिंकी दुबे, उमा शर्मा, सावित्री पांडे, अर्चना पांडे, मोहिनी दुबे व रचना मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। इसके साथ ही जिला महामंत्री इंद्रेश राजपूत, जिला मंत्री राजीव ठाकुर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ऋषभ मिश्रा, विश्वनाथ तिवारी, मोनू चौहान, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, नगर महामंत्री अंकित शर्मा, सभासद हिमांक त्रिपाठी, उमाशंकर बाथम, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अतुल वर्मा भी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** रायपुर एवं सलेमपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में केक काटकर बाबा साहब की जन्म जयंती मनाई गई। रायपुर से सलेमपुर तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रायपुर बौद्ध कमेटी और अंबेडकर संघर्ष समिति सलेमपुर के तत्वावधान में यह आयोजन हुआ, जिसमें सिकंदरपुर बौद्ध कमेटी के सदस्यों ने भी सक्रिय प्रतिभाग किया। ग्राम प्रधान शैलेंद्र सिंह शाक्य का विशेष सहयोग रहा। शाम को रायपुर और सलेमपुर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि सिकंदरपुर बौद्ध कमेटी के संरक्षक, वरिष्ठ कवि एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य हरि ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह भदौरिया और जिला पंचायत सदस्य प्रमोद राजपूत उपस्थित रहे। भगवान बुद्ध की प्रतिमा



पर पुष्प अर्पित करने के बाद केक काटकर बाबा साहब का जन्मदिन मनाया गया। उद्बोधन में हरिगोविंद शाक्य हरि ने भगवान बुद्ध की वंदना की और डॉ. अंबेडकर के त्याग, संघर्ष तथा शोषित-वंचितों के उत्थान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना कर वंचित, बहुजन और सभी वर्गों के लिए समानता का आयाम स्थापित किया। वे महान समाज सुधारक और मसीहा थे। संविधान सम्मत आचरण से ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। कार्यक्रम को सिकंदरपुर चौकी इंचार्ज गजेंद्र पाल सिंह और निर्मल ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथियों सहित शैलेंद्र सिंह प्रधान, हुकुम सिंह प्रधान आदि को मालाओं और पट्टिकाओं से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शैलेंद्र भारती, मोहित गौतम, डॉ. अमित, अभिषेक निगम, डॉ. अनिल शाक्य, बृजेश कुमार, नेत्रपाल, नीरज, दीपू, विजय, भारत सिंह, सर्वेश चंद, गुलशन, राम लखन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में दो महिलाएं हुई घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक और टेंपो की भिड़ंत में एक महिला तथा बाइक से गिरकर दूसरी महिला घायल हो गई। दोनों को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर के मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती निवासी शकील शाह की 35 वर्षीय पत्नी आबिदा अपने 11 वर्षीय पुत्र सैफ रजा के साथ ग्राम सराय अगहत रिश्तेदारी में गई थी वहां से लौटते समय टेंपो में सवार थीं। उसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई।? टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो सड़क पर ही पलट गया। हादसे में आबिदा गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उनका पुत्र सैफ रजा बाल-बाल बच गया। घटना होते ही चालक टेंपो लेकर मौके से फरार हो गया।

# निबंध में संयोगिता, भाषण में अनुकल्प ने मारी बाजी



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के जगदीश्वरदयाल जनता इंटर कालेज में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिला समाजकल्याण अधिकारी वेदप्रकाश मिश्रा व जितेंद्र कुमार की देखरेख में विद्यालय स्तर पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध में संयोगिता और भाषण में एनसीसी के छात्र अनुकल्प ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को विधायक, पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय ने मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ.आंबेडकर के आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें आगे बढ़ना होगा। प्रधानाचार्य ज्ञानेशचंद्र दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में रवींद्र कुमार स्वर्णकार, राममहेश पाल, रानू शर्मा, प्रमोद कुमार, राजेश दुबे, राजेंद्र प्रसाद, कृपाशंकर, नारायणशरण त्रिपाठी, सर्वेश कुमार व हितेंद्र कुमार अग्निहोत्री आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प किए अर्पित

**गुरसहायगंज कन्नौज।** प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी मझपुर्वा से नगर के मुख्य चौराहे पहुंची पदयात्रा का समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने फूल बरसा कर जयंती पद यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहे के गगन भेदी नारे लगाए गए। इस मोके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक ने बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पण कर उन्हें नमन किया। नगर के मुख्य चौराहे पर पहुंची अंबेडकर जयंती पद यात्रा में पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने फूलमालाओं के साथ यात्रा में आए लोगों का स्वागत किया और यात्रा पर फूल बरसा की । इस मौके पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता उत्कर्ष गुप्ता मुजफ्फर खान आमिर खान डॉ शमशाद पिंटू यादव सभासद अयूब सिद्दीकी ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर उन्हें नमन किया इसी क्रम में पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने ग्राम मझपुर्वा पहुंचकर अंबेडकर पार्क में स्थापित मूर्ति पर डॉ भीमराव अंबेडकर को फूल माला अर्पित कर उन्हें नमन किया नगर के मुख्य चौराहा पर पहुंची पद यात्रा में भी उन्होंने प्रतिभाग कर यात्रा में मौजूद कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें कोर्ट कोर्ट नमन करता हूं । संविधान सामाजिक न्याय समानता और सम्मान के उनके विचार आज भी हर वंचित शोषित और पिछड़े वर्ग को ताकत देते हैं। इसी प्रकार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रुखाबाद एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी तहसीन सिद्दीकी ने भी ग्राम मझपुर्वा पहुंचकर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को फूल माला अर्पण कर उन्हें नमन किया।

# सुभाष अकादमी के छात्र अपूर्व सिंह ने सीबीएसई 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परिणाम में सुभाष अकादमी के मेधावी छात्र अपूर्व सिंह पुत्र प्रताप भान सिंह एवं ज्योति सिंह, निवासी मोहल्ला बनवारी नगर ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है।



सुभाष अकादमी के अध्यक्ष सुभाष सक्सेना ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। निदेशक राजेश सक्सेना ने मिठाई खिलाकर एवं प्राचार्य प्रवीण यादव ने माल्यार्पण कर बच्चों का हौसला बढ़ाया। निदेशक राजेश सक्सेना ने कहा हमारे छात्रों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार परिणाम हासिल किया है। अपूर्व सिंह का 95.6 प्रतिशत अंक पूरे विद्यालय के लिए गर्व की बात है। इसके अलावा आयुष कुशवाहा ने 91.4, पावनी ने 91.2, आराध्या गुप्ता, अधीराज एवं कृष्णा ने 90.4, जबकि आदित्य कुशवाहा, अनंत, प्रजनीश एवं अनुष्का ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा यह सफलता विद्यालय की बेहतर शिक्षण व्यवस्था, समर्पित शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हम भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणामों की उम्मीद करते हैं। छात्रों से अपील है कि वे आगे भी मेहनत जारी रखें और अपने सपनों को पूरा करें। सुभाष अकादमी सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है।

## खबरें एक नजर में

### सरदार पटेल इंटर कॉलेज ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली




**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।** जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देश पर विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने प्रधानाचार्य की नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान संबंधित विशाल रैली निकाल कर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक को जागरूक किया गया। बुधवार को इंदरगढ़ स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर के छात्रों के द्वारा प्रधानाचार्य राजीव कटियार के नेतृत्व में, स्कूल चलो अभियान संबंधित रैली विद्यालय से इंदरगढ़ तिराहा होते हुए कचाटीपुर गांव तक लगभग 2 किलोमीटर विशाल रैली निकाली गई जिसमें लगभग 1000 की संख्या में छात्र और छात्राओं ने भाग लिया.। प्रधानाचार्य राजीव कटियार ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देश पर शासन के आदेश पर 15 अप्रैल को स्कूल चलो अभियान की रैली निकालना अनिवार्य थी रैली के माध्यम से अभिभावक को जागरूक करने का काम किया गया है । इस रैली में अध्यापक अशोक कुमार ,अमित कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, अनिल द्विवेदी, धर्मेंद्र प्रताप सिंह,प्यारेलाल, बृजेंद्र कमल, पवन कुमार, योगेश कुमार, तेज प्रताप सिंह, बाबूराम यादव, महेश कुमार, संजीत सिंह यादव, जन्मेर सिंह ,ज्ञान सिंह, धीरेंद्र कुमार झा, गौरव कुमार, प्रियंका, लीलावती आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे. कोमल .अपर्णा. जानवी. खुशी. तुलसी. श्रद्धा राठौर .अलीशा. अनन्या. स्पश. ओम त्रिपाठी शिक्षक तथा विद्यालय की छात्र एवं छात्राएं .प्रिया. सुप्रिया. वैष्णवी. गोपाल तिवारी तनिष्क .आदर्श .आयुष. नितिन राजपूत .अनुराग शर्मा .अक्षय कुमार. अंशुल .आलोक. अभिनव. सानिया .अनम. अपूर्वा .आस्था. शिवानी. अंकित सिंह सेंगर. निशांत पटेल अमन पटेल अभिकांत काव्यांश मौजूद रहे।

### बिहार में भाजपा का राज कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

**गुरसहायगंज कन्नौज।** बिहार प्रांत में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण के साथ एनडीए गठबंधन सरकार का गठन का समाचार मिलते ही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता झूम उठे एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर नारेबाजी की । इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद अमित शाह जिंदाबाद भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगाए। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता की अगुवाई में बुधवार को जैसे ही बिहार प्रांत में सम्राट चौधरी का शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ इसी बीच नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई सरकार के गठन को लेकर जमकर गोले दागे गए और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी गई।

# बाबा साहब की 135वीं जयंती पर भव्य समारोह

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर स्थित श्री संत गेस्ट हाउस में गोल्डन पहल फाउंडेशन द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अर्चना पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि मीरा वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाना रफी, विमलेश गुप्ता, राजेश सक्सेना एवं नरेश वर्मा ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्चना कर किया। सभी अतिथियों ने बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। जनता कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। नगर के उभरते कलाकार सुशांत सिंह एवं संगीत शिक्षक हर्षदीप ने अंबेडकर जी के जीवन एवं संघर्ष पर आधारित भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।




मुख्य वक्ता सैयद इशहॉक जमील ने बाबा साहब के सामाजिक न्याय एवं संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रेरक व्याख्यान दिया। विमलेश गुप्ता एवं प्रताप सिंह यादव ने भी उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुंवरपुर बनवारी के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के क्विज प्रतियोगिता विजेताओं तथा जनता इंटर कॉलेज के राज्य एवं मंडल स्तरीय खेल विजेताओं–रचना, प्रियांशी, अनीश एवं दिवांशु यादव को मेडल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नगर की स्वच्छता में योगदान देने वाले स्वच्छता सिपाहियों सन्नी कुमार, धर्मेंद्र कुमार एवं अरुण कुमार का भी माला एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप प्रधान ने किया। संस्था के सचिव महेंद्र सिंह ने शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का संकल्प दिलाते हुए सामाजिक समानता, शिक्षा एवं जागरूकता का संदेश दिया तथा सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चंद्रकांत, सुमनलता, दिव्यांशी राठौर, कुलदीप राठौर, विनोद राठौर, रामशगुन, विजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण व्यवस्थाएं मिलीं संतोषजनक

**कन्नौज।** महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. पवन कुमार अरुण ने संयुक्त जिला चिकित्सालय कन्नौज का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रामा सेंटर, आकस्मिक वार्ड, वार्ड संख्या-02 एवं 03, ब्लड बैंक, डायलिसिस यूनिट और लेबर रूम का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक एवं सुचारू पाई गईं। हालांकि ट्रामा सेंटर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में प्रमुख स्थानों पर रेडियम साइन बोर्ड, स्पष्ट साइनेज और रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि मरीजों और तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महानिदेशक ने चिकित्सालय प्रशासन को निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों और स्टाफ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्थाएं आमजन के विश्वास को मजबूत करती हैं।

इस अवसर पर सीएमएस डॉ. शक्ति बसु, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेश शुक्ला व डॉ. जितेंद्र कुमार, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. ए.पी. सिंह व डॉ. चितरंजन कुमार, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. सूरज कुमार, ईएमओ डॉ. हरि माधव शरण, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित शंकर, मुख्य फार्मासिस्ट जितेंद्र सिंह, स्टाफ नर्स मधु रानी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीबीएसई 10वीं का परिणाम जारी, नवोदय विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम







**जलालाबाद (समृद्धि न्यूज)।** बुधवार को सीबीएसई कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम जारी होते ही छात्र- छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के साथ- साथ अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य संदेश कुमार पांडे ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में कुल 43 छात्र- छात्राएं पंजीकृत थे, जिनमें से सभी का परिणाम संतोषजनक रहा। विशेष बात यह रही कि 42 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर शानदार उपलब्धि हासिल की। परिणाम में राजशेखर ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सार्थक ने 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अक्षरा ने 90 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर जगह बनाई। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बच्चों के नामांकन और शिक्षा के प्रति रैली निकाल जलाई अलख

## पीएमश्री उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

पीएमश्री उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर के प्रांगण में स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख संदीप चतुर्वेदी एवं खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम का विधिवत आगाज मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात, शिक्षा की अलख जगाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के उद्देश्य से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वैन विकास खंड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर स्कूलों में बच्चों के नामांकन और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएगी। विद्यालय में हुनरमंद टीम के सदस्यों आशुतोष दुबे, अतुल दीक्षित, गुंजन भदौरिया, सन्दीप यादव, शैली मिश्रा, स्नेहलता द्विवेदी, रोशनी दुबे एवं रितम चतुर्वेदी ने



अपने कौशल का प्रदर्शन कर छात्र- छात्राओं को नई विधाओं में प्रशिक्षित किया। बच्चों ने इस सत्र के दौरान कई रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेन्द्र सक्सेना और नोडल शिक्षक संकुल रामकिशोर सिंह ने मुख्य अतिथियों और हुनरमंद टीम के सदस्यों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शाइनिंग बैंड और अतुल दीक्षित के जादू के कार्यक्रम को उपस्थितजन ने खूब सराहा।

# स्मार्ट मीटर से बढ़े बिल पर भड़कीं महिलाएं बिजली दफ्तर में हंगामा

**कन्नौज।** सदर तहसील क्षेत्र के मकरंदनगर क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को लेकर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। बुधवार दोपहर बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं बिजली विभाग के एक्सईएन कार्यालय पहुंच गईं और जमकर हंगामा किया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल कई गुना बढ़ गया है। पहले जहां 1000 से 2000 रुपये तक मासिक बिल आता था, वहीं अब हजारों रुपये जमा करने के बावजूद बिजली बार-बार काट दी जा रही है। हाल ही में 4000 रुपये जमा करने के बाद भी सप्लाई बंद कर दी गई और दोबारा रिचार्ज कराने को कहा गया।

# सतीश यादव की भावभीनी विदाई, सहयोगियों ने किया सम्मान

समृद्धि न्यूज़

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** स्थानीय डाकघर में वरिष्ठ सहायक के सम्मान में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टमास्टर सहित समस्त कर्मचारियों एवं सहयोगियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। नगर के तिराहा स्थिति डाकघर में पोस्ट मास्टर जगदीश सिंह चौहान ने कहा कि वरिष्ठ सहायक सतीश कुमार यादव का कार्यकाल डाकघर कार्यालय के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उनके कुशल मार्गदर्शन, अटूट धैर्य और प्रभावशाली नेतृत्व ने न केवल कार्य संस्कृति को मजबूत किया, बल्कि टीम को नई दिशा भी प्रदान की। उनके



साथ बिताया गया समय सभी के लिए सीख और अनुभवों से भरा एक महत्वपूर्ण सफर रहा। इस मौके पर वरिष्ठ अभिकर्ता डाकघर राकेश बाबू सक्सेना ने बताया कि वरिष्ठ सहायक सतीश कुमार यादव ने सहकर्मियों को उनके सरल स्वभाव, सहयोगी भावना और सकारात्मक सोच की सराहना करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

समारोह का माहौल भावुक रहा, जहां सभी ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ नई जिम्मेदारियों के लिए विदा दी। पोस्ट मास्टर ने बताया कि सतीश चंद्र यादव ने 13 जुलाई 2023 को नगर के डाकघर में ज्वाइन किया था उनका स्थानांतरण तालग्राम डाकघर के लिए किया गया है उनके स्थान पर शिवम दुबे प्रदीप पांडे ने कार्यभार ग्रहण करेंगे। इससे पहले पोस्ट मास्टर जगदीश सिंह चौहान तथा राकेश बाबू सक्सेना ने विदाई समारोह में सतीश कुमार यादव को शाल उड़ाकर फूलमाला से लादकर उनका भव्य स्वागत किया ।इस मौके पर सेवाराम पाल राकेश बाबू सक्सेना अजीत कुमार उदयवीर यादव अनु वर्मा मनीष खान अवनीश वाजपेई पूनम आदर्श कुमार प्रजापति अजय दुबे पोस्टमैन मंजुल दुबे पोस्टमैन डाकघर के स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# कथा ही वह अमृत है जो मनुष्य को मृत्यु से पहले अमरता का मार्ग दिखाती है

## भागवत कथा से सीखें जीवन जीने की कला..

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।** हर व्यक्ति को जीवन में एक बार नहीं, बार-बार श्रीमद्भागवत कथा अवश्य सुननी चाहिए। कथा ही वह अमृत है जो मनुष्य को मृत्यु से पहले अमरता का मार्ग दिखाती है। कथा मन को निर्मल करती है, बुद्धि को जाग्रत करती है और जीवन को ईश्वर की ओर मोड़ती है। यह विचार नगर के शहीद मार्ग स्थित श्रीसीताराम आश्रम नंगापुरवा में श्रीमद्भागवत कथा के छठवे दिन कथा व्यास घनश्याम पांडे ने भक्तों के बीच प्रकट किये । उन्होंने आगे कहा कि हमारे वेद और शास्त्रों ने स्वीकार किया हो हमें उसकी पूजा



करनी चाहिए, जो पूजा वेदसम्मत नहीं है, वह केवल भ्रम है।हमें इधर-उधर की पूजा-पाठ, टोटके या किसी भी प्रकार के अंधविश्वास में विश्वास नहीं करना चाहिए। ये सब मन को भटकाते हैं, भगवान की ओर नहीं ले जाते। बचपन वह अवस्था है जब मन निर्मल, हृदय निष्कपट और विचार पवित्र होते हैं। ऐसे समय में किया गया भजन, कथा-श्रवण या सत्संग केवल एक कर्म नहीं होता, वह संस्कार का बीज होता है, जो आगे चलकर जीवन के हर क्षेत्र में शुभ फल देता है। जो माता-पिता अपने बच्चों को कथा श्रवण कराते हैं, वे उन्हें केवल धर्म नहीं दे रहे, बल्कि एक दिव्य जीवन दृष्टि दे रहे हैं।कथा का श्रवण करने से बच्चों के मन में ईश्वर के प्रति श्रद्धा, माता-पिता के प्रति आदर और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव जाग्रत होता है। हमेशा ऐसे कार्य करने चाहिए जिनसे न केवल हमारा, बल्कि समाज और राष्ट्र का कल्याण हो।मनुष्य का जन्म केवल अपने सुख के लिए नहीं हुआ है, बल्कि समाज के हित और धर्म के उत्थान के लिए हुआ है। जब व्यक्ति अपने कर्म में निःस्वार्थ भाव लाता है, तब वही सच्चा भक्त और कर्मयोगी कहलाता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में लगी आग, घरेलू सामान जलकर नष्ट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से लगभग पीड़ित को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कक्योली के नगला बदकनी निवासी सोनेलाल पुत्र कोमल प्रसाद सगर के छप्पर में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। देर रात लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते पूरे छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत शोर मचाकर अन्य लोगों को बुलाया और सभी ने मिलकर बाल्टी, पानी और उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत और करीब एक घंटे की मेहनत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे आग पास के अन्य छप्परों और मकानों तक फैलने से बच गई। हालांकि तब तक छप्पर में रखा सारा घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। पीड़ित परिवार के अनुसार, आग में अनाज, कपड़े, बिस्तर, बर्तन सहित दैनिक उपयोग की सभी आवश्यक वस्तुएं जलकर नष्ट हो गईं। जिससे परिवार के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना संबंधित राजस्व विभाग को देने के लिए पीड़ित द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। पीड़ित ने सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 पर कॉल कर सूचना दर्ज कराई। इससे पीड़ित परिवार को तत्काल राहत मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी आपात स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों का संपर्क में न होना गंभीर लापरवाही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता और राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे इस कठिन परिस्थितियों से उबर सकें। साथ ही आग लगने के कारणों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई गई है।



घटना की जानकारी देते पीड़ित परिजन

# फांसी के फंदे पर विवाहिता झूली, मौत

**भाई ने हत्या करने का लगाया आरोप**

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी विपिन कुमार की पत्नी पूजा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज थाना गुरसहायगंज क्षेत्र के गांव अंबरपुरवा निवासी महावीर सिंह यादव ने वर्ष 2018 में अपनी 29 वर्षीय पुत्री पूजा का विवाह मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी विपिन कुमार यादव पुत्र नरेंद्र सिंह यादव के साथ किया था। मंगलवार को पूजा ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिवार में कोहराम मच गया और मौके पर काफी ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना की जानकारी मिलने पर पूजा के पिता महावीर सिंह, भाई अरविंद और ममेरा भाई आशीष आदि लोग पूजा की ससुराल पहुंचे और देर रात घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले कर मोर्चरी भेज दिया। भाई अरविंद ने बताया की मेरी बहन पूजा के साथ पूजा के पति, ससुर, सास व देवर ने मारपीट की और फांसी के फंदे पर लटका दिया। घटना के बाद से पूजा की 5 वर्षीय पुत्री आंशि व ढाई वर्षीय पुत्री प्रज्ञा भाई अरविंद आदि का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।



मृतका फाइल फोटो

मेरापुर थाना प्रभारी राजीव पाण्डे ने बताया की पूजा के ममेरे भाई आशीष यादव पुत्र पप्पू यादव निवासी ग्राम उचा थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज की फौती सूचना के आधार पर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

# आठ माह से गायब युवक का गंगा में मिला कंकाल



जांच पड़ताल करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आठ पूर्व गायब हुए युवक का गंगा में कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम छोटा फतेहपुर निवासी 40 वर्षीय अवधेश पुत्र रामपाल कठेरिया का गंगा के किनारे कंकाल मिला है। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि अवधेश 13 अगस्त 2025 को गायब हो गया था। जिसकी काफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिला। उसके बाद गुमशुदी भी दर्ज करायी गई थी। कुछ दिन बाद शक होने पर मृतक के पिता रामपाल ने ग्राम कुबेरपुर घाट निवासी राजेश राजपूत पुत्र दुर्विजय एवं थाना मिर्जापुर के ग्राम बीघापुर निवासी सुरेंद्र राजपूत पुत्र बालकराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि आरोपीगण मेरे पुत्र प्रताड़ित करते थे। जिससे तंग आकर वह गंगा कूद गया। पुलिस ने आरोपी राजेश को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल की थी, ठोस सबूत न मिलने के कारण विवेचना ठंडे बस्ते में डाली गई। बीते दिन ग्राम कुबेरपुर घाट नगला हंसी पुलिया के निकट मछुआरे ने मछली पकड़ने के लिए जाल डाला था, तभी उसके जाल में अवधेश की खोपड़ी फंस गई थी। मछुआरे ने अवधेश के परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अजब सिंह पुलिस की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मछुआरों के बताए गए स्थान पर खुदाई करवाई गई।

## फंदा कसने से हुई थी आफताब की मौत, पीएम रिपोर्ट में खुलासा

**परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर दी तहरीर**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** युवक का शव घर में निर्वस्त्र अवस्था में खिड़की के फ्रेम ने लुंगी से बंधा मिला था। पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत फंदा कसने से हुई। स्वजनों ने हत्या का आरोप लगा तहरीर पुलिस को दी। क्षेत्र के गांव निजामुद्दीनपुर (नागा शैय्यद) निवासी 40 वर्षीय आफताब का निर्वस्त्र शव घर के अंदर खिड़की के फ्रेम से बंधा हुआ मिला था। मंगलवार सुबह तक घर का दरवाज़ा न खुलने पर ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत फंदा कसने से हुई।

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने सीबीएससी बोर्ड में बनाये कीर्तिमान

**विद्यालय टापर बनी स्पर्शिता मिश्रा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएससी) द्वारा हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के 130 छात्र परीक्षा में सम्मलित हुए थे। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण देखा गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। जिनमें 90 प्रतिशत व उससे अधिकअंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं के विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही अभिभावकों ने अपने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में छात्राओं ने इस बार भी बाजी मारी।



विद्यालय में सम्मानित होते मेधावी छात्र-छात्रायें

जिसमें 96.6 प्रतिशत अंक लाकर हाईस्कूल में स्पर्शिता मिश्रा प्रथम पाकर विद्यालय टापर बनी। द्वितीय स्थान पर 94.6 प्रतिशत अंक के साथ अग्रिमां सिंह रही। वहीं 94.4 अंक पाकर शौर्य प्रताप तृतीय स्थान पर रहे। अग्रिमा तिवारी ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल किये। वहीं वैभवी शुक्ला ने भी 94.2 प्रतिशत अंक हासिल किये। सिफत भान साध ने 94.2 प्रतिशत व अभिनव पाण्डेय 94 प्रतिशत, दृष्टि सोमवंशी ने 94.6 प्रतिशत, नैतिक मिश्रा ने 93 प्रतिशत, कुलसुम हुसैन ने 92.6 प्रतिशत, अशन अहरवार ने 92.6 प्रतिशत, अथर्व दुबे ने 91.4 प्रतिशत, कनिशक सैनी ने 91 प्रतिशत, अंशिका 90.2 प्रतिशत, ऋतुराज अवस्थी 90.2 प्रतिशत, प्रशंसा सिंह राठौर ने 90.2 प्रतिशत अंक हासिल किये।

विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल, डायरेक्टर राजीव मोहन पाण्डेय, प्रधानाचार्य डा0 लकी चावला, उप प्रधानाचार्य अंजू सिंह एवं विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा पास करने पर बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबरें एक नजर में

### बीडीओ ने साप्ताहिक बैठक कर सचिवों से की विकास कार्यों की समीक्षा



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड अधिकारी ने सचिवों के साथ साप्ताहिक बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की।

बुधवार को विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के लिए ग्राम पंचायत के सचिवों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक के दौरान सभी ग्राम पंचायत के सचिवों को फैमिली आईडी तथा फार्मर रजिस्ट्री ज्यादा से ज्यादा संख्या में किसानों की करवाने के निर्देश दिए। वहीं पेंशन संबंधी कार्यों को भी जल्द निस्तारण करने की बात कही। वहीं विकासखंड से जुड़े समस्त विकास कार्यों के बारे में बारीकी से विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने समीक्षा की। समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, बृजेश कुमार, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, सुनील कुमार गौतम, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेश सिंह, ब्लॉक मिशन मैनेजर ममता पाल, अनुज शुक्ला, संजीव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**भैंस को घायल कर देने का किया था विरोध**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव कारव निवासी महावीर ने दी तहरीर में बताया कि बुधवार दोपहर वह कटरी में भैंस चराने के लिए गया था। प्यास लगने पर वह पानी पीने चला गया। खेत में मौजूद गांव इकलहरा निवासी कुछ लोगों ने एक भैंस के पैर में हसिया मारकर घायल कर दिया। उक्त लोगों ने एक भैंस को भगा दिया। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। एक बर्ष पूर्व भी उक्त लोगों ने एक भैंस को गायब कर दिया था। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी।

# सांसद व डीएम ने 149 अभ्यर्थियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद मुकेश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 106 ई0सी0सी0ई0 एजूकेटर, 08 जिला परियोजना कार्यालय/ ब्लॉक संसाधन केन्द्रों पर सम्बद्ध कार्मिक, 14 तकनीकी अनुदेशक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों हेतु 21 कार्मिकों सहित कुल 149 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने सरस्वती वंदना के साथ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। डीएम ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निष्ठा एवं परिश्रम के साथ शिक्षण कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर ने अभ्यर्थियों को लगन एवं ईमानदारी से कार्य करने के लिए उत्साहित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने नारी शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए ई0सी0सी0ई0 एजूकेटर के माध्यम से प्रारम्भिक शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया। विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य ने विद्यालयों के शैक्षिक स्तर पर संतोष व्यक्त करते हुए नवचयनित कार्मिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध शिक्षण कार्य हेतु प्रेरित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा एवं सांसद मुकेश राजपूत ने भी सभी अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। संचालन आकाश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक जितेन्द्र सिंह, जितिन रंजन मिश्रा सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



अभ्यार्थी का प्रमाण पत्र वितरित करते डीएम व जनप्रतिनिधि

# वीडियो बनाने के चक्कर में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**एक सप्ताह पूर्व हुई थी सगाई**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** रेलवे स्टेशन पर लघु वीडियो बना रहा युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ समय बाद घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। एक सप्ताह पूर्व ही युवक की सगाई हुई थी।

गांव शाहपुर गंगपुर निवासी 18 वर्षीय शिवम कठेरिया दिल्ली के नरेला रेलवे स्टेशन के निकट रहकर पानी बेंचने का कार्य करता था। मंगलवार रात वह स्टेशन के निकट लघु वीडियो बना रहा था। उसी समय वह किसी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथियों की सूचना पर स्वजन रात में ही दिल्ली चले गए। शिवम के परिवार में पिता रामसेवक कठेरिया, भाई विजेंद्र, विजयराम व हरिओम है। शिवम की सगाई एक सप्ताह पहले जनपद शाहजहांपुर के जलालाबाद निवासी एक युवती से हुई थी। वह सगाई कार्यक्रम के बाद वह दिल्ली चला गया। युवक की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गई।



मृतक का फाइल फोटो

## सीपी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट एवं गौरवपूर्ण परीक्षा परिणाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही सीपी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में हर्ष, उल्लास एवं उत्सव का वातावरण व्याप्त हो गया। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित की। जिससे समूचा विद्यालय परिवार गौरवान्वित एवं उत्साहित है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जो उच्चस्तरीय शिक्षण, अनुशासित वातावरण एवं विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का सजीव प्रमाण है। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों में नित्या मिश्रा ने 97प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया। तितिक्षा ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा कनिष्का सिंह ने 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया।

# राजपूताना पब्लिक स्कूल में सीबीएससी का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**आराध्य मिश्रा प्रथम व अभिनव राठौर ने पाया द्वितीय स्थान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजपूताना पब्लिक स्कूल का सत्र 2025-26 सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष कुल 58 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। मेधावी छात्र-छात्राओं में आराध्य मिश्रा 92.2 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पर रही। अभिनव राठौर 91.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। कशिश 90.4 प्रतिशत तृतीय स्थान, कृतिका सिंह 90.2 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ स्थान पर रहे। दिव्यांश सिंह 89.2 प्रतिशत पंचम स्थान व कनिष्का राठौर 88 प्रतिशत षष्ठम स्थान पर रही। इन सभी विद्यार्थियों ने अबनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय प्रबंधक संदीप सिंह राठौर, प्रधानाचार्य हिरदेश कुमार सिंह, प्रशासक मोहम्मद अरशद ने सभी विद्यार्थियों की हार्दिक बधाई दी।




# बहु धनुहीं तोरी लरिकाईं। कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं॥

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के अवतरण दिवस के रूप में हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि (अक्षय तृतीया) को मनाया जाता है। त्रेतायुग में ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के घर जन्मे परशुराम को चिरंजीवी (अमर) माना जाता है, जिन्होंने अत्याचारी राजाओं का अंत कर धर्म की स्थापना की थी। उनका जन्म अन्याय, अत्याचार,अधर्म का नाश करने के लिए हुआ था।



विनीत अग्निहोत्री

**स्वामी रामानंद इं0का0 के प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री** ने बताया कि परशुराम एक ब्राह्मण कुल में जन्मे थे, लेकिन कर्म से वे एक योद्धा थे। उन्होंने शस्त्र और शास्त्र दोनों में निपुणता प्राप्त की थी। परशुराम को चिरंजीवी माना जाता है और वे महाभारत और रामायण जैसे ग्रंथों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परशुराम ने अत्याचारी और गलत काम करने वाले राजाओं का नाश किया और धर्म व सत्य का मार्ग स्थापित किया था।



अमन अवस्थी

**भाजपा नेता अमन अवस्थी** ने बताया कि भगवान परशुराम ने 21 बार क्षत्रियों का विनाश अपने पिता, महर्षि जमदग्नि की धोखे से की गई हत्या और उनके आश्रम में हुई तोड़फोड़ का बदला लेने के लिए किया था। दुष्ट और अत्याचारी राजाओं (विशेषकर हैहय वंश) के अहंकार व अधर्म को मिटाने के लिए उन्होंने यह प्रतिज्ञा ली थी। उन्होंने संसार को भ्रष्टाचार और बुराई से मुक्त करके धर्म की पुनर्स्थापना की।



हिमांशु शुक्ला

**रस्तोगी इंटर कालेज के सहायक अध्यापक हिमांशु शुक्ला** ने बताया कि भगवान परशुराम ने एकता का सूत्र संसार को दिया है। सभी जाति और समाजों में समरसता का संदेश दिया है।भारतीय वाङ्मय में सबसे दीर्घ जीवी चरित्र परशुराम जी का है। सतयुग के समापन से कलयुग के प्रारंभ तक उनका उल्लेख मिलता है। भगवान परशुराम जी के जन्म समय को सतयुग और त्रेता का संधिकाल माना जाता है।

## विद्यालय ने बच्चे की पढ़ाई पर लगायी रोक

**मां ने डीएम से लगायी गुहार**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** छात्र को बिना कारण बताये विद्यालय मैनेजमेंट द्वारा निकाल देने के मामले में छात्र की मां ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी है। कमालगंज क्षेत्र की रहने वाली गुंजन सिंह ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर अवगत कराया कि उनका बेटा अर्धवन प्रताप सिंह जो कक्षा-8 का ज्ञानफोर्ट स्कूल का विद्यार्थी है। इस वर्ष विद्यालय ने बिना कारण बताये मेरे बच्चे को पढ़ाने से रोक लगा दी है। पूछने पर कोई कारण भी नहीं बताया।बच्चे के भविष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय को आपे बच्चे को पढ़ाने के लिए आदेशित कर न्याय दिलाने की कृपा करें।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने दंपति व ससुर को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घर में अकेली देख महिला से आरोपियों ने छेड़छाड़ की। जब पीड़िता के परिजनों ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# सुरों के जादू बिखेर रही है उपनिरीक्षक की बेटी नित्या

**लोकप्रिय संगीत रियलिटी शो राइजिंग स्टार सिंगिंग आइकन में चयन होने से परिजनों में खुशी**

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** उपनिरीक्षक की सात वर्षीय बेटी का लोकप्रिय संगीत रियलिटी शो राइजिंग स्टार सिंगिंग आइकन में चयन होने से परिवार में जश्न का माहौल है। वहीं पुलिस कर्मियों ने उपनिरीक्षक को उनकी बेटी के चयन पर बधाई दी है।

पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह की 7 वर्षीय बेटी कुमारी नित्या का राइजिंग स्टार सिंगिंग आइकन में चयन हुआ है। जिससे परिवार में खुशी का माहौल है। छोटी सी उम्र में 7 वर्षीय बच्ची जोकि बचपन से ही होनहार है। पिता उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि पुत्री नित्या वर्तमान में सन बीम पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा है। अपने सुरीली आवाज के कारण कई सिंगिंग प्रतियोगिताओं केजे मोशन सिंगिंग आइडल, सिंगिंग आइडल में चयनित हो चुकी है। हाल ही में बेटी नित्या का चयन राइजिंग स्टार सिंगिंग आइकन में हुआ है जो उनकी प्रतिभा और मेहनत को दर्शाता है। इतनी कम उम्र में नित्या अपने सुरों का जादू से खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। वह भविष्य में एक सफल गायिका बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। होनहार बच्ची की जानकारी होते ही पिता जितेंद्र सिंह तथा बच्ची की मां तथा अन्य परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं बच्चे नित्या की जानकारी होते ही पुलिस लाइन में तैनात पुलिस कर्मियों में जश्न का माहौल है।




चयनित बेटी नित्या

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत भाजपा ने निकाली बाइक रैली

**महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग**


बाइक रैली में शामिल महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के उपलक्ष में द्वारा सदर विधानसभा के अंतर्गत शहर के टाउन हॉल पर एकत्रित महिलाओं ने जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के नेतृत्व में स्कूटी-बाइक रैली निकली। बाइक रैली टाउन हॉल से शुरू होकर त्रिपोलिया चौक से होते हुए बद्री विशाल डिग्री कॉलेज पर संपन्न हुई। भाजपा महिला कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी हाथों में स्लोगन लिखी हुई तखतिया लिए नारे लगाते हुई निकाली। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत देश की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर मातृशक्ति उनके हाथों को मजबूत करने का कार्य किया है। इस कानून के माध्यम से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और उन्हें नीति निर्माण में सीधे शामिल करना है। मातृशक्ति सिर्फवोट बैंक बनकर न रह जाए बल्कि समाज में उसकी भागीदारी सर्वोच्च होनी चाहिए। पिछली सरकारों ने देश की महिलाओं और मातृशक्ति को मजबूत करने के कोई ठोस निर्णय नहीं लिए उन्हें सिर्फ अपने राजनीतिक लाभ के लिए वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। जिला उपाध्यक्ष रश्मि दुबे ने बताया केंद्र की भाजपा सरकार के महिलाओं के लिए लिए गए इस ऐतिहासिक फैसला से मातृशक्ति का सशक्तिकरण होगा। जिला मंत्री श्वेता दुबे ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रतिभा राजपूत, हिना दवे, रमला राठौर, चित्रा अग्निहोत्री, ममता सक्सेना, सुजाता सिंह, बिटाना चौहान, सुमन राजपूत, अलका सिंह, मीना मिश्रा, अनु शुक्ला, रुचि बाजपेई, मीरा सिंह, किरण सिंह, यशोदा सिंह, डोली भारद्वाज, सुखदेवी मिश्रा, अफजिला खान, मधु मिश्रा, अमरदीप दीक्षित, हिमांशु गुप्ता, अनुराग दुबे, अभिषेक बाथम, संजीव गुप्ता, वीर बहादुर पाल, शिवांग रस्तोगी, आरके दीक्षित, आदित्य मिश्रा, संतोष राजपूत, ऋषिपाल सिंह सिसोदिया, शिव मोहन सिंह, पंकज पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यायाधिकारी विजय रतन गौतम को दी गई भावभीनी विदाई



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** तहसील सभागार में ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी विजय रतन गौतम के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में अधिवक्ता संघ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने उनके कार्यकाल को सराहते हुए उन्हें सम्मानित किया।

विजय रतन गौतम ने अमृतपुर ग्राम न्यायालय में लगभग 2 वर्ष 8 माह तक अपनी सेवाएं दीं।

# पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता हेतु जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में अभिभावकों को छात्राओं के लिए पाठ्य पुस्कतों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय में पुस्तक जागरुकता एवं सुलभता शिविर, पुस्तक मेला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्या ने अभिभावकों को बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा कक्षा-9 से 12 तक कुल विषयों के अन्तर्गत 70 एनसीआरटी पाठ्य पुस्तकों को सस्ते दर में प्रचलन में लाया गया है। इन पाठ्य पुस्तकों के मुद्रक और वितरण के लिए परिषद द्वारा तीन मुद्रक वितरकों को पायनियर प्रिंटर्स एवं पव्लिसर्स बिहाइंड महालक्ष्मी धर्मकांटा सिकंदरा कक्षा-12 व सिंगल एजेंसीज पब्लिकेशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर लखनऊ कक्षा-11 और पीतांबरा बुक्स प्राइवेट लिमिटेड बिजौली झांसी कक्षा-10 को अधिकृत किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि 10/12 संस्थानों के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज अधिकृत प्रकाशकों के माध्यम से मुद्रित करायी गई पाठ्य पुस्तकों के अलावा अन्य कोई पुस्तकें नहीं पढ़ाई जाये। अध्यारत्न छात्राओं को उच्च गुणवत्ता की पाठ्य पुस्तकें सस्ते दर में उपलब्ध हो सकेंगी। संचालन दर्शना शुक्ला ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शना आर्या व सुनीता पाण्डेय, मीना अवस्थी की अध्यक्षता में हुआ। छात्राओं में माही, वंशिका, अंशिका, आस्था, आरोही, सृष्टि और दीक्षा द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# मानव श्रंखला का निर्माण कर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम सम्पन्न


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

**एलवाई डिग्री कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया जागरुक**

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** एलवाई डिग्री कॉलेज में बुधवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नारी शक्ति दीवार कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने विचार लिखकर अपने हस्ताक्षर किए। छात्राओं ने मानव श्रृंखला का निर्माण कर नारी शक्ति का परिचय दिया। मानव श्रृंखला एकता, एकजुटता, सामाजिक सद्भाव और साझी प्रतिबद्धता का प्रतीक रही। यह एक प्रतीकात्मक प्रदर्शन रहा। छात्राओं ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नारी शक्ति वंदन के साझे उद्देश्य के लिए अपनी सामूहिक शक्ति और अनुशासन का संदेश दिया। महाविद्यालय में नारी शक्ति विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपने विचार रखते हुए आज के दौर में नारी शक्ति की उपयोगिता बताते हुए कहा कि आज जीवन का कोई भी पहलू नहीं है। जिसमें हम पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर न चल रहे हों, बल्कि कई क्षेत्रों में हमने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि सशक्त नारी ही सशक्त भारत के निर्माण का आधार बनेंगी। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ0 विनय कुमार सिंह ने कहा कि ये समय दुनिया को नारी शक्ति से परिचित कराने का है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति भारत में महिलाओं की दृढ़ता, साहस और सशक्तिकरण का प्रतीक है, जो सामाजिक और आर्थिक विकास को गति दे रही है। छात्राओं ने प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए नंबर 9667173333 पर मिस्ड कॉल कर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में जन समर्थन जुटाने का कार्य किया।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में छात्राओं को किया गया जागरुक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय महाविद्यालय परिसर में नारी शक्ति अधिनियम 2023 के समर्थन में छात्राओं ने मिस्ड कॉल के माध्यम से अधिनियम को प्रोत्साहित किया तथा अपना समर्थन प्रदान किया। मिस्ड कॉल कार्यक्रम में बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश ने किया। उन्होंने कहा कि इस कानून के माध्यम से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और उन्हें नीति निर्माण में सीधे शामिल करना है। मातृशक्ति सिर्फ वोट बैंक बनकर न रह जाए बल्कि समाज में उसकी भागीदारी सर्वोच्च होनी चाहिए। साथ ही हस्ताक्षर चलाकर जागरुक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 नीधीश कुमार सिंह, एकेडमिक समिति प्रभारी डॉ0 संदीप कुमार द्विवेदी, सदस्य समीर कुमार गुप्ता, डॉ0 आलोक बिहारी लाल तथा भारतीय महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हिंदी ओलंपियाड में सीपी इंटर नेशनल के विद्यार्थियों को मिला भाषा गौरव सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिंदी संस्थान द्वारा आयोजित हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में सीपी इंटर नेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की। प्रतियोगिता में छात्रों ने कुल 7 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक एवं 2 कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण तथा हिंदी भाषा के प्रति उनके गहन अनुराग का परिचायक है। विद्यालय में छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।


सम्मानित होते छात्र-छात्रायें

प्रभारी प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया एवं विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन अर्पित मिश्रा ने किया।

निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति और पहचान का आधार है तथा विद्यार्थियों को इसके संवर्धन हेतु सदैव तत्पर रहना चाहिए। एमडी ज्योत्स्ना अग्रवाल ने कहा कि हिंदी का ज्ञान व्यक्तित्व को समृद्ध बनाता है और शुद्ध भाषा प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। उपनिदेशक अंजू राजे ने कहा कि हिंदी हमें हमारी परंपराओं से जोड़ती है और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। प्रभारी प्रधानाचार्य नवीन शाक्य ने कहा कि हिंदी ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की भाषाई क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में शिवानी मिश्रा, रणवीर सिंह, श्रवण कुमार मिश्रा, नंदिता जैन सहित सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# ग्रीष्मकालीन कार्यशाला की तैयारी बैठक संपन्न


बैठक को संबोधित करते संजय गर्ग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्यशाला की तैयारी एवं आगामी कार्यक्रम हेतु कार्यकारिणी बैठक एशियन कम्प्यूटर सेंटर पर सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ संस्कार भारती ध्येय गीत गाकर किया गया। कार्यशाला सहयोग के लिए सहसंयोजक के रूप में अभिषेक श्रीवास्तव, कुलभूषण को सर्वसम्मति से घोषित किया गया। भू-अलंकरण दिवस के लिए संयोजक हेमलता श्रीवास्तव एवं पर्यावरण दिवस के लिए अनुभव सारस्वत को सर्वसम्मति से घोषित किया गया। कार्यशाला संयोजक अनुराग अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला 21 मई से 20 जून समय 7:30 से 9:30 तक नगर के मदन मोहन कनोडिया इण्टर कालेज खतराना में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में कथक, मेंहदी, सौंदर्य कला, चित्र कला, डिज़ाइनर सिलाई, नाट्य कला, मूर्ति कला, नृत्य लोक नृत्य आदि विधाओं का कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने सभी का धन्यवाद दिया। संचालन सचिव गौरव मिश्रा ने किया। बैठक में प्रमोद अग्रवाल, आदेश अवस्थी, संजय गर्ग, समरेंद्र शुक्ल कवि, अरविंद दीक्षित, नवीन मिश्र नब्बू, नरेंद्र नाथ मिश्रा, अनुभव सारस्वत, रजनी लौंगवानी, पारुल सैनी, किरण त्रिवेदी, अनुराग अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## विवाद भूमि पर अम्बेडकर प्रतिमा रखने पर बवाल

**सुबह पहुंची पुलिस ने प्रतिमा को लिया कब्जे में**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव हजरतपुर में अम्बेडकर पार्क की विवादित भूमि पर बीती रात्र डाक्टर अम्बेडकर साहब की प्रतिमा रखी गई। जिसकी जानकारी अधिकारियों को दी गई। बुधवार सुबह कोतवाली पुलिस की टीम जाँच पड़ताल के लिए गई तो उसी दौरान पुलिस प्रतिमा को उठाले आई। प्रतिमा के गायब किए जाने की सूचना पर दलित समाज के लोगों मे रोष व्याप्त हो गया। सुबह को महिला, पुरुष कोतवाली पहुँचे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर वापस घर भेज दिया। गाँव से लगभग 100, मीटर की दूरी पर ढाई बीघा जमीन अम्बेडकर पार्क के नाम से है, जिसको लेकर शाक्य समाज व दलितों के बीच 17 वर्षो से विवाद चला आ रहा।

# नोशनल वेतन वृद्धि की गायब फाइलों को उपलब्ध कराने की मांग


बीएसए को ज्ञापन सौंपते सेवानिवृत्त शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के जिला संयोजक विजय बहादुर यादव की अध्यक्षता में पेंशनरों की समस्याओं को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। समस्याओं का निराकरण हेतु जिला बेसिक शिक्षाधिकारी व वित्त लेखाधिकारी संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि सेवानिवृत्त अध्यापकों की सेवा पुस्तिका गायब है, जो कि बहुत ही बड़ा प्रश्न है। शासनादेश में साफ-साफ अंकित है कि अध्यापक की पेंशन बन जाने के उपरान्त सेवा पुस्तिकायें अध्यापकों को वापस कर दी जाये, परन्तु ऐसा नहीं किया गया है। अध्यापकों की सेवा पुस्तकायें तो प्राप्त करायी जाये, अन्यता जिस स्तर से गायब हुई है उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही करते हुए अध्यापक की नोशनल वेतन वृद्धि लगाये जाने की मांग की गई। इससे पूर्व में भी अवगत कराया गया कि कानपुर में भेजी जाने वाली समस्त फाइलों की जानकारी दी जाये। जिससे कानपुर कोषागार से सम्पर्क कर फतेहगढ़ कोषागार को भिजवाई जा सके। तथा नोशनल वेतन वृद्धि का लाभ दिलाया जा सके। जिन अध्यापकों की सेवा पुस्तिका गायब है, उनमें कृष्ण कुमार वर्मा, राजकिशोर, नेकराम पाल, धनश्याम सिंह, राजाराम, सूरज सिंह, कृष्ण पाल, राजेन्द्र प्रताप दुबे, दीवारी लाल आदि की फाइलें गायब है। दयाराम, देवेन्द्र सिंह यादव, अली अहमद कोषागार से वापस फाइलों का पता नहीं है। जिससे अध्यापकों के बीच समस्या बनी है, आदि मांगों को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा।

## किसानों ने गौशालाओं में आलू भी खिलाने की नीति बनाने की मांग



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू विकास विपणन सहकारी संघ के निदेशक अशोक कटियार के नेतृत्व में एक पत्र पशुधन विकास मंत्री को सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि आलू की मंदी से किसान अत्यधिक परेशान हैं। सरकार गौशालाओं में छह से दस रूपए में भूसा खरीद कर खिला रही है। आलू पौष्टिक व सस्ता पशु चारा है। जिससे किसानों को भी फायदा होगा और सरकार को राजस्व की बचत होगी।

## खबरें एक नजर में

### सपा सैनिक प्रकोष्ठ ने मनाई डा. अम्बेडकर की जयंती



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत रत्न संविधान निर्माता डा0 भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर सर्वेश अंबेडकर के साथ सैनिक प्रकोष्ठ जनपद के पदाधिकारीयों ने जयंती मनाई गयी। आवास विकास पार्टी के साथ जेएनवी रोड, मोहम्मदाबाद, अमृतपुर, शमशाबाद, राजलमाई, पपड़ी, कायमगंज, अचरा, शयनी, विच्छैली, हथौड़ा, कोकापुर, पिलखना, कुरार, बदकिनी, सिरमौरा बांगर आदि गांव में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर माल्यार्पण कर जयंती धूमधाम से मनायी गई। सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने पदाधिकारियों के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और विचार व्यक्त किये। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### छात्राओं ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में लिया भाग



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीया चरण में शासन के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ0 कल्पना सिंह के संरक्षण व निर्देशन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रचार अभियान के संदर्भ में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 16 से 18 अप्रैल तक आयोजित होने वाला विशेष संसद सत्र नारी शक्ति वंदन के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक है। यह सत्र महिला सशक्तिकरण की दिशा में नए अध्याय का प्रतीक होगा। 10 से 20 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रचार अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों को आयोजित करने के संदर्भ में महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया। प्राचार्य ने छात्राओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 से अवगत कराया एवं इसके समर्थन में अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय से डॉ0 शालिनी, डॉ0 महेश कुमार, डॉ0 प्रियांशु गुप्ता, डॉ0 अमित कुमार, डा0 वीरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### रैली में गयी किशोरी फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के एक मोहल्ला निवासी एक किशोरी मंगलवार को नगर में रैली में शामिल होने आई थी। रैली का समापन होने के बाद जब किशोरी घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन किशोरी का कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने जब किशोरी के बारे गहनता खोजबीन की, तो पता चला कि नवाबगंज नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक अपने नगर निवासी मित्र की मदद से किशोरी को अपने साथ बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है।

# छात्रा सिद्धि ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम किया रोशन


परिजनों के साथ मौजूद छात्रा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर क्षेत्र की होनहार छात्रा सिद्धि सिंह ने सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा में 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गंगापार इलाके का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। सिद्धि सिंह, जो जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा हैं, ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने बताया कि उनका सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है और अपने क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा करना है। सिद्धि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया। छात्रा के पिता कर्मवीर सिंह ने कहा कि यदि बच्चे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर मेहनत करें, तो सफलता अवश्य मिलती है। वहींए क्षेत्र के चमन में प्रदीप सिंह राठौड़ भद्दू भैया पूर्व प्रधान अमृतपुर ने भी सिद्धि की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि कड़ी मेहनत का परिणाम हमेशा सकारात्मक होता है।

## एक्स-रे कक्ष में लटका ताला, भटकते रहे मरीज




**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को एक्स-रे कक्ष बंद रहने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एक्स-रे कराने आए कई मरीज बिना जांच कराए ही निराश होकर लौट गए। सुबह सीताराम अपने हाथ का एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। जब वह एक्स-रे कक्ष के अंदर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि कक्ष पर ताला लगा हुआ था। उन्होंने लगभग दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन इस दौरान कोई भी डॉक्टर एक्स-रे कक्ष पर नहीं पहुंचा। सीताराम के अलावा कुलदीप कुमार और बसंत सिंह सहित कई अन्य मरीज भी एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। बुधवार को पूरे दिन एक्स-रे कक्ष का ताला नहीं खुला, जिससे मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ा। मरीज एक्स-रे करने वाले डॉक्टर के बारे में पूछताछ करते रहे, लेकिन किसी को कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं लगा।

# बसपा नेता ने मनाया बाबा साहब का जन्मोत्सव


बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डा0 राघवेन्द्र अग्निहोत्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बसपा नेता ने अपने समर्थकों के साथ डॉ0 भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई और बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बढ़पुर पूर्वी तृतीय क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी व लाइफ लाइन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा0 राघवेन्द्र अग्निहोत्री ने अपने समर्थकों के साथ अम्बेडकर प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने भारत को ऐसा संविधान दिया, जिसकी मिसाल दुनिया में कम ही देखने को मिलती है। उन्होंने सामाजिक समानता, न्याय और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ0 अंबेडकर का जन्मोत्सव व बसपा का स्थापना दिवस पार्टी द्वारा पूरे देश में समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बसपा का गठन ही बाबा साहब डॉ0 अंबेडकर के जन्म दिवस पर उनके सपनों को पूरा करने के वास्ते किया गया है। उन्होंने कहा कि बसपा के रास्ते ही डॉ0 अंबेडकर को सच्ची श्रद्धासुमन देकर भारतीय संविधान की रक्षा संभव है।


## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांक:-67/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2026-27/शमसाबाद — दिनांक 15 अप्रैल, 2026

### अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 16/04/2026 से 06/05/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध है जो कि वेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 06/05/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 16.04.2026 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 06.05.2026 2:00 बजे | |

श्रीकिशन, अवर अभियंता सिविल, न0पं0 शमसाबाद (फर्रुखाबाद)

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद फर्रुखाबाद

जोया शाह, अध्यक्ष, नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद फर्रुखाबाद

## खबरें एक नजर में

### कर्णाली नदी में गिरकर युवक लापता, शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन



**तिकुनिया-खीरी।** सीमावर्ती क्षेत्र के कौडियाला घाट पर बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जहां खेत देखने आए एक युवक का पैर पैंटून पुल पर फिसलने से वह कर्णाली नदी में गिरकर लापता हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बरसोला कलां निवासी अरुण (19) पुत्र कंधई अपने खेतों की देखभाल के लिए कर्णाली नदी पार जा रहा था। वह पैंटून पुल से होकर गुजर रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से उसका पैर फिसल गया और वह तेज बहाव वाली नदी में जा गिरा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन नदी का बहाव इतना तेज था कि वह देखते ही देखते आंखों से ओझल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई गई। काफी देर तक चले सर्च ऑपरेशन के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए सशस्त्र सीमा बल की 70वीं वाहिनी की राहत एवं आपदा बचाव टीम को भी बुलाया गया है, जिसके पहुंचने के बाद तलाश अभियान को और तेज किया जाएगा। घटना की खबर मिलते ही युवक के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश लगातार जारी है और हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### आवारा सांड का हमलाः घर के बाहर खेल रहे 10 वर्षीय मासूम की छाती में सींग घुसी, घायल

**निघासन (खीरी)।** क्षेत्र में आवारा पशुओं का बढ़ता आतंक अब बच्चों की जान पर बनता जा रहा है। बुधवार को एक दर्दनाक घटना में घर के बाहर खेल रहे 10 वर्षीय मासूम पर अचानक एक आवारा सांड ने हमला कर दिया। सांड ने बच्चे को सींग मारकर बुरी तरह घायल कर दिया, जिससे पूरे गांव में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, झंडी राज गांव निवासी चांद मियां का 10 वर्षीय बेटा सैफ अपने घर के बाहर मैदान में खेल रहा था। इसी दौरान अचानक एक आक्रामक सांड वहां पहुंचा और बिना किसी उकसावे के सैफ पर हमला कर दिया। सांड ने अपने नुकीले सींग सैफ की दाहिनी छाती में घुसा दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे और किसी तरह सांड को भगाया। परिजन आनन-फानन में घायल सैफ को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के मुताबिक, फिलहाल बच्चे की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है, लेकिन उसे निगरानी में रखा गया है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा सांडों और पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। आए दिन ऐसे हमले हो रहे हैं।

### गोमती नदी को नया जीवनः कलीनगर में 47.2 किमी पुनरुद्धार कार्य का शुभारम्भ



**पूरनपुर, पीलीभीत।** तहसील कलीनगर क्षेत्र के माधौटांडा में गोमती नदी की अविरल धारा को पुनः प्रवाहित करने के उद्देश्य से 47.2 किलोमीटर लंबे महत्वाकांक्षी पुनरुद्धार कार्य का विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुभारम्भ कर दिया गया।शुभारम्भ अवसर पर पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे क्षेत्र में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल छा गया। पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बाबूराम पासवान ने विधिवत पूजा-अर्चना कर इस परियोजना का शुभारम्भ किया।विधायक बाबूराम पासवान ने कहा, गोमती नदी की अविरल और निर्मल धारा सुनिश्चित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस पुनरुद्धार कार्य से नदी को नया जीवन मिलेगा। जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा में बड़ी राहत मिलेगी।परियोजना के अंतर्गत जनपद की 16 ग्राम पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा। नदी के पुनर्जीवन से भूजल स्तर में सुधार होगा, पर्यावरण संतुलन मजबूत होगा तथा ग्रामीणों की आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, एसडीएम कलीनगर, मुख्य विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा हेमंत यादव, गोमती ट्रस्ट के निर्भय सिंह, योगेश्वर सिंह सहित अनेक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि गोमती की अविरल धारा बनाए रखना मात्र एक सरकारी परियोजना नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की सुरक्षा है।ग्रामीणों ने इस पहल का हार्दिक स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

### बिलसंडा क्षेत्र में आग लगने से 16 बीघा गेहूं की फसल जली

**बिलसंडा।** थाना क्षेत्र के परेवा तुर्राह गांव में बुधवार सुबह गेहूं कटाई के दौरान खेत में आग लग गई। इस घटना में दो किसानों की करीब 16 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते इसने विकराल रूप ले लिया। किसान छोटेलाल के खेत से शुरू हुई आग ने उनके भाई वीरपाल के खेत को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने अफरातफरी के बीच आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाई। खेत मालिक छोटेलाल ने बताया कि उनकी, उनके भाई वीरपाल और रिकल की कुल करीब 16 बीघे गेहूं की फसल पूरी तरह जल गई है। घटना की सूचना मिलने पर बीसलपुर के नायब तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से आग लगने की घटना के बारे में जानकारी ली।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में सर्पदंश से पीड़ित महिला की मंगलवार को उपचार के दौरान मंडलीय चिकित्सालय में मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बंजारी कलां गांव निवासी रामनरेश की 35 वर्षीया पत्नी मीरा सोमवार की रात आठ बजे के करीब खाना बनाने के लिए टोकरी में रखी सब्जी काटने जा रही थी उसी दौरान टोकरी के पास छिपे जहरीले सांप ने दाहिने हाथ में डस लिया था। मंगलवार सुबह महिला की गंभीर हालत देखकर परिजन उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए।जहां डा? आलोक सिंह यादव व डा? रीना सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफ्र कर दिया। जहां मंडलीय चिकित्सालय में उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि बंजारी कलां गांव में सर्पदंश से महिला की मौत हो गई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीड़ित महिला को तीन बेटियां व दो बेटे थे। बड़ी बेटी प्रिया 12 , दूसरी काजल 10, तीसरी आंचल 7 वर्ष, पुत्र गिरधारी 5, कल्लू 2 वर्ष के थे।

### ग्राम प्रधान ने की गौशाला को पूर्ण कराने की मांग

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बबुरा रघुनाथ सिंह की ग्राम प्रधान उपासना सिंह ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित किसान दिवस पर ग्राम पंचायत मे निर्माणाधीन गौशाला का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने की मांग किया है जिससे ग्राम पंचायत में मवेशियों को पशु आश्रय स्थल में रखा जा सके और मवेशीयो से किसानों की फसलों की सुरक्षा किया जा सके निर्माणाधीन गौशाला का कार्य धीमी गति से कार्यदाई संस्था द्वारा कराया जा रहा है जिससे गौशाला का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है ग्राम प्रधान ने गौशाला का जल्द से जल्द कार्य को पूरा कराने की मांग किया है जिससे गौशाला पूर्ण होने से मवेशियों को पशु आश्रय स्थल में रखा जा सके और किसानों को गौशाला का लाभ मिल सके इस संबंध में ग्राम प्रधान उपासना सिंह ने बताया की निर्माणाधीन गौशाला का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया है।

**बांकेगंज में अंबेडकर जयंती बवाल के बाद बड़ा एक्शन**

# 73 नामजद, 200 अज्ञात में से 19 गिरफ्तार

▸ **जमीन विवाद से सुलगी अंबेडकर जयंती, मूर्ति स्थापना को लेकर टकराव बना हिंसा की वजह, पुलिस ने दिखाई सख्ती**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मैलानी थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव में अंबेडकर जयंती के दौरान हुए हिंसक बवाल के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक कार्रवाई की है। घटना के अगले ही दिन चलाए गए अभियान में पुलिस ने 19 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पूरे घटनाक्रम में कुल 73 नामजद और करीब 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की कार्रवाई से स्पष्ट है कि बवाल और उससे जुड़े सभी पहलुओं को एक साथ जोड़कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी गोला के निर्देशन में थाना मैलानी में दर्ज मुकदमे में नामजद और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 19 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। सभी पर बलवा, पथराव, मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी गंभीर धाराओं में कार्रवाई की गई है। बता दें मंगलवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर



बाबूपुर गांव में प्रतिमा स्थापना को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक हो गया। पुलिस और ग्रामीण आमने-सामने आ गए और पथराव, तोड़फोड़ व आगजनी की घटनाएं सामने आई। उग्र भीड़ ने प्रशासनिक वाहनों को निशाना बनाते हुए कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए, कुछ को पलट दिया और एक वाहन को आग के हवाले कर दिया। हालात काबू में करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

**जमीन को लेकर आपत्ति से शुरू हुआ पूरा मामलाः** दरअसल, विवाद की जड़ उस जमीन को लेकर रही, जिस पर प्रतिमा स्थापित की जा रही थी। एक महिला का दावा था कि उक्त जमीन उसकी है और बिना सहमति वहां मूर्ति रखी जा रही थी। इसी को लेकर उसने पुलिस से शिकायत की थी और जमीन को विवादित बताया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार इसी आपत्ति और उसके बाद की घटनाओं ने पूरे मामले को तूल दिया, जो बाद में बवाल में बदल गया। ऐसे में जमीन विवाद और हिंसक घटना को एक ही घटनाक्रम के रूप में देखते हुए कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपियों में कई गांवों के लोग शामिलः** गिरफ्तार किए गए 19 अभियुक्तों में जयपाल, अनुराग, रजनीश, वीरपाल, सूर्यप्रसाद उर्फ सूरज, सुनील कुमार, पंकज, लल्लूराम, रोहित, अर्जुन कुमार, परमीत, आदित्य, अजीत कुमार, राज, विमल कुमार, हरीशंकर, अनांशु, नीरज और श्यामकुमार शामिल हैं। ये सभी आरोपी मैलानी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी हैं।

**आगे भी जारी रहेगी कार्रवाईः** पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। वहीं शेष नामजद और अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

**टीम की सक्रियता से मिली सफलताः** इस पूरी कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मैलानी बृजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में उपनिरीक्षकों और पुलिसकर्मियों की टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि जिले में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में कानून का राज कायम रहे।

## गोलामंडी गेहूं क्रय केंद्र पर अव्यवस्थाओं का आरोप, भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

▸ **किसानों ने बोरों की कमी, तौल में देरी और बिचौलियों की सक्रियता पर जताई नाराजगी, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गोलामंडी स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर व्याप्त अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने बुधवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। यूनियन पदाधिकारियों के साथ पहुंचे क्षेत्रीय किसानों ने केंद्र की कार्यप्रणाली



पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान हालात में किसान अपनी उपज बेचने को लेकर परेशान हैं।

ज्ञापन में जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन के नेतृत्व में किसानों ने आरोप लगाया कि क्रय केंद्र पर अभिलेखों का सत्यापन समयबद्ध तरीके से नहीं किया जा रहा है, जिससे खरीद प्रक्रिया बाधित हो रही है। किसानों को कई दिनों तक केंद्र के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

**बोरों की कमी से ठप खरीद प्रक्रियाः** किसानों ने बताया कि केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में बोरे उपलब्ध नहीं हैं, जिसके चलते वे अपनी गेहूं उपज की बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और वे निजी व्यापारियों को कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर हो रहे हैं।

**तौल में देरी, प्रशासनिक शिथिलता का आरोपः** ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गेहूं की तौल प्रक्रिया में अनावश्यक देरी की जा रही है। केंद्र पर व्यवस्थाएं सुचारू नहीं होने के कारण किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे आक्रोश बढ़ रहा है।

**भुगतान व्यवस्था पर उठे सवालः** बटाईदार किसानों के भुगतान को लेकर भी गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। किसानों का आरोप है कि उनका भुगतान उनके खातों में न जाकर अन्य खातों में स्थानांतरित हो रहा है, जो उनके अधिकारों के खिलाफ है।

**बिचौलियों की सक्रियता से बढ़ी परेशानीः** किसानों ने केंद्र परिसर में बिचौलियों की सक्रियता पर भी चिंता जताई। आरोप है कि बिचौलिये किसानों से अवैध धन की मांग कर तौल जल्दी कराने का प्रलोभन दे रहे हैं। इससे पूरी प्रक्रिया संदिग्ध और भ्रष्टाचारपूर्ण हो गई है।

**जांच कर कार्रवाई की मांगः** यूनियन ने ज्ञापन में क्रय केंद्र पर अवैध वसूली और भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषी पाए जाने पर केंद्र प्रभारी के खिलाफ विधिक कार्रवाई और केंद्र को तत्काल प्रभाव से बंद करने की भी मांग की गई है। किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान यूनियन के पदाधिकारी धर्मेंद्र मलिक, हरिनाम सिंह वर्मा, एडवोकेट सर्वजीत सिंह सैनी सहित कई किसान मौजूद रहे।

### अंबिका देवी स्कूल के छात्रों का परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के पवारी कलां स्थित अंबिका देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल (कक्षा 10) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा शिल्पा सिंह ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं यश मिश्रा ने 89.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा साहिल्या ने 88.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रबंधक ज्ञानेंद्र सिंह, सचिव अंजलि सिंह प्रधानाचार्य सुधाकर पांडेय ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## पलिया नगर पालिका में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण सम्पन्न

**पलिया कलां खीरी।** शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद पलिया कलां में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम बुधवार को पालिका प्रांगण में गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता ने की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार ने नामित सभासद उदयवीर सिंह, घनश्याम श्रीवास्तव, दौलतराम गौतम, कुसुम राय एवं अर्चना अवस्थी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत अधिशासी अधिकारी विजय बहादुर यादव ने सभी नव-नामित सभासदों का माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए स्वागत एवं अभिनंदन किया।अपने संबोधन में उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार ने सभी सभासदों को जनहित में उत्कृष्ट कार्य करने की शुभकामनाएं देते



हुए नगर विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सभासदों ने भी नव-नामित सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम आनंद, पूर्व सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष आर.डी. राय, नगर महामंत्री विजय गुप्ता, वरुण मिश्रा सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा पालिका के निर्वाचित सभासद, ज्योति मिश्रा (लिपिक),विजेन्द्र कुमार (लिपिक) सहित समस्त पालिका स्टाफ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट घोषित, सेंट जॉन्स स्कूल गोला के छात्रों का शानदार प्रदर्शन






**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10 का परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल छा गया। सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोला (खीरी) के छात्रों ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणाम आते ही स्कूल परिसर और छात्रों के घरों में उत्साह देखने को मिला, अभिभावकों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की।

इस बार विद्यालय की छात्रा शुभिता पेरिवाल ने 463 अंक प्राप्त कर 92.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं स्राजल कटियार और अनमोल गुप्ता ने 462-462 अंक (92.4 प्रतिशत) पाकर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। दक्षवीर सिंह 461 अंक (92.2 प्रतिशत) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अर्पिता सिंह ने 451 अंक (90.2 प्रतिशत) और अभय वर्मा ने 450 अंक (90 प्रतिशत) हासिल कर 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वालों में अपना स्थान बनाया। इसके अलावा अंश कुमार वर्मा (89.6 प्रतिशत), अक्षत स्वर्णकार (88.8 प्रतिशत), विराट श्रीवास्तव (88 प्रतिशत) और परिधि गुप्ता (87.8 प्रतिशत) ने भी बेहतर अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप तिर्की ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय आगे भी इसी तरह शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करता रहेगा।

## किसान दिवस पर डीएम ने सुनीं समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**

विकास भवन सभागार किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, की अध्यक्षता में किया गया। सर्व प्रथम उप कृषि निदेशक द्वारा गत किसान दिवस बैठक की आख्या से उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया। तदुपरान्त विकास खण्ड सदर के किसान श्यामलाल मौर्य द्वारा अवगत कराया गया कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के सामनें गड्ढा व गंदा नाला बहता है, पंचतला होटल से शेरनाथ मंदिर तक सड़क क्षतिग्रस्त है, और गड्ढा बना रहता है। दौलत सिंह, द्वारा अवगत कराया गया है कि चुनार तहसील के अन्तर्गत आनें वाले गांवों यथा, नियामतपुर कला, दर्रा, बघेड़ा, बघेड़ी, शेरपुर, बहादुरपुर, हथेडा मौजों में स्थित नालों पर अतिक्रमण हो जानें के कारण खरीफमें धान की फसल क्षतिग्रस्त हो गयी है, यदि वर्षा के पूर्व इन गावों के नाले की खुदायी नहीं करायी गयी तो, आगामी वर्षा सीजन में फसल क्षतिग्रस्त हो सकती है। ओमप्रकाश सिंह, तहसील उपाध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन, (टिकैत) लालगंज द्वारा गेहूँ की खरीदारी सुचारू रूप से चालू करानें हेतु सभी क्रय केन्द्र को निर्देशित करनें हेतु अनुरोध किया गया है। उपासना सिंह, ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बबुरा रघुनाथ सिंह, विकास खण्ड हलिया द्वारा ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन गौशाला का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करानें हेतु अनुरोध किया गया, जिससे मवेशियों को आश्रय प्राप्त हो सके, तथा छुट्टा पशुओं से फसलों को बचाया जा सके।संतोष दूबे, विकास खण्ड लालगंज द्वारा बाणसागर खण्ड-5 द्वारा निर्मित नहर अदवा बैराज से मेजा डैम को जोड़नें वाली बड़ी नहर जिसकी लम्बाई लगभग 10 किमी0 है। जनहित में ध्यान में रखते हुए नहर की पटरी को पक्की सड़क बनवाया जाए। धर्मदेव उपाध्याय, अध्याक्ष, भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) द्वारा विकास खण्ड पहाड़ी स्थित ददरी खुर्द पावर प्लांट अडानी ग्रुप द्वारा पुलिस प्रशासन के मदद से स्थानिय किसानों को धौस दिखाकर वहां के ग्रामीण कृषकों के पट्टे की जमीन को बेलप्सन कम्पनी द्वारा उनकी जमीन को अधिग्रहण कर उनके जीवकोपार्जन के आधार को समाप्त कर दिया। अनिल कुमार सिंह, मण्डल अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन, द्वारा तहसील चुनार में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना हेतु अनुरोध किया गया है। अरूण कुमार सिंह, युवा जिलाध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन, द्वारा विगत 30 वर्षो से अधूरी पड़ी रामपुर कामता माइनर को पूर्ण करानें कलवारी सम्पर्क मार्ग से निकली रामपुर कामता सम्पर्क मार्ग में क्षतिग्रस्त पुलिया के मरम्मत एवं रामपुर कामता प्रसाद के खेल-कूद मैदान का सुन्दरीकण व बाउड्रीवाल करानें की मांग किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न विकास खंडों व तहसीलों से आए कृषकों की समस्याओं को सुनते हुए उनके तुरंत समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषक हमारे अन्नदाता है अतएव सभी अधिकारी उनकी शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें।

### क्रिकेट प्रतियोगिता फाइनल मैच में लालगंज ने हलिया को दस रनों से हराया



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया कस्बा स्थित खान बिल्डिंग मैटेरियल के सामने स्थित मैदान में चल रहे हलिया प्रीमियर लीग 2026 अंडर आर्म नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मंगलवार की रात्रि में लखन 11 लालगंज व सोकीम 11 हलिया के बीच खेला गया जिसमें लखन 11 लालगंज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवर में 88 रन बनाकर 89 रनों का लक्ष्य सोकीम 11 हलिया की टीम को दिया रनों का पीछा कर रही सोकीम 11 हलिया की टीम निर्धारित दस ओवर में 78 रन बनाकर आल आउट हो गई लखन 11 लालगंज की टीम ने सोकीम 11 हलिया की टीम को दस रनों से हराकर फाइनल मैच के ट्राफी व इनाम पर कब्जा किया है फाइनल मैच के मुख्य अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने फाइनल मैच के विजेता टीम के कैप्टन को ग्यारह हजार रूपये नगद पुरुस्कार व ट्राफी देकर सम्मानित किया है उपविजेता टीम को 51 सौ रूपये व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया है जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी मनीष पाल ने कमेटी को टी शर्ट सौंपा है अपना दल एस के जिला सचिव विकास सोनकर ने मैन आफद मैच पुरस्कार के लिए रेंजर साइकिल दिया है मैन आफद मैच का पुरस्कार आदिल खान को दिया गया है इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष सोकीम खान, जिलानी खान, कासिम खान, गोविन्द गुप्ता, अकील खान, आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा व भटवारी गांव में बुधवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे,कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य व महिला आरक्षी पूजा चौहान द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया । इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।



## महिला सशक्तीकरण की दिशा का ऐतिहासिक कदमः विधायक

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

शासन की महत्वपूर्ण योजना नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत विश्वविद्यालय के निर्देश पर पंचशील डिग्री कॉलेज, मवई कला के सभागार में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण का विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य बिंदु अध्यक्षता व मुख्य अतिथि छानबे विधानसभा क्षेत्र की विधायक रिंकी कोल ने किया ।छानबे विधायक ही कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं।गोष्ठी का उद्देश्य विश्वविद्यालय द्वारा सभी महाविद्यालयों को विस्तृत कार्य योजना बनाकर नारी शक्ति वंदन अधिनियमश् की विशेषताओं से




छात्राओं को अवगत कराने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में छात्राओं को लेकर यह विचार गोष्ठी आयोजित हुई। उपस्थित प्राध्यापक व प्रबंधन प्राचार्य डॉ. राघवेंद्र कुमार श्रीवास्तव प्रवक्तागण चंद्र प्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह पटेल, सुशील कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार मौर्य, प्रदीप कुमार मौर्य, आलोक मौर्य प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य व छात्राओं की भागीदारी पंचशील महाविद्यालय की लगभग 27 छात्राओं ने गोष्ठी में हिस्सा लिया और अधिनियम के प्रावधानों, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा व अधिकारों पर चर्चा की।मुख्य अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर समाज निर्माण में आगे आना चाहिए। प्राचार्य ने भी छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा-विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला कानून है, जिसे संसद ने सितंबर 2023 में पारित किया था।